www.mpinfo.org/rojgar | www.mpmadhyam.in

डाक पंजीयन क्र. ई-2/भो.स./186/2018-2020
लाइसेंस क्र. टेक/WPP/21-1/2018-20
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या 38506/84

वर्ष-37, अंक-09, मूल्य ₹10.00

रोज़गार और निर्माण

http://www.rojgaraurnirman.in

प्रति सोमवार को प्रकाशित, भोपाल, 02.03.2020 से 08.03.2020

सीआईआई का वार्षिक अधिवेशन

कमजोर वर्ग के उत्थान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं औद्योगिक समूह

इंडस्ट्री प्रेरक की भूमिका निभाए सीआईआई - मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री श्री कमल नाथ इन्दौर में सीआईआई के 125वें वार्षिक अधिवेशन को संबोधित करते हुये।

इन्दौर, समाज और देश में हर स्तर पर समानता लाने के लिए औद्योगिक समूहों को कमजोर वर्ग के उत्थान में महत्वपूर्ण भूमिका निभानी होगी। इससे उद्योगों के साथ-साथ देश के विकास में भी तेजी आएगी। देश-दुनिया में निरंतर परिवर्तन हो रहा है। जरूरतों के साथ लोगों की अपेक्षाएं भी बढ़ रही हैं। सीआईआई बदलती हुई दुनिया के साथ इंडस्ट्री प्रेरक होने की भूमिका निभाए। इस दिशा में काम करना चाहिए। ये बातें मुख्यमंत्री श्री कमल नाथ ने इन्दौर में कॉन्फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री (सीआईआई) के 125वें वार्षिक अधिवेशन में 'बिजनेस एण्ड बियॉन्ड' विषय पर संबोधित करते हुये कहीं।

मुख्यमंत्री श्री कमल नाथ ने कहा कि आज संपन्नता के अस्तित्व के लिए प्रयास करने की बजाए हमें समाज के गरीब, पिछड़े लोगों को हर स्तर पर आगे लाने की आवश्यकता है। इससे देश और समाज स्वतः शक्तिशाली बन जाएगा। उन्होंने कहा कि शासन-प्रशासन में सुधार लाने के साथ-साथ व्यवहार में भी सुधार लाने की जरूरत है। मध्यप्रदेश के औद्योगिक विकास के लिए यह जरूरी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उद्योग-व्यवसाय से जुड़े और स्टार्टअप उद्यमी अपनी कार्य-प्रणाली को आदर्श बनाएं, जिससे मध्यप्रदेश की देश और दुनिया में एक आदर्श औद्योगिक क्षेत्र की छवि स्थापित हो सके।

नई तकनीक को अपनाने के लिए नई रणनीति की जरूरत

मुख्यमंत्री ने कहा कि तकनीक के क्षेत्र में तेजी से बदलाव आ रहे हैं। रोबोटिक्स और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस ने मनुष्य का स्थान ले लिया है। इसे दृष्टिगत रखते हुए औद्योगिक इकाइयों को अपने काम करने की नई रणनीति बनानी होगी।

उद्यानिकी राजधानी बनने से लाभांवित होंगे किसान और उद्योग

मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश उद्यानिकी के क्षेत्र में देश का दूसरा राज्य है। हमारे यहां उद्यानिकी में व्यापक संभावनाएं हैं। थोड़े से प्रयासों से हम मध्यप्रदेश को देश की उद्यानिकी राजधानी बना सकते हैं। इसके लिए बड़े पैमाने पर निवेशक प्रोसेसिंग इकाइयों की स्थापना करें, जिससे हम बाजार में बेहतर उत्पाद उपलब्ध करवा सकें। इससे किसानों और औद्योगिक इकाइयों दोनों को लाभ मिलेगा।

लॉजिस्टिक हब की सारी विशेषताएं प्रदेश में हैं मौजूद

मुख्यमंत्री ने कहा कि लॉजिस्टिक हब बनाने की सारी विशेषताएं मध्यप्रदेश में मौजूद हैं। हम प्रदेश को ड्रायपोर्ट के रूप में विकसित कर सकते हैं। वायु सेवाओं का विस्तार करके उद्योग की जरूरतों को पूरा कर सकते हैं। इस दिशा में राज्य सरकार सुनियोजित प्रयास कर रही है। सीआईआई मध्यप्रदेश भी इसके लिए एक प्रस्ताव तैयार करे। सरकार उसके आधार पर आवश्यक निर्णय लेगी।

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर उद्योग क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को प्रोत्साहित करने के लिए सीआईआई अवॉर्ड से सम्मनित किया। सीआईआई के चेयरमैन प्रवीण अग्रवाल एवं सुनील माथुर ने भी अधिवेशन को संबोधित किया।

चिकित्सा का लाभ लोगों तक पहुंचाना सर्वोच्च प्राथमिकता : मुख्यमंत्री

राज्य शासन और सर दोराबजी टाटा ट्रस्ट के बीच हुआ एमओयू

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री कमल नाथ के समक्ष प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए मंत्रालय में राज्य सरकार और सर दोराबजी टाटा ट्रस्ट के मध्य एमओयू पर हस्ताक्षर हुए। इस एमओयू के तहत मध्यप्रदेश आरोग्यम् हेल्थ एवं वैलनेस सेंटर्स के माध्यम से प्रदेश की प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाया जाएगा।

एमओयू पर राज्य शासन की ओर से मुख्य सचिव श्री एस.आर. मोहंती और दोराबजी टाटा ट्रस्ट की ओर से ट्रस्ट के वाइस प्रेसिडेंट तथा मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्य सचिव श्री विजय सिंह ने हस्ताक्षर किये।

श्री कमल नाथ ने कहा कि शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराना राज्य शासन का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि पिछले एक वर्ष से इस दिशा में निरंतर प्रयास किये जा रहे हैं। श्री कमल नाथ ने कहा कि अत्याधुनिक चिकित्सा का लाभ लोगों तक पहुंचाना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं की सुनिश्चित डिलेवरी के लिए एक मजबूत निगरानी तंत्र और नई सोच के साथ काम करने की जरूरत है।

23 जिलों में 115 हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर्स

इस एमओयू के मुताबिक स्वास्थ्य विभाग एवं सर दोराबजी टाटा ट्रस्ट प्रदेश के 23 उच्च प्राथमिकता वाले जिलों में प्रारंभिक तौर पर प्रत्येक जिले में 5 अर्थात कुल 115 चिन्हित हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर्स के क्षेत्र में तकनीकी एवं प्रबंधकीय सहयोग से कार्य करेंगे। चौथे वर्ष में टाटा ट्रस्ट 500 हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर्स के क्षेत्र में सहयोग का विस्तार करेगा। इनमें से प्रत्येक जिले के एक शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के अंतर्गत नागरिकों का इलेक्ट्रॉनिक रिकॉर्ड संधारित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, उच्च जोखिमयुक्त गर्भवती महिलाओं, डायबिटीज, हाईपरटेंशन तथा कैंसर के जटिल मामलों का रेफरल और आवश्यक फॉलो-अप से संबंधित कार्यों में भी टाटा ट्रस्ट सहयोग प्रदान करेगा। विशेषज्ञों की तकनीकी समिति इस योजना का क्रियान्वयन करेगी।

स्वास्थ्य कर्मियों का दक्षता संवर्धन

जिला एम. एंड ई. अधिकारियों, विकासखंड स्तरीय कार्यक्रम प्रबंधकों एवं स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं का दक्षता संवर्धन भी ट्रस्ट के द्वारा किया जाएगा। प्रशिक्षणों के लिए आवश्यकता अनुसार सामग्री चिकित्सा महाविद्यालयों तथा अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान भोपाल के सहयोग से उपलब्ध होगी।

गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं

उच्च प्राथमिकता वाले 23 जिलों में जन-समुदाय में स्वास्थ्य परामर्श संबंधी व्यवहार विकसित करने एवं स्वास्थ्य सेवाओं की प्रदायगी में गुणवत्तापूर्ण सुधार में भी टाटा ट्रस्ट सहयोग देगा।

प्रदेश में बिगड़े वनों को हरा-भरा बनाना सबसे बड़ी चुनौती

भोपाल, वन सम्पदा, मध्यप्रदेश की सबसे बड़ी सम्पदा है। मध्यप्रदेश को अपनी वन सम्पदा पर गर्व है। इसे संरक्षित और सुरक्षित रखने की जिम्मेदारी वनों से जुड़े लोगों और वन विभाग के प्रत्येक सदस्य की है। वन से जुड़े लोगों और राज्य के हित के बीच तनाव और टकराहट से बचते हुए वन संरक्षण को आगे जारी रखना होगा। ये बातें मुख्यमंत्री श्री कमल नाथ ने भोपाल स्थित आरसीवीपी नरोन्हा प्रशासन अकादमी में वानिकी सम्मेलन को संबोधित करते हुये कहीं।

श्री कमल नाथ ने कहा कि बिगड़े वनों को हरा-भरा बनाना, आज सबसे बड़ी चुनौती है। उन्होंने कहा कि वनों का भारतीय संस्कृति से गहरा जुड़ाव है। वनों से सभी प्राणियों का भविष्य जुड़ा है। इसलिये वनों को संरक्षित और सुरक्षित रखते हुए इनका बेहतर उपयोग सुनिश्चित करने की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वन अधिकारियों और कर्मचारियों के सहयोग से ही वन संरक्षण संभव है।

चरणबद्ध तरीके से लागू होगा एनसीईआरटी पाठ्यक्रम

नरसिंहपुर, शासकीय स्कूलों में एनसीईआरटी पाठ्यक्रम को चरणबद्ध तरीके से लागू किया जायेगा। प्रदेश में कक्षा 5वीं एवं कक्षा 8वीं की परीक्षाएं बोर्ड की तर्ज पर शुरू कर दी गई हैं। कॉपी-चेकिंग, निरंतर निरीक्षण, अभिभावक संवाद जैसे नवाचारों से स्कूली शिक्षा में काफी अच्छे परिणाम मिल रहे हैं। ये बातें स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी ने नरसिंहपुर जिले के ग्राम बनवारी में एक करोड़ 75 लाख रुपये की लागत से नव-निर्मित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का लोकार्पण कर विद्यार्थियों को संबोधित करते हुये कहीं।

डॉ. चौधरी ने कहा कि अच्छी शिक्षा व्यवस्था से ही नई पीढ़ी और प्रदेश का विकास सुनिश्चित होगा। इसलिये शिक्षकों को प्रशिक्षित किया जा रहा है और उन्हें विभिन्न सुविधाएं भी प्रदान की जा रही हैं।

मध्यप्रदेश बनेगा देश का हार्टिकल्चर कैपिटल - मुख्यमंत्री

भोपाल, राज्य सरकार ने मध्यप्रदेश को देश का हार्टिकल्चर कैपिटल बनाने का संकल्प लिया है। उद्यानिकी किसानों की समृद्धि के द्वार खोलने वाला क्षेत्र है। यही कृषि का भविष्य भी है। नाबार्ड को हार्टिकल्चर के क्षेत्र में ऋण देने का अनुमान 6 प्रतिशत से बढ़ाकर कम से कम 15 प्रतिशत रखना चाहिए। मध्यप्रदेश में बड़ी मात्रा में अनुपयोगी पड़ी राजस्व भूमि का उपयोग उद्यानिकी क्षेत्र के विस्तार में किया जा सकता है। ये बातें मुख्यमंत्री श्री कमल नाथ ने भोपाल स्थित मंत्रालय में नाबार्ड द्वारा आयोजित राज्य ऋण संगोष्ठी 2020-21 में स्टेट फोकस पेपर का विमोचन करते हुये कहीं। नाबार्ड ने प्रदेश के लिये 1 लाख 98 हजार 786 करोड़ रुपये के ऋण का आकलन किया है। यह पिछले वर्ष की तुलना में 13 प्रतिशत ज्यादा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अब कृषि क्षेत्र में भी नई दृष्टि और नई सोच के साथ काम करने की आवश्यकता है। पूरा दृश्य बदल रहा है। पहले छोटे दानों जैसे कोदो-कुटकी, ज्वार-बाजरा पर ज्यादा ध्यान नहीं दिया जाता था। आज इन फसलों की प्राथमिकता है। पहले यह गरीबों की खाद्य सामग्री मानी जाती थी। अब ये फसलें पोषक तत्वों के कारण सर्वाधिक उपयोगी साबित हो रही हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि नाबार्ड के पास वर्षों का संचित अनुभव और बौद्धिक क्षमता है। इसका उपयोग भविष्य में निर्मित होने वाले परिदृश्य में ज्यादा कारगर होगा। उन्होंने कहा कि नाबार्ड को न सिर्फ वर्तमान बल्कि 2024-25 की योजना भी अभी से तैयार करनी पड़ेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज जो स्थितियां हैं, वो पांच साल बाद बदल जाएंगी। तय किए गए लक्ष्य आसानी से पूरे हो जाएंगे, लेकिन भविष्य की दृष्टि से नए लक्ष्यों की चुनौती को भी स्वीकार करना होगा। उन्होंने कहा कि नाबार्ड ने मध्यप्रदेश और देश के कृषि अधोसंरचना निर्माण में अभूतपूर्व योगदान दिया है। नाबार्ड ने जो ज्ञान अर्जित किया है, उसका उपयोग हमें भविष्य में अपनी सोच को विस्तार देने में करना होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश के लिए जो प्लान बनाये हैं, वे देश के लिए भी उपयोगी होंगे।

कृषि को बनाना होगा आधुनिक

मुख्यमंत्री ने कहा कि सबसे बड़ी चुनौती युवाओं की बेरोज़गारी है, क्योंकि वे शहरों और गांवों के बीच भटक रहे हैं। उन्होंने कहा कि युवाओं को नई तकनीकी कौशल से जोड़ना होगा। प्रदेश की कृषि को आधुनिक बनाना होगा।

कृषि क्षेत्र के उभरते बाजार पर पैनी नजर

मुख्यमंत्री ने कहा कि नाबार्ड को अब फसलों के निर्यात पर भी ध्यान देना होगा। कृषि क्षेत्र के भीतर उभरते बाजार पर भी पैनी नजर रखनी होगी। उन्होंने कहा कि नाबार्ड अपनी विशेषता को सामान्य रूप से किए जाने वाले कार्यों में उपयोग न करें बल्कि खेती की नई तकनीकों पर ध्यान दे। वेयर हाउस निर्माण और उपार्जन की अधोसंचानाओं के निर्माण पर भी ध्यान दे। इसके अलावा, यह भी विचार करे कि कौन सी उपयोगी अधोसंरचनाएं बन सकती हैं और बनना चाहिए।

नाबार्ड ने मध्यप्रदेश में वर्ष 2020-21 के लिए 1 लाख 98 हजार 786 करोड़ रुपये की ऋण की संभावना का आकलन किया है। यह पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 13 प्रतिशत ज्यादा है। पिछले साल यह राशि 1 लाख 74 हजार 970 करोड़ रुपये थी। इस ऋण अनुमान में फसलीय ऋण पर 1 लाख 3 हजार 5 करोड़ रुपये और टर्म लोन पर 44 हजार 982 करोड़ रुपये ऋण का अनुमान है।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

22 फरवरी

कनाडा में तेजी से बढ़ रही है स्थायी भारतीयों की संख्या

•कनाडा में स्थायी तौर पर बसने वाले भारतीयों की संख्या में तेजी से इजाफा हो रहा है। वर्जीनिया स्थित नेशनल फाउंडेशन फॉर अमेरिकन पॉलिसी के अनुसार, पिछले तीन वर्षों के दौरान कनाडा में भारतीयों की संख्या में 105 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। वर्ष 2016 में कनाडा में स्थायी तौर पर बसने वाले भारतीयों की संख्या 39 हजार 340 थी, जो वर्ष 2019 में बढ़कर 80 हजार 685 तक पहुंच गई है।

•ऑस्ट्रेलिया के उत्तरी मेलबर्न में एक ट्रेन पटरी से उतर गई। इस हादसे में ट्रेन के ड्राइवर सहित 3 लोगों की मौत हो गई, वहीं कई लोग घायल हो गये हैं। हादसे की वजह रेलवे ट्रैक को गलत तरीके से बदला जाना बताया जा रहा है। यह ट्रेन सिडनी से मेलबर्न जा रही थी। इस ट्रेन में 153 यात्री सवार थे।

23 फरवरी

असांजे के प्रत्यर्पण के खिलाफ ब्रिटेन में हुये विरोध प्रदर्शन

•विकिलीक्स के संस्थापक जुलियन असांजे के अमेरिका को प्रत्यर्पण के खिलाफ ब्रिटेन में विरोध प्रदर्शन तेज हो गये हैं। ब्रिटेन में असांजे के समर्थक और सेलेब्रिटीज ने लंदन के पार्लियामेंट चौराहे पर प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन में फैशन डिजाइनर विविएन वेस्टवुड और ग्रीक के पूर्व वित्त मंत्री यानिस वरोफकिस भी शामिल हुये। उल्लेखनीय है कि असांजे पर अमेरिका में 18 आपराधिक मामले दर्ज हैं।

•तुर्की के उत्तर-पूर्वी इलाके वान में तेज भूकंप के झटके महसूस किये गये। भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 5.7 मापी गई है। भूकंप से सबसे ज्यादा नुकसान ईरान से सटी सीमा पर स्थित वास्केल में हुआ है। वास्केल में भूकंप के कारण कई इमारतें ढह गईं, जिसके कारण 8 लोगों की मौत हो गई।

24 फरवरी

लग्जमबर्ग पब्लिक ट्रांसपोर्ट फ्री करने वाला विश्व का पहला देश बनेगा

•यूरोप का सातवां सबसे छोटा देश लग्जमबर्ग एक मार्च से सभी नागरिकों के लिये सार्वजनिक परिवहन फ्री करने जा रहा है। ऐसा करने वाला लग्जमबर्ग विश्व का पहला देश होगा। अब लग्जमबर्ग में सभी नागरिक ट्रेन, बस और ट्राम में बिना पैसा दिये सफर कर सकेंगे। यह सुविधा लग्जमबर्ग के नागरिकों के साथ-साथ पर्यटकों को भी मिलेगी।

•इराक की राजधानी बगदाद में पुलिस फायरिंग में एक प्रदर्शनकारी की मौत हो गई है, वहीं छह लोग घायल भी हुये हैं। स्थानीय अधिकारियों के अनुसार पुलिस ने प्रदर्शन के कारण बंद सिनाक पुल को खोल दिया था। प्रदर्शनकारियों ने इसका विरोध करते हुये पुलिसकर्मियों पर पथराव किया।

25 फरवरी

एक मार्च से सभी लॉटरियों पर लगेगा 28 प्रतिशत जीएसटी

•एक मार्च से सभी प्रकार की लॉटरियों पर 28 प्रतिशत की दर से वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) लगेगा। इस संबंध में राजस्व विभाग ने एक नोटिफिकेशन जारी किया है। अभी लॉटरी पर 12 से 28 प्रतिशत की दर से जीएसटी लगता है। जीएसटी परिषद् ने दिसंबर 2019 में राज्य सरकारों द्वारा चलाए जा रहे मान्यता प्राप्त लॉटरी पर 28 प्रतिशत की एक समान दर से जीएसटी लगाने का निर्णय लिया था।

•देश की प्रमुख गैस कंपनी गेल इंडिया लिमिटेड अगले 5 वर्षों के दौरान गैस आधारित ढांचागत सुविधाओं के लिये 1.05 लाख करोड़ रुपये का निवेश करेगी। गेल के प्रबंध निदेशक मनोज जैन ने बताया कि इस राशि से पाइप लाइन विस्तार, शहरी गैस वितरण नेटवर्क और पेट्रो रसायन उत्पादन क्षमता बढ़ाने के कार्य किये जायेंगे।

26 फरवरी

रेलवे ने दिव्यांगों के लिये शुरू की ऑनलाइन सुविधा

•भारतीय रेलवे के दिल्ली मंडल ने दिव्यांग यात्रियों के लिये ऑनलाइन पोर्टल पर ई-टिकटिंग और आईडी स्मार्ट कार्ड जारी करने के लिये डॉक्यूमेंट अपलोड करने की सुविधा शुरू की है। इस पोर्टल से उन दिव्यांगों को आसानी होगी, जो सार्वजनिक स्थानों तक पहुंचने में परेशान होते हैं। इस पोर्टल में आवेदन जमा करने के साथ ही यात्री ऑनलाइन एप्लीकेशन का स्टेटस भी चेक कर सकेंगे। इस पोर्टल पर तत्काल आवेदन भी हो सकेगा। अब तक इन सुविधाओं के लिये दिव्यांग यात्रियों को मंडल कार्यालय जाना पड़ता था।

•फिलीस्तीन और इजराइल के बीच संघर्ष विराम के बाद हमले फिर शुरू हो गये हैं। फिलीस्तीनी इस्लामिक जिहादी गुट ने 3 घंटे के भीतर इजराइल पर 70 रॉकेट दागे हैं। इस हमले के बाद इजराइली सेना ने भी पलटवार करते हुये गाजा में रॉकेट दागे। इस हमले में 6 लोगों की मौत हो गई है, जबकि कई लोग घायल हुये हैं।

27 फरवरी

जीएसटी हेल्पडेस्क के लिये नया टोल फ्री नंबर प्रारंभ

•गुड्स एवं सर्विसेज टैक्स नेटवर्क (जीएसटीएन) ने जीएसटी हेल्पडेस्क के लिये नया हेल्पलाइन नंबर 18001034786 शुरू किया है। यह नंबर टोल फ्री है। इस हेल्पलाइन नंबर पर प्रतिदिन सुबह 9 से रात 9 बजे तक कॉल करके जीएसटी से संबंधित समस्याएं और सुझाव दिये जा सकेंगे। यह हेल्पलाइन नंबर 12 भाषाओं- हिंदी, अंग्रेजी, बंगाली, मराठी, तेलुगू, तमिल, गुजराती, कन्नड़, उड़िया, मलयालम, पंजाबी और असमी में उपलब्ध है।

•जापान की मध्य रेलवे कंपनी ने नई सुप्रीम ट्रेन एन-700 एस शिंकानसेन बनाई है। इस ट्रेन का अनावरण टोयोकावा शहर में किया गया। यह हाईस्पीड ट्रेन है और बुलेट ट्रेन की तुलना में इसकी गति तेज है। यह ट्रेन हवा के प्रतिरोध और शोर को कम करने वाली आधुनिक तकनीकों से लेस है। यह ट्रेन जुलाई 2020 से ट्रैक पर उतरेगी और टोक्यो से ओसाका के बीच चलेगी।

28 फरवरी

गूगल ट्रांसलेट में उड़िया सहित पांच नई भाषाएं शामिल

•विश्व की अग्रणी टेक कंपनी गूगल ने अपनी ट्रांसलेशन सेवा में पांच नई भाषाएं जोड़ने की घोषणा की है। इनमें भारत की उड़िया भाषा भी शामिल है। उड़िया के अलावा किन्यारवांडा (रवांडा), तातार (रूस-यूक्रेन), तुर्कमेन (तुर्कमेनिस्तान) और उइगुर (चीन) शामिल है। गूगल के अनुसार इन पांचों भाषाओं को विश्वभर में 7.5 करोड़ से अधिक लोग बोलते हैं। इन पांच भाषाओं के जुड़ने के बाद अब गूगल ट्रांसलेट में कुल 108 भाषाएं हो गई हैं।

•सीरिया में रूस समर्थित सेना और तुर्की समर्थित विद्रोहियों के बीच संघर्ष तेज हो गया है। इदलिब प्रांत में सीरियाई सेना के हवाई हमले में तुर्की के 33 सैनिकों की मौत हो गई है।

Idyllic Institute of Management
A Minority Educational Institute
(Affiliated to DAVV & Recognized by Higher Education M.P.)
A Premier Institute of Central India for Commerce & Management studies requires highly qualified Academicians as per DAVV College Code 28, UGC and AICTE Norms
Director/Principal/Professors/Asso. Professors/Asst. Professors
for MBA, BBA, B.Com. (Plain,Hons.,Tax Procedure,Computer Application, Advertising & P.R.), B.A. (History, Economics, Sociology, Political Science), B.SC. (Maths, Physics, Chemistry, Computer Science), Hindi, English. Librarian/ Sports Officer
Salary is no bar for deserving candidates
CV with attested copies of testimonials and photograph should reach within 7 days to : HR IES, Gendalal Bam Parisar, Opp. IIM, Rau-Pithampur Road, Rau, Indore
or mail to : hriconeducationsociety@gmail.com • Call : 8889733305, 9893332649
PANKAJ
R-43707/2020

नये बैच में प्रवेश प्रारंभ
पटवारी
भर्ती परीक्षा 2020
सम्भावित तिथि – मार्च अप्रैल 2020
पत्राचार पाठ्यक्रम उपलब्ध
कौटिल्य एकेडमी
भँवरकुंआ चौराहा, इन्दौर
9827368224
0731-4226615
इन्दौर- राजवाड़ा,ऐश कॉम्प्लेक्स, स्टूडी कोठी, विजय नगर, कालानी नगर, मौरा भवन
R-43708/2020

प्रयासKSG
An institute for MPPSC Examination
UPSC में 2000 से अधिक सलेक्शन देने के बाद MPPSCको समर्पित KSG का प्रतिबद्ध संस्थान- प्रयासKSG
Build Your Own Success Story
Our Proud Achievers
MPPSC
2nd Rank Rachna Sharma
8th Rank Gagan Bisen
15th Rank Tanmay
तैयारी जीत की
MPPSC 2020
PRE+MAINS
WITH STUDY MATERIAL
New Batch Starting from 1st MARCH 2020
Both English and Hindi Medium
दिल्ली एवं म.प्र. के अनुभवी शिक्षकों द्वारा मार्गदर्शन
Shriram
Plot No. 43, S-1 & S-3, 2nd Floor, R.R. Arcade, Zone-II, M.P. Nagar, Bhopal
7223901339, 0755-4940022
R-43709/2020

सत्याधी® SHARMA CLASSES
ISO 9001 : 2015 CERTIFIED आपकी सफलता ही हमारा लक्ष्य
शिक्षक पात्रता परीक्षा
CRASH COURSE वर्ग 3
नवीन बैच प्रारंभ
159, Sajan Nagar, Nemawar Road, Navlakha, Indore.
99771-27772 | 99771-27775
GANGA
R-43706/2020

आजाद पी 3 एकेडमी
सपनों की उड़ान आप भरें, उसे साकार हम करें।
UPSC | MPPSC | MPSI | PATWARI | SAMVIDA 1,2,3
प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्कृष्ट सेवा हेतु सम्मानित
MPPSC
English PRE + MAINS
Medium New Batch : 17 March'20
SSC | BANK NEW BATCH Coming Soon
हेड ऑफिस : वेदा बिल्डिंग, 216 द्वितीय मंजिल, एप्पल हॉस्पिटल के पास, भंवरकुंआ, इंदौर
6-A इंदपुरी कॉलोनी, भंवरकुआं इंदौर
0731-4966653 / 54, 97559-16644, 70244-86260, 91092-57973
GANGA
R-43705/2020

RECRUITMENT
• Approved by AICTE, New Delhi • Recognised by DTE, M.P.
• Approved by High. Edu., Bhopal • Affiliated to DAVV, Indore
Applications are invited for following faculty position :
- MBA (FT)/ MBA-Hospital Administration (HA)
- BBA, BCA, B.Sc. (CS), B.Com. (Comp. App.)
(Economics/ Hindi/ English/ Physics/ Maths/ Commerce/ Management/ Statistics)
Director/ Professor/ Associate Prof./ Assistant Prof.
Qualification as per AICTE/UGC latest norms
Under College Code-28 for DAVV
Interested candidates can send their CV at the address below or email us at E-mail : hr@sait.ac.in within 7 days after the publication with all testimonials and 2 colour photographs.
Sri Aurobindo Institute of Technology
Sri Aurobindo Institute of Management & Science
SAIMS Campus, Indore-Ujjain State Highway, Indore-453555 (M.P.)
Chairman
MADHYA
R-43710/2020

रोज़गार और निर्माण वर्ष 37, अंक 09, 02.03.2020 से 08.03.2020

● प्रबंध संचालक - पी. नरहरि ● कार्यकारी सम्पादक - राजीव तिवारी ● सम्पादक - पुष्पेन्द्र पाल सिंह, राकेश गौतम ● उप सम्पादक - रंजना चितले ● उप महाप्रबंधक - अजीत रोमन (विज्ञापन और प्रसार)
● प्रबंधक - नरेन्द्र कुमार बनवट (प्रसार) ● प्रबंधक - वंदना चतुर्वेदी (विज्ञापन) ● आकल्पन - आशा रोमन, हेमंत वायंगणकर, सुशील लांडगे ● वेबसाइट - आत्माराम शर्मा

वार्षिक सदस्य बनने के लिये रुपये 500/- (पाँच सौ) का डी.डी., मनी ऑर्डर अथवा पोस्टल ऑर्डर सम्पादक, रोज़गार और निर्माण, भोपाल के नाम बनवाकर नीचे लिखे पते पर भेजें:-
रोज़गार और निर्माण, मध्यप्रदेश माध्यम, 40 प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) पिन-462011, फोन- 2760006, 2551330, 4281330, फैक्स - 4228409, e-mail : mpmdtp@yahoo.com

रोज़गार और निर्माण कार्यालय में नगद राशि जमा कर भी इसकी वार्षिक सदस्यता प्राप्त की जा सकती है। रोज़गार और निर्माण में प्रकाशित लेखों में व्यक्त विचार लेखकों के अपने हैं। जरूरी नहीं कि सम्पादक उससे सहमत हों। किसी भी प्रकार के विवाद के लिये न्यायालयीन अधिकार क्षेत्र भोपाल रहेगा। रोज़गार और निर्माण में निजी संस्थाओं के विज्ञापन भी प्रकाशित किये जाते हैं, इन विज्ञापनों में किए गए दावे और तथ्य निजी संस्थाओं के अपने होते हैं। इसका समाचार पत्र के प्रबंधन से कोई संबंध नहीं है।

सम्पादकीय

नमस्ते ओरछा महोत्सव

मध्यप्रदेश सरकार द्वारा सुप्रसिद्ध धार्मिक पर्यटन स्थल ओरछा में 'नमस्ते ओरछा महोत्सव' का आयोजन 6-8 मार्च तक किया जायेगा। महोत्सव के दौरान ओरछा आने वाले पर्यटकों की सुविधा के लिये मध्यप्रदेश टूरिज़्म बोर्ड द्वारा टूरिस्ट गाइड्स को विदेशी भाषाओं की ट्रेनिंग दी जा रही है। महोत्सव में ओरछा के प्राकृतिक सौंदर्य, पुरातात्विक एवं ऐतिहासिक महत्व, स्थानीय खान-पान और लोककलाओं को प्रोत्साहित किया जायेगा। ओरछा महोत्सव में होटल संचालक, रेस्टोरेंट संचालक और दुकानदारों को विदेशी पर्यटकों का स्वागत-सत्कार करने और इनके साथ व्यवहार के बारे में ट्रेनिंग दी जा रही है। इनको बताया गया है कि पर्यटकों से मधुर व्यवहार के साथ 'अतिथि देवो भवः' परंपरा निभाते हुये आदर-सत्कार कैसे किया जाये। महोत्सव के दौरान ओरछा में साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जायेगा। 'नमस्ते ओरछा' महोत्सव 6 मार्च को ओरछा में भगवान श्रीराम के अयोध्या से ओरछा आगमन की कथा से शुरू होगा। इस ऐतिहासिक गाथा को 3डी मैपिंग से जहाँगीर महल की दीवारों पर दिखाया जायेगा। इसके साथ ही शास्त्रीय संगीत की स्वर लहरियों के बीच यहां विदेशी संगीतज्ञों के साथ बुंदेली गायक सुर-ताल मिलाते दिखाई देंगे। पहले दिन के कार्यक्रम का समापन बुंदेली व्यंजनों के जायके से किया जायेगा। पूरी ओरछा नगरी को रामराजा मंदिर के रंग में रंगने की कवायद शुरू की गई है। ओरछा महोत्सव का ब्लू प्रिंट तैयार कर लिया गया है। देश-विदेश से आने वाले डेलीगेट्स को 3 दिन में यहां की संस्कृति, संगीत, पर्यावरण और भोजन जैसी चीज से रूबरू कराने की कोशिश की जा रही है। देश-विदेश से आने वाले हर क्षेत्र के डेलीगेट्स को ओरछा में इन्वेस्ट करने के लिये आमंत्रित किया जा सके, इस बात को ध्यान में रखकर पूरा कार्यक्रम तैयार किया गया है। महोत्सव की ओपनिंग सेरेमनी में संध्या ग्रुप का डांस, क्लिंटन का म्यूजिक शो, बुंदेली आर्टिस्ट निपन्या के साथ संतूर वादक का कार्यक्रम होगा। आयोजन के दूसरे दिन शाम को कंचना घाट पर बेतवा नदी की महाआरती होगी। यहां पर प्रख्यात शास्त्रीय संगीत गायिका शुभा मुद्गल का गायन होगा। इसके साथ ही क्लासिकल डांसर अदिति मंगलदास नृत्य की प्रस्तुति देंगी। इसके बाद कल्पवृक्ष के पास आयोजित म्यूजिक शो में इंडियन ओशन ग्रुप, मृगया और स्वनन किरकिरे के गायन के साथ ही फ्रेंच गायक मनु चाव एवं बुंदेली आर्टिस्ट कालूराम की जुगलबंदी का आनंद लोग उठा सकेंगे। कार्यक्रम में आने वाले देशी-विदेशी मेहमानों को यहां के प्राकृतिक वातावरण से रूबरू कराने के लिये नेचर वॉक, योग हेरिटेज साइकिलिंग एवं फोटोग्राफी जैसे कार्यक्रम रखे गये हैं। दूसरे दिन सुबह से सभी डेलीगेट्स को वन परिक्षेत्र एवं बेतवा नदी के बीच ले जाकर कार्यक्रम कराए जायेंगे। इसके साथ ही ओरछा की ऐतिहासिक एवं प्राकृतिक सुंदरता का आसमानी मंजर दिखाने के लिये हॉट एयर बैलून से पर्यटकों को भ्रमण कराया जायेगा। नमस्ते ओरछा महोत्सव में आने वाले डेलीगेट्स को हर जगह ले जाने के लिये प्रशासन द्वारा ई-रिक्शा की व्यवस्था की गई है। यहां का वातावरण किसी प्रकार से प्रदूषित न हो इसके लिये डीजल और पेट्रोल वाहनों का कम से कम उपयोग किया जायेगा। इसके लिये प्रशासन द्वारा बड़े पैमाने पर ई-रिक्शा की व्यवस्था की जा रही है। ऐतिहासिक एवं प्राकृतिक संसाधनों से लबरेज ओरछा को महोत्सव के लिये तैयार किये जा रहे संसाधनों का समुचित लाभ हो इसके लिये सरकार फिल्म, वेडिंग और टूरिज़्म सहित अन्य ऐसे ही उद्योगों से जुड़े डेलीगेट्स को भी आमंत्रित कर रही है। मध्यप्रदेश सरकार का 'नमस्ते ओरछा' महोत्सव एक बड़ा आयोजन है। इस आयोजन से देश-विदेश में मध्यप्रदेश के पर्यटन स्थलों से लोग परिचित होंगे। हमारे देश में पर्यटन रोज़गार का एक अच्छा जरिया है। प्रदेश में इस तरह के जितने ज्यादा आयोजन होंगे उतने ही ज्यादा रोज़गार के अवसर प्रदेश के युवाओं को उपलब्ध होंगे।

ब्रह्मांड को जानें

सूर्य

गतांक से आगे - सूर्य का चमकने वाला जो हिस्सा हम देखते हैं वह दीप्तिमान स्तर कहलाता है। इसके ऊपर वर्णमंडल है। इसे वर्णमंडल इसलिये कहते हैं, क्योंकि इसका वर्ण रक्तिम होता है। इस स्तर के पीछे है सूर्य का प्रभामंडलयुक्त किरीट जो ग्रहण के समय दिखाई देता है। प्रकाश-किरण संबंधी खोजों से पता चलता है कि वर्णमंडल और किरीट के बीच एक स्पष्ट बहुत संकरा क्षेत्र है, जिसे संक्रमण क्षेत्र कहते हैं। दीप्तिमान स्तर का तापमान लगभग 6,000° सेल्सियस, वर्णमंडल का लगभग 32,400° सेल्सियस और संक्रमण क्षेत्र का लगभग 3,24,000° और किरीट का लगभग 27,00,000° सेल्सियस है। अंतरिक्ष में बहुत दूर तक फैला किरीट एक्स-रे विकसित करने की क्षमता है। प्रत्येक स्तर के गैस का घनत्व उसके बढ़ते हुये उन्नतांश के अनुसार उसी तरह घटता है, जिस प्रकार पृथ्वी का वायुमंडल उसकी ऊंचाई के अनुसार क्षीण हो जाता है। इस दृष्टि से सूर्य का सबसे कम घनत्व वाला क्षेत्र किरीट है।

- देवेश तिवारी
(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी पर लिखते हैं)

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 08 मार्च

महिलाओं के अधिकारों पर व्यापक विमर्श का अवसर देता है यह दिवस

राजा दुबे
(लेखक, जनसम्पर्क विभाग से सेवानिवृत्त संयुक्त संचालक हैं)

विश्व के अनेक देशों में 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर विश्व के सभी विकसित अथवा विकासशील राष्ट्र मिलकर महिला अधिकारों के बारे में व्यापक विमर्श करते हैं। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के आयोजन में महिलाओं के सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक अधिकारों की चर्चा की जाती है। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर सम्पूर्ण विश्व की महिलाएं देश, जात-पांत, भाषा और राजनीतिक-सांस्कृतिक भेदभाव से परे एकजुट होकर इस दिन को मनाती हैं। साथ ही पुरुष वर्ग भी इस दिन को महिलाओं के सम्मान में समर्पित करता है। इस दिन विश्व की तमाम महिलाओं की तरक्की के विविध पहलुओं पर भी बातें होती हैं। हमारे अपने देश में इस वर्ष यह आयोजन देश की उन महिलाओं के लिये, जो सैन्य सेवाओं में हैं उनके द्वारा अधिकारों को हासिल करने के परिप्रेक्ष्य में एक यादगार दिन के रूप में मनाया जायेगा, क्योंकि देश के सर्वोच्च न्यायालय ने पुरुषों की तरह ही महिलाओं को भी सेना में 'कमांड पोस्ट' देने का अहम फैसला सुनाया है। कमांड पोस्ट से मतलब किसी सैन्य टुकड़ी की कमान संभालना यानी उस टुकड़ी का नेतृत्व करना है।

अधिकारों के लिये संघर्ष से शुरू हुआ यह सिलसिला

उन्नीसवीं सदी तक आते-आते महिलाओं ने अपने अधिकारों के प्रति जागरूकता दिखानी शुरू कर दी थी। अपने अधिकारों को लेकर सुगबुगाहट पैदा होने के बाद वर्ष 1908 में संयुक्त राज्य अमेरिका के न्यूयॉर्क शहर में पन्द्रह हजार महिलाओं ने अपने लिए मताधिकार की मांग दोहराई। साथ ही उन्होंने अपने अच्छे वेतन और काम के घंटे कम करने के लिए मार्च भी निकाला। यूनाइटेड स्टेट्स में 28 फरवरी 1909 को पहली बार राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाने का विचार सबसे पहले जर्मनी की क्लारा जेडकिंट ने वर्ष 1910 में रखा। उन्होंने कहा कि दुनिया में हर देश की महिलाओं को अपने विचार को रखने के लिए अंतर्राष्ट्रीय दिवस मनाने की योजना बनानी चाहिए। इसके मद्देनजर एक सम्मेलन का आयोजन किया जिसमें सत्रह देशों की सौ प्रतिनिधि महिलाओं ने भाग लिया और अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाने पर सहमति व्यक्त की। वर्ष 1911 में 19 मार्च को ऑस्ट्रिया, डेनमार्क, जर्मनी और स्विट्जरलैंड में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। उसके बाद वर्ष 1913 में इसे बदल कर 8 मार्च कर दिया। 1975 में संयुक्त राष्ट्र ने पहली बार 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया था। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के दिन कुछ देशों में अवकाश घोषित किया जाता है। अवकाश घोषित करने वाले देशों में अफगानिस्तान, अंगोला, बेलारूस, कजाकिस्तान इत्यादि शामिल हैं। इसके अलावा कुछ ऐसे भी देश हैं जहां अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर केवल महिलाओं की छुट्टी होती है जिसमें चीन, नेपाल, मकदूनिया और मेडागास्कार शामिल हैं। साथ ही कुछ ऐसे देश भी हैं जहां 08 मार्च को कोई छुट्टी तो नहीं होती, लेकिन इसे बड़े पैमाने पर मनाया जाता है। चिली, बुलगारिया, रोमानिया और कैमरून को इसमें शामिल किया जाता है। यहां लोग अपने जीवन में मौजूद महिलाओं को तरह-तरह के तोहफे देते हैं।

भारत में भी उत्साह के साथ मनता है अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

भारत में भी अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया जाता है। इस दिन नारियों के सम्मान में तरह-तरह के समारोह आयोजित किए जाते हैं।

महिलाओं के लिये कार्य करने वाले संगठन इस दिन विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण शिविर और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन करते हैं। कई संस्थाओं द्वारा गरीब महिलाओं को आर्थिक मदद देने की घोषणा भी की जाती है। भारत में महिलाओं को मौलिक अधिकार, मतदान का अधिकार और शिक्षा का अधिकार प्राप्त है, हमारे समाज में धीरे-धीरे हालात बदल रहे हैं। आज कोई भी क्षेत्र ऐसा नहीं है जो महिलाओं की हिस्सेदारी से अछूता हो। आज चाहे फिल्म हो, इंजीनियरिंग हो या मेडिकल, उच्च शिक्षा हो या प्रबंधन हर क्षेत्र में महिलाएं पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल रही हैं। वस्तुतः महिलाओं के समक्ष खुला आसमान और विशाल धरती है जिस पर वह अनंतकाल तक अपना परचम लहरा सकती हैं। महिलाओं के लिए काम कर रहे कई संस्थानों द्वारा जगह-जगह महिलाओं के लिए प्रशिक्षण शिविर लगाए जाते हैं और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। समाज, राजनीति, संगीत, फिल्म, साहित्य, शिक्षा समेत विभिन्न क्षेत्रों में श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए महिलाओं को सम्मानित किया जाता है।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की थीम समसामयिक जरूरतों से तय होती है

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की थीम यानी विषय वस्तु समसामयिक जरूरतों से तय होती है। इस वर्ष 2020 में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की आधिकारिक विषय वस्तु (थीम) - आईएम जनरेशन इक्वेलिटी-रियलाइजिंग वूमेंस राइट्स है। वर्ष 1996 की थीम- अतीत का जश्न और भविष्य के लिये योजनाएं, वर्ष 1997 की थीम- महिलाएं और शान्ति, वर्ष 1998 की थीम- महिला और मानव अधिकार, वर्ष 1999 की थीम- महिलाओं के खिलाफ हिंसा से मुक्त विश्व, वर्ष 2000 की थीम- शांति के लिए एकजुट महिलाएं, वर्ष 2001 की थीम महिला और शांति : महिला का संघर्ष प्रबंधन, वर्ष 2002 की थीम- आज की अफगान महिला : वास्तविकता और अवसर, वर्ष 2003 की थीम- लिंग समानता और सहस्राब्दी विकास लक्ष्य, वर्ष 2004 की थीम महिला और एचआईवी/एड्स, वर्ष 2005 की थीम- लिंग समानता; अधिक सुरक्षित भविष्य का निर्माण, वर्ष 2006 की थीम- निर्णय लेने में महिलायें, वर्ष 2007 की थीम महिलाओं और लड़कियों के खिलाफ हिंसा को समाप्त करना, वर्ष 2008 की थीम- महिला और लड़कियों में निवेश, वर्ष 2009 की थीम - महिलाओं और लड़कियों के खिलाफ हिंसा समाप्त करने के लिए महिला और पुरुष का एकजुट होना, वर्ष 2010 की थीम- समान अधिकार, समान अवसर : सभी के लिए प्रगति, वर्ष 2011 की थीम- शिक्षा, प्रशिक्षण एवं विज्ञान और प्रौद्योगिकी की समान पहुंच : महिलाओं के बेहतरी का मार्ग और वर्ष 2012 की थीम- ग्रामीण महिलाओं को सशक्त बनाना, गरीबी और भुखमरी का अंत करना है। वर्ष 2013 की थीम - वचन देना, महिलाओं के खिलाफ हिंसा को समाप्त करने के लिए कार्रवाई का वचन देना, वर्ष 2014 की थीम- महिलाओं के लिए समानता, सभी के लिए प्रगति है, वर्ष 2015 की थीम महिला सशक्तीकरण ही मानवता सशक्तीकरण इसकी कल्पना कीजिये, वर्ष 2016 की थीम- वर्ष 2030 तक, ग्रह में सभी 50-50 प्रतिशत लैंगिक समानता के लिए आगे आये और वर्ष 2017 की थीम कार्य की बदलती दुनिया में महिलाएं, वर्ष 2018 की थीम- अब समय है : महिलाओं और महिलाओं के जीवन को बदलने का और गत वर्ष यानी वर्ष 2019 की थीम समान सोचें, बिल्ड स्मार्ट, बदलाव के लिए नया करें।

ऐतिहासिक है महिलाओं की समान अधिकार की लड़ाई

महिलाओं के मानवाधिकार की लड़ाई वस्तुतः आम महिलाओं द्वारा ही शुरू की गई थी। प्राचीन ग्रीस में लीसिसट्राटा नाम की एक महिला ने फ्रेंच क्रांति के दौरान युद्ध समाप्ति की मांग रखते हुए इस आंदोलन की शुरुआत की थी, फारसी महिलाओं के एक समूह ने बरसेल्स में भी एक मोर्चा निकाला, इस मोर्चे का उद्देश्य युद्ध की वजह से महिलाओं पर बढ़ते हुए अत्याचार को रोकना था। वर्ष 1910 में सोशलिस्ट इंटरनेशनल द्वारा कोपेनहेगन में महिला दिवस की स्थापना हुई और वर्ष 1911 में ऑस्ट्रिया, डेनमार्क, जर्मनी और स्विट्जरलैंड में लाखों महिलाओं द्वारा रैली निकाली गई। मताधिकार, सरकारी कार्यकारिणी में जगह, नौकरी में भेदभाव को खत्म करने जैसी कई मुद्दों की मांग को लेकर इसका आयोजन किया गया था। वर्ष 1913-14 प्रथम विश्व युद्ध के दौरान, रूसी महिलाओं द्वारा पहली बार शांति की स्थापना के लिए फरवरी माह के अंतिम रविवार को महिला दिवस मनाया गया। यूरोप में भी युद्ध के खिलाफ प्रदर्शन हुए। 1917 तक विश्व युद्ध में रूस के 2 लाख से ज्यादा सैनिक मारे गए, रूसी महिलाओं ने फिर रोटी और शांति के लिए इस दिन हड़ताल की। हालांकि राजनेता इस आंदोलन के खिलाफ थे, फिर भी महिलाओं ने एक नहीं सुनी और अपना आंदोलन जारी रखा और इसके फलस्वरूप रूस के जार को अपनी गद्दी छोड़नी पड़ी साथ ही सरकार को महिलाओं को वोट देने के अधिकार की घोषणा भी करनी पड़ी।

सही मायने में महिला दिवस तब ही सार्थक होगा जब विश्व भर में महिलाओं को मानसिक व शारीरिक रूप से संपूर्ण आजादी मिलेगी, जहां उन्हें कोई प्रताड़ित नहीं करेगा।

(फोटो गूगल से साभार)

भारत सरकार

रक्षा मंत्रालय

नेशनल हाइड्रोग्राफिक ऑफिस, देहरादून में

भारतीय नौसेना में सिविलियन कार्मिक की भर्ती- 01/2020

1. भारतीय नौसेना में, समूह 'ग', अराजपत्रित के रूप में वर्गीकृत निम्नलिखित पदों के लिए नीचे दिए गए प्रारूप में आवेदन करने हेतु पात्र उम्मीदवारों से रजिस्टर्ड/स्पीड पोस्ट द्वारा आवेदनपत्र आमंत्रित करती है (अन्य माध्यम से भेजे गए आवेदनपत्र स्वीकार नहीं किए जाएंगे). **तथापि, चयनित उम्मीदवारों को केवल एनएचओ, देहरादून** में तैनात किया जाएगा.

पद का नाम, वर्गीकरण एवं सातवें कें.वे.आ. -वेतन मैट्रिक्स में लेवल के अनुसार वेतन	रिक्तियों का विवरण*						भूपूसै	होरिजोंटल आरक्षण # (पीडब्ल्यू बीडी के लिए)
	अना	अपिव	अ जा	अज जा	ईडब ल्यूएस	कुल		
ड्राफ्ट्समेन (कार्टोग्राफिक) वेतन मैट्रिक्स में लेवल-4 में लेवल (रु. 25500- 81100/-)	05	01	--	--	--	06	-	01 (श्रेणी डी-1)

* रिक्तियों में परिवर्तन हो सकता है.

 # पीडब्ल्यू बीडी के लिए उपयुक्तता : सामाजिक न्याय एवं अधिकारिकता मंत्रालय द्वारा निर्धारित पदों के अनुसार पीडब्ल्यूबीडी उम्मीदवार तदनुसार पद के लिए आवेदन कर सकते हैं.

पद	कार्य के लिए उपयुक्त विकलांगता श्रेणी	शारीरिक अपेक्षा
ड्राफ्ट्समेन (कार्टोग्राफिक)	ओए, ओएल, बीएल, एचएच	एस,एसटी, बीएन, एमएफ, एसई, आरडब्ल्यू, सी

टिप्पणी : उम्मीदवार, भारत सरकार/का. प्र.वि. के दिनांक 29 नवंबर 2013 के ओएम सं. 36035/1/2012-एस्ट (रेज.) में दिए गए प्रारूप (अनुलग्नक-3) में, ऑफलाइन आवेदन करने से पहले सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी विकलांगता प्रमाणपत्र रखते हों.

2. **प्रयुक्त संक्षिप्ताक्षर : अना :** अनारक्षित, **अजा-** अनुसूचित जाति, **अजजा-** अनुसूचित जनजाति, **अपिव-** अन्य पिछड़ा वर्ग, **भूपूसै** - भूतपूर्व सैनिक, **ईडब्ल्यूएस-** आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग, **पीडब्ल्यूबीडी-** दिव्यांग जन, **ओए-** एक हाथ, **ओएल-** एक पैर, **बीएल-** दोनों पैर, **एचएच-** श्रवण विकलांग, **एस-** बैठकर, **एसटी-** खड़े होकर, **बीएन-** झुककर, **एमएफ-** अंगुलियों द्वारा मैनीपुलेशन, **एसई-** देखकर, **आरडब्ल्यू-** पढ़ एवं लिखकर, **सी-** संचार, **श्रेणी डी-** दिव्यांग जन हेतु आरक्षण पर का. प्र. वि. के दिनांक 15 जनवरी, 2018 के प्रावधानों में निर्दिष्ट विकलांगता श्रेणी-डी.

3. **आरक्षण :** अपिव/पीडब्ल्यूबीडी श्रेणियों के लिए आरक्षण प्रचलित सरकारी आदेशानुसार उपलब्ध है. आरक्षित रिक्तियों को पात्र अपिव/पीडब्ल्यूबीडी उम्मीदवारों में से अलग से भरा जाएगा जिसमें इस प्रकार वे अपिव एवं पीडब्ल्यूबीडी शामिल होंगे जो अनारक्षित श्रेणी की मैरिट सूची में अंतिम अनारक्षित उम्मीदवार की तुलना में मैरिट में नीचे हैं, किंतु यहां तक कि शिथिल मानकों यथा आयु सीमा आदि द्वारा नियुक्ति हेतु अन्यथा उपयुक्त पाए जाएंगे. पीडब्ल्यूबीडी के लिए आरक्षण, होरिजोंटल आरक्षण के अंतर्गत आता है जो वर्टिकल आरक्षण अर्थात अपिव हेतु आरक्षण (जिसमें इसे इंटर-लॉकिंग आरक्षण कहा जाता है) को तय करता है. पीडब्ल्यूबीडी कोटा के अंतर्गत चुने गए उम्मीदवारों को अजा/अपिव की उपयुक्त श्रेणी, जो भी मामला-हो में रखा जाएगा.

4. **आयु एवं अनिवार्य/वांछनीय योग्यताएं :**

पद	आयु	अनिवार्य योग्यताएं
ड्राफ्ट्समेन (कार्टोग्राफिक)	18 से 25 वर्ष के बीच	(i) किसी मान्यताप्राप्त संस्था या बोर्ड से मैट्रिकुलेशन या समकक्ष. (ii) औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान या समकक्ष मान्यताप्राप्त संस्था से ड्राफ्ट्समेनशिप में दो वर्ष का प्रमाणपत्र. **या** ड्राफ्ट्समेनशिप में प्रशिक्षुता प्रशिक्षण योजना के अंतर्गत तीन वर्ष की प्रशिक्षुता. **या** आईटीआई प्रमाण पत्र और दो वर्ष का ट्रेड प्रशिक्षु प्रशिक्षण तथा किसी भी ट्रेड में राष्ट्रीय व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद द्वारा संचालित अखिल भारतीय ट्रेड परीक्षा प्रमाणपत्र. (iii) इलेक्ट्रॉनिकी कम्प्यूटर प्रत्यायन पाठ्यक्रम विभाग (डीओ-ईएसीसी) से ऑटोमेटेड कम्प्यूटर ऐडेड डिज़ाइन (ऑटोकेड) में प्रमाणपत्र या समकक्ष.

5. **कार्य-विवरण :**

ड्राफ्ट्समेन (कार्टोग्राफिक) : मैपिंग प्रक्रिया के उपयुक्त प्रलेखन द्वारा चार्टों की विशेषताओं की फाइलें एवं रिकॉर्ड्स का रखरखाव, चार्टों का फोलियों के अनुसार रखरखाव, सस्पेंडेड चार्टों का एक पृथक रिकॉर्ड रखना, सैटेलाइट इमेज डाउनलोड करना ओर इमेजों को दर्ज करना. जीपीसी डेटा की तुलना में सैटेलाइट इमेज से कोस्टलाइन को अधिप्रमाणित करना और **ऑटोकैड** तथा इसकी विशेषताओं पर कार्य करने में सक्षम हों. **जीआईएस** सॉफ्टवेयर मोड्यूल जैसे **आर्क जीआईएस/केरिस** आदि पर कार्यसाधक ज्ञान होना, किसी मैप/चार्ट, उसके सिम्बलों को स्पष्ट करना. रास्टर एवं वेक्टर चार्ट में भेद करना. पेपर प्लॉट्स के संस्थापन एवं लेने हेतु प्लॉटर तथा प्रिंटर पर कार्य करने में सक्षम होना एवं डिजिटल प्रारूप में चार्ट तैयार करने में होना. चार्टों/मैपों के विभिन्न प्रारूप से किसी मैप की विशेषताओं का सार लेना. लीनियर स्केल और मैप स्केल्स को बदलना और फीचर्स के बीच दूरी की गणना करना. भौगोलिक कोआर्डिनेट पद्धतियों, लेटिट्यूड, लांगिट्यूड एवं कार्टेसियन कोऑर्डिनेट्स अंतरण. मैप एवं उसके प्रकार को प्रोजेक्ट करना तथा एक प्रोजेक्शन से दूसरे में अंतरण में सक्षम होना. टाइडल ग्राफ्स को डेप्थ पर लागू करने में सक्षम होना. चार्ट्स पर डेपिक्शन के लिए दो या अधिक रंगों के मिश्रण का परिणाम प्राप्त करना और 2डी डेटा का उपयोग करके 3डी मैप्स का सृजन करना.

टिप्पणी : कार्यों की उक्त सूची केवल संकेत है विस्तृत नहीं. भारतीय नौसेना का अनुभाग/विभाग इस स्तर पर कार्मिक द्वारा की जाने वाली साधारण ड्यूटीज सूची में जोड़ सकता है.

6. **आयु में छूट एवं निर्धारण-तारीख :**

(क) आयु में छूट :

क्र. सं.	श्रेणी	आयु में उच्च आयु सीमा से अधिक अनुमत छूट
(i)	अपिव	03 वर्ष
(ii)	पीडब्ल्यू बीडी	**अना-**10 वर्ष, **अपिव-**13 (10+3) वर्ष

टिप्पणी : विभागीय उम्मीदवारों, जम्मू एवं कश्मीर में अधिवास कर चुके व्यक्तियों आदि के लिए आयु में छूट समय-समय पर भारत सरकार द्वारा जारी प्रचलित नियमानुसार होगी.

(ख) निर्धारक-तारीख : आवेदनपत्र स्वीकार करने की अंतिम तारीख आयु सीमा का निर्धारण करने के लिए निर्धारक तारीख होगी. संबंधित शिक्षा बोर्ड/सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी मैट्रिकुलेशन/एसएससी/जन्म प्रमाणपत्र जन्मतिथि का प्रमाणपत्र माना जाएगा.

7. **चयन-पद्धति :**

(क) आवेदनपत्रों का अल्पसूचीयन : यदि रिक्तियों के समानुपात में प्राप्त होने वाले आवेदनपत्रों (एसआरओ के अनुसार अपेक्षित न्यूनतम योग्यता वाले पदों के लिए) की संख्या अधिक हुई और लिखित परीक्षा के लिए सभी उम्मीदवारों को बुलाना विभाग के लिए सुविधाजनक या संभव नहीं हुआ तो भारतीय नौसेना अपने विवेकानुसार, इस भर्ती/पद के पैरा-4 में निर्दिष्ट न्यूनतम अपेक्षित शैक्षिक योग्यता में प्राप्त अंकों के आधार पर रिक्तियों की संख्या 1:25 के अनुपात में, मैरिट के अनुसार अल्पसूचीयन द्वारा दर्ज किए गए आवेदनपत्रों वाले पात्र उम्मीदवारों की संख्या सीमित कर सकती है. बुनियादी मानदंडों को पूरा करने मात्र से कोई व्यक्ति/उम्मीदवार लिखित परीक्षा के लिए बुलाए जाने का स्वतः पात्र नहीं हो जाएगा.

(ख) लिखित परीक्षा की योजना : सभी अल्पसूचीबद्ध उम्मीदवारों को लिखित परीक्षा में उपस्थित होना होगा, जो उक्त पैरा-4 में यथा उल्लिखित अनिवार्य/वांछनीय योग्यता के आधार पर ऑब्जेक्टिव प्रश्नों वाली तथा दोनों-अंग्रेजी तथा हिंदी में द्विभाषी (सामान्य अंग्रेजी को छोड़कर) होगी और इसमें निम्नलिखित विषय शामिल होंगे.

भाग	विषय	अधिकतम अंक
(i)	सामान्य अंग्रेजी	10
(ii)	संख्यात्मक अभिरुचि	10
(iii)	सामान्य सतर्कता/जानकारी एवं तर्क संगतता	10
(iv)	विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी	20
(v)	संबंधित ट्रेड/क्षेत्र में जानकारी	50

(ग) ड्राफ्ट्समेन (कार्टोग्राफिक) के लिए संकेतात्मक पाठ्यक्रम

(i) सामान्य अंग्रेजी (10 अंक)

(कक) पैसेज पर आधारित प्रश्न.
(कख) पैसिव/एक्टिव वॉइस में बदलना.
(कग) पंक्चुएशन.
(कघ) एडजेक्टिव का प्रयोग, वर्ब का प्रयोग, प्रोनाउंस, प्रपोजिशन का प्रयोग.
(कङ) टेंसिस.
(कच) फ्रेजल वर्ब्स का एक्सप्रेशन हेतु प्रतिस्थापन.
(कछ) वन वर्ड सब्स्टीट्यूशन.
(कज) करेक्शन ऑफ सेंटेंसेस.
(कझ) सिनोनिम्स, एंटोनिम्स तथा इनका सही प्रयोग आदि.

(ii) संख्यात्मक अभिरुचि/तर्कसंगतता (10 अंक)

(कक) बुनियादी गणित : क्वाड्रेटिक इक्वेशन, लोगारिद्म और गणितीय पहाड़ों का प्रयोग, औसत, प्रतिशतता, एलसीएम, एचसीएम, अनुपात एवं समानुपात, लाभ एवं हानि, छूट, साधारण एवं चक्रवृद्धि ब्याज, मापन, समय एवं कार्य, अनुपात एवं समय, समय एवं दूरी.
(कख) एलिप्स, पैराबोला, हाइपरबोला क्षेत्रफल तथा अन्य नियमित सर्फेसों का निर्धारण.
(कग) सर्फेस क्षेत्रफल एवं पिरामिड, कोण, स्फीयर, सिलिंडर आदि का वोल्यूम एवं समस्याएं.
(कघ) साधारण लॉजिकल समस्याएं.
(कङ) साधारण सांख्यिकी, मीन, मेडियन, मोड गणना, डेटा विश्लेषण.

(iii) सामान्य जानकारी (10 अंक)

(कक) खेल, इतिहास, संस्कृति, भूगोल, अर्थशास्त्र, परिदृश्य, भारतीय संविधान सहित सामान्य राजनीति, वैज्ञानिक अनुसंधान, मनोरंजन आदि आदि क्षेत्रों से संबंधित वर्तमान घटनाएं.
(कख) रक्षा (सेना, नौसेना/वायुसेना) संबंधी एक्रोनिक्स.
(कग) प्रतिष्ठित हस्तियां (भारतीय/विदेशी).
(कघ) नौसेना से संबंधित (पोत, पत्तन).
(कङ) महत्वपूर्ण राष्ट्रीय तथ्य.
(कच) राजधानियां एवं मुद्राएं.

(iv) विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी (20 अंक)

(कक) न्यूटन का मोशन सिद्धांत, आर्चिमेड सिद्धांत, मास, वेट, डेंसिटी, ग्रेविटी.
(कख) कार्य, बल, शक्ति, फ्रिक्शन पर न्युमेरिकल.

(कग) ऑप्टिक्स के मूल सिद्धांत और रिफ्लेक्शन/रिफ्रेक्शन नियम.
(कघ) विभिन्न मीडिया में साउंड वेव्ज का प्रोपेगेशन.
(कङ) करंट, वोल्टेज रेसिस्ट पर न्युमेरिकल सहित विद्युत एवं चुंबक सिद्धांत.
(कच) कार्बनिक एवं अकार्बनिक रसायन विज्ञान के मूल सिद्धांत.
(कछ) सुरक्षा, सावधानियां एवं अग्नि रोकथाम, अग्निशामकों का उपयोग.
(कज) विभिन्न साधारण/प्रिसीजन मापन उपकरणों एवं उनके लीस्ट कोर्ट का ज्ञान.
(कझ) रासायनिक इक्वेशन बैलेंसिंग.
(कञ) कंप्यूटर पर कार्यसाधक ज्ञान एवं रुचि .

(v). **ट्रेड का ज्ञान :** परीक्षा में उक्त पैरा-4 में निर्दिष्ट अनिवार्य/वांछनीय योग्यता के अनुसार पद से संबंधित प्रश्न शामिल होंगे. तथापि, कार्टोग्राफिक्स विशिष्ट विषय नीचे दिए गए अनुसार होंगे :

(कक) भौगोलिक सूचना प्रणाली (जीआईएस) मूल ज्ञान.
(कख) प्रोजेक्शन एवं प्रोजेक्शन के प्रकार.
(कग) जीपीएस जिओडेटिक और कार्टेसियन कोआर्डिनेट के बीच जीपीएस अंतर का व्यावहारिक अनुप्रयोग
(कघ) **रिमोट सेंसिंग :** रिमोट सेंसिंग, फोटोग्रामिट्री, एरियल फोटोग्राफी एवं सैटेलाइट इमेज का बुनियादी अनुप्रयोग.
(कङ) **लेवलिंग एवं इसके प्रकार :** डेटुम बैंचमार्क, फोकसिंग और पैरालिएक्स.
(कच) **कंटूरिंग :** टोपोग्राफिक्ल पद्धतियां और कंटूरिंग
(कछ) पृथ्वी की आकृति एवं संरचना, मीन सी लेवल, मिट्टी एवं चट्टानों, लेटिट्यूड, लांगिट्यूड, टाइड एवं ओसन करंट की प्रकृति एवं प्रकार.

टिप्पणी : प्रश्नपत्र केवल अंग्रेजी एवं हिंदी भाषाओं में उपलब्ध कराए जाएंगे.

(घ) **परीक्षा की तरीख:** लिखित परीक्षा की वास्तविक तारीख, समय एवं स्थान की सूचना अल्प सूचीबद्ध उम्मीदवारों को जारी किए जाने वाले प्रवेशपत्र में दी जाएगी. किसी भी भावी अनुदेश/संशोधन के लिए समय-समय पर भारतीय नौसेना की वेबसाइट **www.indiannavy.nic.in** भी देख सकते हैं.

(ङ) **स्क्राइब (यदि लागू हो) :** 40% एवं अधिक दृष्टि विकलांगता वाले दृष्टि विकलांग (वीएच) उम्मीदवार एवं सेरेब्रल पल्सी ग्रस्त उम्मीदवार, लिखित परीक्षा में स्क्राइब (लेखक की सहायता ले सकते हैं.) जिसके लिए उन्हें ऑफलाइन आवेदनपत्र भरते समय स्क्राइब उपलब्ध कराने का अनुरोध करना होगा. इसके अतिरिक्त, प्रचलित विनियमों के अनुसार, उन्हें परीक्षा में यथा लागू **प्रतिपूरक समय** की अनुमति होगी.

(च) **अनंतिम नियुक्ति पत्र :** अंनतिम रूप से चुने गए उम्मीदवारों की नियुक्ति केवल लिखित परीक्षा में उनकी मैरिट स्थिति पर आधारित होगी, जो प्रलेख सत्यापन, चिकित्सा परीक्षा तथा भारत सरकार एवं नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा यथा निर्दिष्ट अन्य अपेक्षाओं के संतोषजनक पूरा करने पर निर्भर होगी.

(छ) **प्रलेख सत्यापन :** अनंतिम रूप से चुने गए सभी उम्मीदवारों को प्रलेख सत्यापन के लिए बुलाया जाएगा. आयु, शिक्षा, पहचान, पते, श्रेणी, जाति वैधता प्रमाणपत्र आदि से संबंधित सभी प्रलेख, प्रलेख सत्यापन के समय मूल रूप में प्रस्तुत करने होंगे और का.प्र.वि. की प्रचलित नीति के अनुसार अनंतिम नियुक्ति से पहले इनकी जांच एवं सत्यापन किया जाएगा. प्रलेख सत्यापन की तारीख और स्थान की सूचना अनंतिम रूप से चुने गए उम्मीदवारों को डाक/भारतीय नौसेना वेबसाइट **www.indiannavy.nic.in** द्वारा दी जाएगी.

8. **जमा करने की अंतिम तारीख :** आवेदनपत्र स्वीकार करने की अंतिम तारीख रोज़गार और निर्माण **में इस विज्ञापन के प्रकाशन की तारीख से 10 दिन है** और असम, मेघालय, अरूणाचल प्रदेश, मिज़ोरम, मणिपुर, नागालैंड, त्रिपुरा, सिक्किम, जम्मू-कश्मीर राज्य के लद्दाख प्रभाग, हिमाचल प्रदेश के लाहौल तथा स्पीति जिले एवं चम्बा जिले के पांगी उप-प्रभाग, अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह तथा लक्षद्वीप में रहने वाले उम्मीदवारों से आवेदनपत्र स्वीकार करने की अंतिम तारीख रोज़गार और निर्माण **में इस विज्ञापन के प्रकाशन की तारीख से 12 दिन होगी.**

9. **आवेदन कैसे करें :** आवेदन नीचे दिए गए निर्धारित प्रारूप के अनुसार सादे कागज (ए-4 आकार के) (अच्छी किस्म के कागज का उपयोग करें) पर साफ हस्तलेख में लिखे या टाइप किए हुए हों और आवेदन-पत्र पर पासपोर्ट आकार का नया रंगीन फोटो चिपका दें. फोटो सामने की ओर स्व-सत्यापित कर दें और चेहरा स्पष्ट दिखाई देना चाहिए. लिफाफे के ऊपर स्पष्ट अक्षरों में **''ड्राफ्टसमेन (कार्टोग्राफिक) के पद एवं श्रेणी''**.....
(अर्थात् अना/अपिव/पी.डब्ल्यूबी.डी.) के लिए आवेदनपत्र लिख दें और **केवल रजिस्टर्ड/स्पीड पोस्ट द्वारा** निम्नलिखित के साथ **फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग -इन-चीफ, मुख्यालय, पश्चिमी नौसेना कमान, बलार्ड एस्टेड, टाइगर गेट के पास, मुंबई-400001 को भेजें :**

(क) उम्मीदवार विज्ञापन में यथा उल्लिखित अपेक्षित मानदण्ड एवं शैक्षिक योग्यता पूरी करते हों. इसी तरह, जिन उम्मीदवारों ने किसी ऐसे मान्यताप्राप्त बोर्ड/संस्था से योग्यता उत्तीर्ण की है जहां, ग्रेड प्वाइंट प्रणाली लागू है, वहां के उम्मीदवारों को आवेदन करने से पहले अपने ग्रेड प्वाइंट को उपयुक्त प्राधिकारियों द्वारा अंकों की प्रतिशतता में परिवर्तित कराने होंगे.

(ख) यदि उम्मीदवार आवेदनपत्र भरने में कोई गलती करता है तो इस कार्यालय द्वारा उसे ठीक नहीं किया जा सकता. ऐसे आवेदनपत्रों के लिए यह कार्यालय कोई जिम्मेदारी नहीं लेगा.

(ग) उम्मीदवार सुनिश्चित कर लें कि आवेदन करते समय वे अपनी वैध एवं सक्रिय ई-मेल आईडी तथा मोबाइल नंबर दे रहे हैं, क्योंकि भारतीय नौसेना भर्ती-प्रक्रिया के विभिन्न चरणों में उनसे सम्पर्क हेतु इनमें से किसी भी संचार पद्धति का उपयोग कर सकती हैं. ई-मेल प्राप्त नहीं होने के लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा. **एक बार दर्ज कर दी गई ई-मेल आई.डी में कोई परिवर्तन करने की अनुमति नहीं दी जाएगी.** ई-मेल प्राप्त नहीं होने और उनका ई-मेल आई.डी पासवर्ड गुम होने के संबंध में प्रबंध तंत्र जिम्मेदार नहीं होगा.

(घ) प्रवेश -पत्र एवं एग्जिट कार्ड के लिए पासपोर्ट आकार के दो अतिरिक्त फोटो भेजें, जिन्हें पीछे की तरफ स्व-सत्यपित कर दें और अपना पूरा नाम लिख दें.

(ङ) संबंधित शैक्षिक योग्यताओं के प्रमाणपत्रों की स्व-सत्यापित प्रतियां और उच्च योजना यदि कोई हो, की स्व-सत्यापित प्रतियां.

(च) जन्म-तिथि प्रमाण (दसवीं कक्षा प्रमाण-पत्र या जन्म प्रमाण-पत्र) की स्व-सत्यापित प्रति.

(छ) उम्मीदवार की दक्षता के समर्थन में उम्मीदवार के शंसापत्र की एक प्रति.

(ज) सरकारी कर्मचारियों को अपने आवेदन पत्र के साथ अपने नियोक्ता से अनापत्ति प्रमाणपत्र की स्व-सत्यापित प्रति संलग्न करनी होगी और मांग किए जाने पर मूल प्रति प्रस्तुत करनी होगी.

(झ) शारीरिक विकलांग कार्मिकों के लिए विकलांगता दर्शाने वाले प्रमाणपत्र की स्व-सत्यापित प्रति यह नोट कर लें कि सेवा/पदों में आरक्षण के लिए केवल वे व्यक्ति पात्र होंगे जो कम से कम 40% (प्रतिशत) संबंधित विकलांगता से ग्रस्त होंगे. उम्मीदवारों को सक्षम चिकित्सा प्राधिकारी द्वारा जारी विकलांगता की प्रतिशतता के उल्लेख वाला दिव्यांगजन (पी.डब्ल्यू.बी.डी. प्रमाणपत्र संलग्न करना होगा.

(ञ) सीधी भर्ती के लिए लागू अनुशंसित विभिन्न प्रमाण-पत्रों के प्रारूप भारतीय नौसेना की वेबसाइट **www.indiannavy.nic.in पर Personnel>Civilion Page** पर उपलब्ध हैं.

(ट) एक अपना पता लिखा 23X13 सें.मी. आकार का लिफाफा, जिस पर 45/- रु. की डाक-टिकट लगी हो.

10. **सामान्य अनुदेश /शर्तें :-**

(क) भारत सरकार /का.प्र.वि. के आदेशों के अनुसार भारतीय नागरिक उम्मीदवार उक्त पद के लिए आवेदन करने के पात्र हैं.

(ख) उम्मीदवार सुनिश्चित करें कि वह विज्ञापन में उल्लिखित पात्रता एवं अन्य मानदण्ड पूरा करता है. आवेदनपत्र में दिए गए विवरण हर तरह से सही होने चाहिएं. यदि किसी चरण पर पाया गया कि उम्मीदवार ने झूठी या गलत सूचना दी है तो उसकी उम्मीदवारी, उसके विरुद्ध की जाने वाली कानूनी कार्रवाई पर बिना कोई पक्षपात किए, रद्द कर दी जाएगी.

(ग) आयु, शैक्षिक योग्यता आदि के संबंध में पात्रता का निर्धारण निर्णायक तरीख (अर्थात आवेदन बंद होने की अंतिम तारीख) को आधार मान कर किया जाएगा.

(घ) यदि केंद्र/राज्य सरकार में सेवारत उम्मीदवार मांगे जाने पर अनापत्ति प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने में असफल रहता है तो उसकी उम्मीदवारी पर विचार नहीं किया जाएगा.

(ङ) यदि आवेदनपत्र के संबंधित कॉलम में श्रेणी उपयुक्त रूप में नहीं लिखी जाती है तो आयु सीमा में कोई छूट नहीं दी जाएगी.

(च) उम्मीदवारों से यह भी अनुरोध है कि किसी भी अद्यतन सूचना/शुद्धिपत्र और किसी अन्य अनुदेश के लिए, भर्ती पूरी होने तक **www.indiannavy.nic.in** नियमित रूप से देखते रहें.

(छ) अपिव श्रेणी का लाभ लेने वाले उम्मीदवार यह सुनिश्चित कर लें कि भारत की केंद्रीय सरकार के अधीन पद पर नियुक्ति हेतु केंद्र की अधिसूचना (न कि राज्य सरकार की अधिसूचना) के अनुसार अपिव श्रेणी से हैं और वे सम्पन्न वर्ग **से भी नहीं हैं**. उम्मीदवारों को भारत सरकार, का.प्र.वि. के दिनांक 30 मई, 2014 के का.ज्ञा.सं. 36036/2/2013- एस्ट (रेज.) और दिनांक 27 मई, 2013 के का.ज्ञा.सं. 36036/1/2013- एस्ट (रेज.) में निर्धारित प्रारूप में अपिव प्रमाणपत्र देना होगा.

(ज) जो दिव्यांग जन आरक्षण एवं आयु में छूट का लाभ लेना चाहते हैं, उनके पास भारत सरकार, का.प्र.वि. के दिनांक 29 नवंबर, 2013 के का.ज्ञा.सं. 36035/1/2012- एस्ट (रेज.) और दिनांक 15 जनवरी, 2018 के का.ज्ञा.सं. 36035/2/2017-एस्ट (रेज.) के संलग्नक में दिए गए निर्धारित प्रारूप में सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी विकलांगता प्रमाणपत्र होना चाहिए.

(झ) उक्त दी गई रिक्तियां अनंतिम हैं और उनमें परिवर्तन किया जा सकता है. रिक्तियां, कोई कारण बताए बिना घटाई/बढ़ाई अथवा यहां तक कि शून्य भी की जा सकती हैं. भर्ती प्रक्रिया किसी भी चरण पर कोई नोटिस दिए बिना/कारण बताए बिना/रद्द/स्थागित/निलंबित/समाप्त की जा सकती हैं.

(ञ) लिखित परीक्षा की अवधि एक दिन की हो सकती है. परीक्षा के दौरान अपने ठहरने/भोजन की व्यवस्था उम्मीदवार को स्वयं करनी होगी. उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे भर्ती परीक्षा में कोई भी मूल्यवान/कीमनी सामग्री अपने साथ नहीं लाएं क्योंकि उन्हें सुरक्षित रखने का कोई आश्वासन नहीं दिया जा सकता. इस संबंध में किसी हानि के लिए भारतीय नौसेना जिम्मेदार नहीं होगी.

(ट) लिखित परीक्षा के परिणाम रोज़गार समाचार में प्रकाशित किए जाएंगे और **www.indiannavy.nic.in** पर भी अपलोड किए जाएंगे. का.प्र.वि. के दिनांक 21 जून 16 के का.ज्ञा. के अनुसार उम्मीदवारों के अंक और रैंकिंग पोर्टल के माध्यम से सार्वजनिक की जाएगी.

11. **उम्मीदवारों को महत्वपूर्ण अनुदेश :**

(क) भर्ती-परीक्षा हेतु आपकी उम्मीदवारी आपके हर तरह से पात्र पाए जाने के अधीन अनंतिम है.

(ख) उम्मीदवार के निम्नलिखित किसी गतिविधि में संलिप्त पाए जाने पर, जहां कहीं आवश्यक हो उन पर अपराधिक कार्रवाई करने/परीक्षा से वंचित की कार्रवाई पर किसी प्रतिकूल प्रभाव के बिना उनकी उम्मीदवारी किसी भी चरण पर रद्द कर दी जाएगी.

(i) मोबाइल फोन एवं एसेसरीज़ तथा अन्य इलेक्ट्रॉनिक वस्तुएं परीक्षा केंद्र के परिसर में अपने साथ रखना भले ही वे प्रयोग में हो या स्विच ऑफ मोड में और अन्यथा हों.
(ii) कदाचार में संलिप्त होना.
(iii) परीक्षा केंद्र में अनुचित साधनों का प्रयोग करना.
(iv) अपनी उम्मीदवारी के समर्थन में किसी साधन द्वारा सहायता प्राप्त करना.
(v) छद्म रूप धारण करना/किसी व्यक्ति से छद्म रूप धारण कराना.
(vi) जाली प्रलेख या गढ़े हुए प्रलेख प्रस्तुत करना.
(vii) असत्य या गलत विवरण देना या कोई ठोस सूचना छुपाना.
(viii) परीक्षा के लिए अपनी उम्मीदवारी के समर्थन में किसी अनियमित या अनुचित साधन का सहारा लेना.
(xi) परीक्षा भवन में पर्यवेक्षकों, इनविजिलेटर या भर्ती स्टाफ के प्रतिनिधियों से किसी भी रूप में कोई दुर्व्यवहार करना.
(x) परीक्षा भवन से प्रश्न पत्र/ उत्तर पुस्तिका ले जाना या परीक्षा के संचालन के दौरान किसी अनधिकृत व्यक्ति को देना.
(xi) परीक्षा के संचालन के लिए लगाए गए स्टाफ को कोई बाधा या शरीरिक क्षति पहुंचाना.
(xii) विज्ञापन में उल्लिखित पात्रता मानदण्डों को पूरा नहीं करके परीक्षा के लिए अपात्र होना.
(xiii) परीक्षा के किसी भी चरण पर उम्मीदवार की उम्मीदवारी किसी भी ऐसे आधार पर रद्द कर दी जा सकती है जिसे सक्षम प्राधिकारी उम्मीदवारी रद्द करने का पर्याप्त कारण माने.

(ग) परीक्षा की तारीख, समय एवं स्थान के अनुसार, भर्ती-परीक्षा के दौरान उम्मीदवार को अपने ठहरने/भोजन की व्यवस्था स्वयं करनी होगी. उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे भर्ती-परीक्षा के समय कोई मूल्यावान/कीमती वस्तुएं अपने साथ नहीं लाएं क्योंकि उनको सुरक्षित रखने का कोई आश्वासन नहीं दिया जा सकता. इस संबंध में किसी हानि के लिए भारतीय नौसेना जिम्मेदार नहीं होगी.

(घ) साथ में आए किसी भी व्यक्ति को परीक्षा स्थल या उसके आसपास रहनें की अनुमति नहीं दी जाएगी. इसलिए किसी व्यक्ति को अपने साथ नहीं लाए.

(ङ) उम्मीदवार प्रवेश-पत्र की ध्यानपूर्वक जांच कर लें और यदि उसमें कोई विसंगति हो तो परीक्षा से पहले इनविजिलेटर को उसकी सूचना दें.

(च) आपको निर्देश दिया जाता है कि भर्ती -परीक्षा आप अपने निजी जोखिम पर दें. अर्थात यह सत्यापन करने के बाद कि आप विज्ञापन में दी गई योग्यताएं पूरी करते हैं और परीक्षा में प्रवेश पूर्णतः अनंतिम है. इस संबंध में परीक्षा में उपस्थित होने से पहले उम्मीदवार को एक घोषणा -पत्र पर हस्ताक्षर करने होंगे.

I. उम्मीदवारों को सुनिश्चित करना होगा कि सबमिट बटन क्लिक करने से पहले सभी जानकारी को जांच लिया गया है. 10वीं कक्षा के प्रमाणपत्र से नाम, पिता का नाम, जन्मतिथि, डिप्लोमा में प्रतिशत(%) और श्रेणी से संबंधित किसी भी प्रकार की असमानता पाए जाने पर उम्मीदवार को परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं होगी और उसकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी.
II. सभी उम्मीदवारों को अपना मोबाइल नंबर और ईमेल आईडी सही भरना होगा, अगर उम्मीदवार के पास मोबाइल नंबर नहीं है तो उसे अपने माता-पिता/अभिभावक का मोबाइल नंबर, नाम के साथ लिखना होगा.

(vi) ऑनलाइन आवेदन के सफलतापूर्वक पूरा होने पर उम्मीदवार को एक विशिष्ट **आवेदन/पंजीकरण संख्या दी जाएगी.** उम्मीदवार, इस संख्या को भविष्य के संदर्भ और ई- प्रवेशपत्र की पुनः प्राप्ति/दोबारा प्रिंट के लिए लिख कर रख लें. आवेदकों को ऑनलाइन आवेदन की लघुसूचीबद्धकरण के बाद **09 अप्रैल से 16 अप्रैल 2020** तक यूआरएल **https://joinindiancoastguard.gov.in/reprint.aspx** से ई-प्रवेशपत्र का प्रिंट आउट लेना होगा. 'पात्रता मानदंड' को पूरा ना करने वाले उम्मीदवारों के लिए "**आवेदन संख्या के साथ अस्वीकृति का कारण बताते हुए अस्वीकृति पर्ची**" प्रदर्शित कर दी जाएगी. लघुसूचीबद्ध प्रक्रिया, अंकों के उच्च प्रतिशत पर आधारित होगी.
(vii) उम्मीदवारों को आवंटित रोल नंबर वाले ई-प्रवेश पत्र की **तीन प्रतियों** के साथ **नीली पृष्ठभूमि के साथ समान अद्यतन कलर पासपोर्ट आकार फोटो** चिपकी हो और हस्ताक्षर के लिए ई-प्रवेश पत्र में नीचे दिए गए स्थान पर हस्ताक्षर होने चाहिए **(फोटो एक माह से ज्यादा पुराना नहीं होना चाहिए).** उम्मीदवारों को ई-प्रवेश पत्र के साथ मूल दस्तावेज और सभी अपेक्षित दस्तावेजों की स्व-सत्यापित फोटोप्रतियां जैसे **10वीं कक्षा पास प्रमाणपत्र और अंकतालिका, डिप्लोमा प्रमाणपत्र और सभी सेमेस्टर की अंकतालिका, जाति प्रमाणपत्र जहां अपेक्षित है और खेलकूद प्रमाणपत्र साथ में लाने होंगे (यदि लागू है) और परीक्षा के दिन, परीक्षा केन्द्र में जमा करने होंगे. यदि कोई भी उम्मीदवार परीक्षा के समय ये सभी दस्तावेज नहीं लाता है तो उसे परीक्षा देने की अनुमति नहीं होगी.**
नोट: विभिन्न आवेदनों को भरने से सभी आवेदनों को निरस्त कर दिया जाएगा.
***ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि: 22 मार्च, 2020 को 23.59 बजे तक है.**

8. लिखित परीक्षा, निम्नलिखित भर्ती केन्द्रों में आयोजित होगी:

परीक्षा केन्द्र	पता
मुंबई	तटरक्षक क्षेत्रीय मुख्यालय (पश्चिम), वर्ली सी फेस पीओ, वर्ली कॉलोनी, मुंबई-30
चेन्नै	भारतीय तटरक्षक स्टोर डिपो, सीजी परिसर, कलमंडपम पुलिस थाने के पास, जीएम पेट्टई रोड, रोयापुरम, चेन्नै-13
कोलकाता	तटरक्षक क्षेत्रीय मुख्यालय (उत्तर पूर्व), सिन्थेसिस बिजनेस पार्क, 6ठी मंजिल, श्राचि बिल्डिंग, न्यू टाउन राजारहट, कोलकाता, पश्चिम बंगाल-700161

परीक्षा केन्द्र	पता
नोएडा	तटरक्षक भर्ती केंद्र, सी-1, फेज-2, औद्योगिक क्षेत्र, इंडस वैली पब्लिक स्कूल के निकट, सेक्टर-62, नोएडा, उत्तर प्रदेश-201309

नोट: तटरक्षक एक विशेष केन्द्र पर परीक्षा दोबारा आयोजित करने/रद्द करने या प्रशासनिक/अन्य कारणों से उम्मीदवारों का केन्द्र बदलने का अधिकार सुरक्षित रखता है.

9. **चयन प्रक्रिया:**

(क) अप्रैल 2020 के दौरान तय भर्ती परीक्षाओं के लिए तिथि, समय और स्थान अंकित करता पात्र लघुसूचीबद्ध उम्मीदवारों के लिए बुलावा पत्र सह ई प्रवेशपत्र इंटरनेट वेबसाइट **www.joinindiancoastguard.gov.in से डाउनलोड करना होगा.** बुलावा पत्र सह ई प्रवेशपत्र **अप्रैल 2020 के दूसरे हफ्ते** में अस्थायी रूप से अपलोड कर दिया जाएगा. कोई भी बुलावा पत्र सह ई-प्रवेशपत्र अलग से जारी नहीं किया जाएगा. प्रशासनिक कारणों को ध्यान में रखते हुए उम्मीदवारों को कोई भी केन्द्र आवंटित किया जाएगा.

(ख) आवेदनों की लघुसूची प्रक्रिया, डिप्लोमा में अंकों के उच्च प्रतिशत पर आधारित होगा. लघुसूचीकरण के समय अजा और अजजा उम्मीदवारों को उपयुक्त महत्व दिया जाएगा.

(ग) अर्हता कट ऑफ प्रतिशत को बढ़ाया जा सकता है यदि आवेदनों की संख्या अधिक है.

(घ) लिखित परीक्षा वस्तुनिष्ठ प्रकार की होगी. प्रश्न पत्र में उनके संबंधित शाखा **(मैकेनिकल/इलैक्ट्रिकल/इलैक्ट्रॉनिक्स एंड टेलीकम्यूनिकेशन)** से प्रश्न होंगे और उसमें सामान्य ज्ञान, तर्कशक्ति अभिक्षमता और अंग्रेजी के प्रश्न भी होंगे.

(ङ) जो उम्मीदवार लिखित परीक्षा में अर्हता प्राप्त करते हैं उन्हें शारीरिक स्वस्थता परीक्षा (पीएफटी) और शुरूआती चिकित्सा परीक्षा देनी होगी. टैस्टिंग प्रक्रिया 2-3 दिन में पूरी होगी.

(च) शारीरिक स्वस्थता परीक्षा (पीएफटी) उन सभी उम्मीदवारों के लिए आयोजित होगी जो लिखित परीक्षा में अर्हता प्राप्त करते हैं. सभी उम्मीदवारों को **सलाह** दी जाती है कि उनके पास खेलकूद की रिज अर्थात खेल के जूते, टी-शर्ट, ट्राउज़र आदि हों. नीचे दिए गए मानकों के अनुसार पीएफटी में अर्हता प्राप्त करना अनिवार्य है. पीएफटी में निम्न शामिल होगा:

(i) 1.6 किमी की दौड़ 7 मिनट में पूरी की जाए.

(ii) 20 स्क्वैट अप (उठक बैठक).

(iii) 10 पुशअप्स.

टिप्पणी : (कक) पीएफटी में शामिल उम्मीदवारों को अपने जोखिम पर परीक्षा देनी होगी.

(कख) शारीरिक विकलांग उम्मीदवार इस पद हेतु आवेदन करने के लिए पात्र नहीं हैं.

(छ) शारीरिक स्वस्थता परीक्षा में अर्हता प्राप्त करने वाले उम्मीदवारों को संबंधित भर्ती केन्द्र पर शुरूआती भर्ती चिकित्सा परीक्षा देनी होगी.

(ज) **लिखित परीक्षा में निष्पादन के आधार पर तटरक्षक द्वारा तय किए गए अनुसार अनुपात में चिकित्सा परीक्षा के लिए उम्मीदवारों को लघुसूचीबद्ध किया जाएगा. शुरूआती चिकित्सा परीक्षा में मात्र स्वस्थ घोषित होना, उक्त पद के लिए चयन नहीं माना जाएगा. हालांकि चयनित उम्मीदवार आईएनएस चिल्का में अंतिम चिकित्सा के अधीन होंगे.**

(झ) उपलब्ध रिक्तियों के आधार पर सभी परीक्षाओं में अर्हता प्राप्त करने वाले उम्मीदवारों से चयन सूची तैयार की जाएगी. उम्मीदवारों की अखिल भारत चयन सूची, **जुलाई 2020** के माह में भारतीय तटरक्षक की वेबसाइट **www.joinindiancoastguard.gov.in** पर प्रदर्शित की जाएगी.

10. **दस्तावेजों की सूची:** उम्मीदवारों को निम्नलिखित **मूल दस्तावेजों** के साथ परीक्षा स्थल पर प्रस्तुत होना होगा. सत्यापन के बाद मूल शैक्षिक प्रमाणपत्र वापिस कर दिए जाएंगे.

(क) पहले से भरे गए ई-प्रवेश पत्र की तीन प्रतियां.

(ख) आवेदनपत्र की दो प्रतियां.

(ग) 10वीं कक्षा की मूल अंकतालिका और पास प्रमाणपत्र.

(घ) सभी सेमेस्टर की मूल अंकतालिका और डिप्लोमा का प्रमाणपत्र.

(ङ) पहचान का प्रमाण जैसे पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस, मतदाता पहचान पत्र, आधार कार्ड, स्कूल/कॉलेज आईडी कार्ड या अन्य कोई फोटो पहचान प्रमाण.

(च) तहसीलदार/एसडीएम/डीएम द्वारा जारी उनके संबंधित राज्य का मूल जाति प्रमाणपत्र (यदि लागू है).

(छ) भा.त.र. वेबसाइट पर उपलब्ध मूल जाति (यदि लागू हो तो)/ईडब्ल्यूएस (आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग) हेतु आय प्रमाणपत्र भारत सरकार के प्रारूप के अनुसार (अन्य किसी प्रारूप पर विचार नहीं किया जाएगा).

(ज) अपेक्षित सभी प्रलेखों की स्वसत्यापित फोटोकॉपियां जैसे दसवीं कक्षा उत्तीर्णता प्रमाणपत्र और अंकपत्र, डिप्लोमा प्रमाणपत्र और सभी सेमेस्टर के अंकपत्र अपेक्षानुसार जाति प्रमाणपत्र और खेल-कूद प्रमाणपत्र आदि.

(झ) आयु/प्रतिशत में छूट का लाभ लेने वाले आरक्षित श्रेणी आवेदकों के मामले में ऑनलाइन आवेदन का वर्तमान या स्थायी पता, जाति/श्रेणी प्रमाणपत्र **(अजा/अजजा और अपिव)** ईडब्ल्यूएस/आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग हेतु आय प्रमाण-पत्र में उल्लिखित पते के समान होना चाहिए. **अपिव** नॉन-क्रीमी लेयर के मामले में वैध श्रेणी प्रमाणपत्र वित्तीय 3 वर्ष से अधिक पुराना नहीं होना चाहिए और ऐसे मामलों के लिए रिन्यू/नये प्रमाणपत्र **भारत सरकार प्रारूप के अनुसार मूल** प्रस्तुत किए जाएं. अन्य प्रारूप पर विचार नहीं किया जाएगा.

(ञ) नीली पृष्ठभूमि के साथ दस हाल के पासपोर्ट आकार के समान फोटो.

(ट) **सभी प्रलेखों के जारी होने की तिथि 22 मार्च, 2020 या 22 मार्च, 2020 से पहले कोई भी तिथि होनी चाहिए.**

(ठ) **परीक्षा के समय उपरोक्त सभी प्रलेख नहीं लाने वाले किसी भी उम्मीदवार को परीक्षा में शामिल होने की अनुमति नहीं होगी.**

उम्मीदवारों का चयन, लिखित परीक्षा, शारीरिक स्वस्थता परीक्षा (पीएफटी) और चिकित्सा परीक्षा में स्वस्थता के आधार पर योग्यता के क्रम पर आधारित होगा.

11. **चिकित्सा मानक**

(क) प्रवेश पर नामांकित कार्मिक के लिए लागू वर्तमान विनियमों में निर्धारित चिकित्सा मानक के अनुसार प्राधिकृत मिलिट्री डॉक्टर द्वारा चिकित्सा परीक्षा आयोजित की जाएगी.

(ख) **ऊंचाई:** न्यूनतम ऊंचाई 157 सेंमी. पहाड़ी क्षेत्रों और जनजाति क्षेत्रों से उम्मीदवारों के लिए ऊंचाई में छूट केन्द्र सरकार के आदेशानुसार है.

(ग) **छाती:** तदनुरूप होनी चाहिए, न्यूनतम विस्तार 5 सेंमी.

(घ) **वज़न:** ऊंचाई और आयु के तदनुरूप ±10% स्वीकार्य.

(ङ) **श्रवण :** सामान्य.

(च) **स्वस्थता लेवल :** हृदवाहिनी नहीं हो, शल्य संबंधी विकृति जैसे नॉक नी, सपाट पैर आदि, कानों में इफैक्शन, मिर्गी या मनोविकारी संबंधी बीमारी का इतिहास ना हो, अपस्फीत शिरा, करैक्टिव सर्जरी फॉर आई सर्जरी आदि ना हो.

(छ) **दृष्टि मानक:** चश्मे के बिना 6/24 और क्रमशः सही आंख और वर्स आंख के लिए चश्मे के साथ 6/9 और 6/12.

(ज) **टैटू:** शरीर के किसी भी भाग पर स्थायी शरीर टैटू की अनुमति नहीं है. हालांकि, भारत सरकार द्वारा घोषित जनजाति क्षेत्र समुदाय से संबंधित उम्मीदवारों को कुछ रियायतों की छूट है. अन्य उम्मीदवारों के लिए स्थायी शरीर टैटू केवल फोरआर्म के अंदर की तरफ यानी कोहनी से कलाई तक अंदर की तरफ से और हथेली के पीछे/हाथ के पीछे (डॉर्सल) की अनुमति है. इस संदर्भ में विवरण भारतीय तटरक्षक की भर्ती वेबसाइट **www.joinindiancoastguard.gov.in** पर उपलब्ध है.

(झ) **अंतिम नामांकन चिकित्सा परीक्षा :** भर्ती के लिए शुरूआती चिकित्सा परीक्षा पर विचार तभी किया जाएगा जब वे **''अंतिम चिकित्सा परीक्षा में स्वस्थता पर अनंतिम रूप से स्वस्थ''** होंगे. सभी चयनित उम्मीदवारों की अंतिम चिकित्सा परीक्षा, आईएनएस चिल्का में होगी. आईएनएस चिल्का में अंतिम चिकित्सा परीक्षा में चिकित्सीय रूप से स्वस्थ नहीं पाए गए उम्मीदवारों को प्रशिक्षण के लिए नामांकित नहीं किया जाएगा. आईएनएस चिल्का में अंतिम नामांकन चिकित्सा परीक्षा के बाद चिकित्सकीय रूप से अस्वस्थ उम्मीदवारों को ''अपील'' करने की अनुमति होगी और परिणाम के संदर्भ में 12 दिनों या आईएनएस चिल्का द्वारा निर्धारित अधिकतम अवधि के भीतर अपने खर्चे पर आईएनएस कल्याणी, विशाखापट्टनम में अपील करने का अवसर दिया जाएगा.

नोट: उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे परीक्षा से पूर्व अपने कान से मैल निकलवा लें और दांतों से टारटर भी. तटरक्षक में इसी प्रवेश के लिए पूर्व भर्ती में किसी भी सशस्त्र सेना के अस्पताल द्वारा चिकित्सीय रूप से स्थायी अस्वस्थ घोषित उम्मीदवार परीक्षा के लिए प्रस्तुत ना हों.

12. **प्रशिक्षण:** मूल प्रशिक्षण **अगस्त 2020** में आईएनएस चिल्का में शुरू होगा जिसके बाद समुद्र प्रशिक्षण और वृत्तिक प्रशिक्षण होगा. **यात्रिकों को प्रशिक्षण के दौरान किसी भी समय असंतोष निष्पादन के कारण अयोग्य पाए जाने पर निष्कासित कर दिया जाएगा.**

13. **सामान्य दिशा निर्देश:**

(क) अन्य किसी सेवा प्रशिक्षण प्रतिष्ठानों से अनुशासनिक आधार पर निकाले गए उम्मीदवार आवेदन करने के पात्र नहीं हैं.

(ख) आपराधिक प्रभारों पर उम्मीदवार को गिरफ्तार, दोषसिद्ध या उन पर मुकदमा चलाया नहीं गया हो.

(ग) मूल प्रमाणपत्र, आवेदन के साथ संलग्न नहीं किए जाने चाहिएं. यदि आवेदन के साथ मूल प्रमाणपत्र संलग्न किए जाते हैं तो उनके खोने के लिए भारतीय तटरक्षक जिम्मेदार नहीं होगा. फोटो चिपकाया जाए ना कि स्टैपल किया जाए. फोटो के पीछे किए गए सत्यापन पर विचार नहीं किया जाएगा.

(घ) परीक्षा केन्द्र/ तिथि में परिवर्तन के लिए अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा.

(ङ) **लिखित परीक्षा के समय प्रस्तुत किए जाने वाले सभी मूल प्रमाणपत्र और अंकतालिका सत्यापन के बाद उम्मीदवार को वापिस कर दिए जाएंगे.**

(च) एक विशेष बैच से संबंधित उम्मीदवारों का चयन केवल उसी बैच के लिए वैध है. अर्हताप्राप्त उम्मीदवार जिनका नाम अंतिम चयन सूची में नहीं है वे अगले बैच में प्रवेश के लिए दावा नहीं कर सकते हैं. इन उम्मीदवारों को नये सिरे से चयन प्रक्रिया से गुजरना होगा बशर्ते वे नये बैच के लिए पात्रता मानदंड को पूरा करते हों.

(छ) डाक द्वारा प्राप्त आवेदनों को स्वीकार नहीं किया जाएगा.

(ज) तटरक्षक में नामांकन के लिए अंतिम चिकित्सा परीक्षा के लिए बुलावा पत्र, चयन सूची में शुरूआती चिकित्सीय रूप से अर्हता प्राप्त उम्मीदवारों को ही अग्रेषित किया जाएगा. ऐसे उम्मीदवारों को अपने खर्चे पर प्रशिक्षण संस्थान पहुंचना होगा. असफल उम्मीदवारों को अलग से सूचित नहीं किया जाएगा.

(झ) **छः महीने की अवधि के बाद भर्ती/नामांकन संबंधित किसी भी पूछताछ पर विचार नहीं किया जाएगा.**

(ट) परीक्षा प्रक्रिया के दौरान नकल करना/दुराचार आदि सहित अनुशासनहीनता गतिविधियां भी अयोग्य बना देगी.

(ठ) नामांकन से पहले पात्रता के लिए आवेदन और मूल दस्तावेजों की जांच की जाएगी और यदि भर्ती के किसी भी स्तर पर किसी भी रूप में पात्र नहीं पाया जाता है तो अस्वीकार कर दिया जाएगा.

(ड) यह भी ध्यान दिया जाए कि पैरा 2 में पात्रता के लिए अंकों के न्यूनतम प्रतिशत को आवेदन कर रहे उम्मीदवारों की संख्या के आधार पर बढ़ाया जा सकता है.

(ढ) **सरकार/एआईसीटीई द्वारा मान्यताप्राप्त नहीं ''ओपन स्कूल'' संस्थानों से उम्मीदवार पात्र नहीं है.**

(ण) एक केन्द्र के लिए आवेदन कर रहे उम्मीदवारों की अधिक संख्या के मामले में, कुछ उम्मीदवारों को अन्य कोई केन्द्र आवंटित कर दिया जाएगा. उच्च अंकों वाले उम्मीदवारों को उनकी पहली पसन्द ही आवंटित की जाएगी.

(त) **भारतीय तटरक्षक किसी निराशा से बचने के लिए आईएनएस चिल्का में अंतिम चिकित्सा जांच हेतु बुलावा पत्र जारी करने से पहले उम्मीदवारों के पुनर्मूल्यांकन के संचालन का अधिकार सुरक्षित रखता है. यदि उम्मीदवार को छद्मरूप धारी पाया जाता है, तो उनकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी.**

मोबाइल फोन

(थ) परीक्षा के दौरान मोबाइल फोन और अन्य अद्यतन इलैक्ट्रॉनिक गैजेट का प्रयोग वर्जित है. तटरक्षक, ऐसी वस्तुओं के होने को अनुचित तरीके का प्रयोग करना मानेगा. यदि परीक्षा के दौरान किसी भी उम्मीदवार के पास मोबाइल, ब्लूटूथ, किसी भी प्रकार का स्कैनिंग उपकरण पाया जाता है तो उसके खिलाफ तुरंत कार्यवाही की जाएगी जैसे एफआईआर दर्ज करना.

(द) तटरक्षक किसी भी इलैक्ट्रॉनिक उपकरण की सुरक्षा की गारंटी नहीं दे सकता है. लिखित परीक्षा शुरू होने के बाद उम्मीदवार को शौचालय जाने या किसी भी कारण के लिए परीक्षा स्थल छोड़ने की अनुमति नहीं होगी.

(ध) सभी उम्मीदवारों की परीक्षा स्थल में प्रवेश करने से पहले तलाशी ली जाएगी.

(न) सभी उम्मीदवारों से सतर्क रहने का अनुरोध किया जाता है और किसी भी उम्मीदवार द्वारा कोई भी संदिग्ध प्रक्रिया पाए जाने पर निरीक्षक को तुरंत सूचित करें.

14. **यात्रा खर्चे:** अजा/अजजा उम्मीदवार, जो केन्द्र/राज्य सरकार द्वारा नियुक्त नहीं हैं, उन्हें टिकट प्रस्तुत करने पर सबसे छोटे मार्ग से ट्रेन/सरकारी बस/स्टीमर प्रभार **(मौजूदा सरकारी नियमानुसार)** द्वारा II श्रेणी के किराए की प्रतिपूर्ति की जाएगी, यदि उनके घर के पास का स्टेशन 30 किलोमीटर से ज्यादा दूर है.

***उम्मीदवार अपडेट के लिए तटरक्षक भर्ती वेबसाइट देखें. यह केवल सांकेतिक विज्ञापन है.**

चेतावनी: भारतीय तटरक्षक में चयन सही और योग्यता आधारित है. उम्मीदवार, भर्ती एजेंट के रूप में अनैतिक व्यक्तियों का शिकार ना बनें. ऐसे व्यक्तियों, एजेंटों के खिलाफ शिकायत के लिए उम्मीदवार को निदेशक (भर्ती) तटरक्षक मुख्यालय, भर्ती केंद्र, नोएडा के फोन नं. 0120-2975817 पर संपर्क करना होगा.

डिस्क्लेमर: इस विज्ञापन में दिए गए नियम व शर्तें बदल सकती हैं और इसलिए इन्हें केवल दिशा-निर्देश माना जाए. विवरण, भारतीय तटरक्षक की वेबसाइट **www.joinindiancoastguard.gov.in** पर भी उपलब्ध है.

ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि : 22 मार्च 2020

ऑनलाइन आवेदन हेतु इस क्यूआर कोड को स्कैन करें

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान

अंसारी नगर, नई दिल्ली - 110029

एफ न. 7-1/2019-स्थापना-I (आरसीटी)

निम्नांकित समूह 'क' (गैर-शिक्षण) और समूह 'ख' एवं 'ग' पदों के लिए ऑनलाइन माध्यम से निर्धारित प्रपत्र में आवेदन आमंत्रित हैं, जो एम्स, नई दिल्ली और एनसीआई झज्जर, हरियाणा में भरे जाने हैं :-

क्र. सं.	पद का नाम, 7वें के.वे.आ. के अनुसार पे-मैट्रिक्स में वेतन लेवल और अनिवार्य पात्रता मानदंड	समूह	रिक्तियों की कुल संख्या* और आरक्षण	चयन प्रक्रिया
1.	वैज्ञानिक-II पे मैट्रिक्स में लेवल-11	क	12 (7-अना, 1-ईडब्ल्यूएस, 1-अजा और 3 अपिव)	साक्षात्कार
2	वैज्ञानिक-II (अनाटोमी) पे मैट्रिक्स में लेवल-11	क	02 (01-अना और 01-अपिव)	साक्षात्कार और/या किसी भी क्रम में ऑनलाइन सीबीटी
3	बायोकैमिस्ट पे मैट्रिक्स में लेवल-10	क	04 (03-अना और 01-अजजा)	साक्षात्कार और/या किसी भी क्रम में ऑनलाइन सीबीटी
4	मेडिकल फिजिसिस्ट पे मैट्रिक्स में लेवल-10	क	07 (4-अना*, 02-अपिव और 1-अजा*) (*01-अना पद वि.ज.-अदृ के लिए और ** 01-अजा वि.ज.-श्रबा के लिए आरक्षित है)	साक्षात्कार और/या किसी भी क्रम में ऑनलाइन सीबीटी
5	मेडिकल फिजिसिस्ट (परमाणु चिकित्सा विभाग) पे मैट्रिक्स में लेवल-10	क	01 (अना)	साक्षात्कार और/या किसी भी क्रम में ऑनलाइन सीबीटी
6	स्टोरकीपर (सामान्य) पे मैट्रिक्स में लेवल 6	ख	6 (2-अना, 1-ईडब्ल्यूएस, 1-अजा और 2 अपिव)	सीबीटी
7	स्टोरकीपर (ड्रग्स) पे मैट्रिक्स में लेवल 6	ख	13 (6-अना, 2-अजा, 1 अजजा, और 4-अपिव*) (*1-अपिव पद वि.ज.-एहा, एपै, दौपै, एएवी, डीडब्ल्यू, एलसी (एहा, एपै, दौपै के लिए आरक्षित है	सीबीटी
8	प्रोग्रामर पे मैट्रिक्स में लेवल-7	ख	10 (7-अना, 2-अजा और 1-अजजा)	सीबीटी
9	तकनीशियन (रेडियोलॉजी) पे मैट्रिक्स में लेवल-6	ख	24 (9-अना*, 3-ईडब्ल्यूएस, 6-अजा, 2-अजजा और 4 अपिव*) (*1-अना पद वि.ज.-एएसडी, एमआई के लिए आरक्षित है.) (*1-अपिव पद वि.ज.-श्रबा के लिए आरक्षित है.)	सीबीटी
10	कनिष्ठ इंजीनियर (सिविल) पे मैट्रिक्स में लेवल-6	ख	6 (3-अना, 1-ईडब्ल्यूएस और 2 अपिव)	सीबीटी
11	कनिष्ठ इंजीनियर (इलेक्ट्रिकल) पे मैट्रिक्स में लेवल-6	ख	03 (02-अना और 01-अजजा)	सीबीटी
12	कनिष्ठ इंजीनियर (एसी और रेफ्रिजेरेटर) पे मैट्रिक्स में लेवल-6	ख	04 (01-अना, 01-अजजा, और 02 अपिव)	सीबीटी
13	मेडिकल लैबोरेटरी टैक्नोलोजिस्ट पे मैट्रिक्स में लेवल-6	ख	110 (56-अना*, 14-ईडब्ल्यूएस*, 17-अजा* और 4-अजजा* और 19 अपिव*) *पीडब्ल्यूबीडी के लिए कुल 14 पद आरक्षित हैं. विवरण नीचे है. (*3-अना और 2 अजा पद वि.ज.-अदृ के लिए आरक्षित हैं. (*1-अना, 2-ईडब्ल्यूएस और 1-अपिव पद पद वि.ज.-एहा, एपै, दोपै, एएवी, डीडब्ल्यू, एलसी (एहा, एपै, दोपै) के लिए आरक्षित है. (*2-ईडब्ल्यूएस, 1-अजजा तथा 2 अपिव पद पीडब्ल्यूबीडी-एचएच के लिए आरक्षित है.)	सीबीटी
14	कनिष्ठ हिन्दी अनुवादक पे मैट्रिक्स में लेवल-6	ख	2 (अना) (*1-अना पद वि.ज.-एएसडी, एमआई के लिए आरक्षित है.)	चरण-1:-सीबीटी चरण-2:- कौशल परीक्षण
15	मेडिकल सामाजिक सेवा अधिकारी ग्रेड-II पे मैट्रिक्स में लेवल-6	ख	05 (02-अना, 01-अजजा, और 02 अपिव)	सीबीटी
16	जीवन रक्षक पे मैट्रिक्स में लेवल-6	ख	1 (अना)	चरण-1:-सीबीटी चरण-2:- कौशल परीक्षण
17	ऑपरेशन थियेटर सहायक पे मैट्रिक्स में लेवल-5	ग	150 (77-अना, 4-ईडब्ल्यूएस, 21-अजा, 18-अजजा* और 30 अपिव*) (*1-अजजा और 1-अपिव पद वि.ज.-एपै, एएवी, एलसी (एपै) के लिए आरक्षित है.	सीबीटी
18	परमाणु चिकित्सा तकनीशियन पे मैट्रिक्स में लेवल-5	ग	3 (02-अना और 01-अपिव*) *(अपिव पद पीडब्ल्यूबीडी-एचएच के लिए आरक्षित है)	सीबीटी
19	फार्मासिस्ट ग्रेड-II पे मैट्रिक्स में लेवल-5	ग	8 (3-अना*, 1-ईडब्ल्यूएस, 2-अजजा और 2 अपिव) *1-अना पद वि.ज.-एहा, एपै, दौपै, एएवी, डीडब्ल्यू, एलसी (एहा, एपै, दोपै,) के लिए आरक्षित है.	सीबीटी
20	आशुलिपिक पे मैट्रिक्स में लेवल-4	ग	40 (15-अना*,3-ईडब्ल्यूएस, 5-अजा, 4-अजजा और 13-अपिव) कुल 03-अना पद वि.ज. उम्मीदवारों के लिए आरक्षित हैं, जिनका ब्यौरा नीचे दिया गया है:- (*2-अना पद वि.ज.-एएसडी, एमआई, एमडी उम्मीदवारों के लिए आरक्षित हैं) (*1-अना पद वि.ज.-अदृ उम्मीदवारों के लिए आरक्षित हैं)	चरण-1:-सीबीटी चरण-2:- कौशल परीक्षण
21	सहायक वार्डन पे मैट्रिक्स में लेवल-4	ग	2 (1-अजा और 1-अपिव*) (*1-अपिव पद वि.ज.-अदृ उम्मीदवारों के लिए आरक्षित हैं.)	सीबीटी
22	सफाई निरीक्षक ग्रेड-II पे मैट्रिक्स में लेवल-5	ग	05 (02-अना*, 01-अजजा, और 02-अपिव) (*1-अना पद वि.ज.-श्रबा उम्मीदवारों के लिए आरक्षित हैं.)	सीबीटी

* रिक्तियों की संख्या अनुमानित और यह घट-बढ़ सकती है

आवेदन का ऑनलाइन पंजीकरण एम्स वेबसाइट (www.aiims.edu) पर 'रिक्रूटमेंट' शीर्षक के अंतर्गत तथा वेबसाइट (www.aiimsexams.org) पर 12.02.2020 से 12.03.2020 को शाम 5.00 बजे तक किया जा सकता है.

पात्रता के अनिवार्य मानदंडों, विस्तृत नियम एवं शर्तों और ऑनलाइन आवेदन करने के बारे में विस्तृत जानकारी के लिए कृपया संस्थान की वेबसाइट (www.aiims.edu) अथवा (www.aiimsexams.org) देखें.

इस विज्ञापन के बारे में आगे सभी अधिसूचनाएं, संशोधन, शुद्धि-पत्र आदि केवल संस्थान की वेबसाइट पर प्रकाशित किए जाएंगे. अद्यतन जानकारी के लिए कृपया एम्स, नई दिल्ली की वेबसाइट देखें.

वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी (भर्ती)

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
नया भोपाल संभाग, लोक निर्माण विभाग भोपाल (म.प्र.)
निविदा सूचना

निविदा सूचना क्रमांक 18/व.ले.लि./2019-20 भोपाल, दिनांक 20.02.2020

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट **mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

क्र. एवं कार्य का नाम :- 1. उपसंभाग क्र.-1, लो.नि.वि. भोपाल के अंतर्गत सेक्शन क्र. 06 के आवास गृहों के खिड़की, दरवाजे, ग्रिल, दीवार डेडो, फेंसिंग पर पेंटिंग का कार्य।

पोर्टल टेंडर क्र.	आमंत्रण क्र.	ठेके की अनु. राशि (रु. लाख में)	भौतिक रूप से एनवलप प्रस्तुत करने का कार्यालय (मूल एफ.डी.आर. एवं अन्य दस्तावेज) कार्यालयीन पता एवं अंतिम दिनांक व समय, स्पीड पोस्ट के माध्यम से
2020_PWDRB_ 80328	प्रथम आमंत्रण	17.50	कार्यपालन यंत्री, नया भोपाल संभाग, लो.नि.वि. शेड क्र.-10 जवाहर चौक टी.टी. नगर भोपाल दिनांक 12.03.2020 समय 17.30 बजे तक

क्र. एवं कार्य का नाम :- 2. उपसंभाग क्र.-1, लो.नि.वि. भोपाल के अंतर्गत सेक्शन क्र. 7अ के आवास गृहों के खिड़की, दरवाजे, ग्रिल, दीवार डेडो, फेंसिंग पर पेंटिंग का कार्य।

2020_PWDRB_ 80329	प्रथम आमंत्रण	17.50	कार्यपालन यंत्री, नया भोपाल संभाग, लो.नि.वि. शेड क्र.-10 जवाहर चौक टी.टी. नगर भोपाल दिनांक 12.03.2020 समय 17.30 बजे तक

क्र. एवं कार्य का नाम :- 3. उपसंभाग क्र.-2, लो.नि.वि. भोपाल के अंतर्गत सेक्शन क्रमांक 13 एवं अन्य सेक्शनों के शासकीय आवास गृहों में जल अवरोधक कार्य।

2020_PWDRB_ 80330	प्रथम आमंत्रण	17.50	कार्यपालन यंत्री, नया भोपाल संभाग, लो.नि.वि. शेड क्र.-10 जवाहर चौक टी.टी. नगर भोपाल दिनांक 12.03.2020 समय 17.30 बजे तक

क्र. एवं कार्य का नाम :- 4. उपसंभाग क्र.-2, लो.नि.वि. भोपाल के अंतर्गत सेक्शन क्रमांक 13 एवं अन्य सेक्शनों के शासकीय आवास गृहों एवं गैर आवासीय भवनों के सीवेज लाईन बदलने का कार्य।

2020_PWDRB_ 80331	प्रथम आमंत्रण	17.50	कार्यपालन यंत्री, नया भोपाल संभाग, लो.नि.वि. शेड क्र.-10 जवाहर चौक टी.टी. नगर भोपाल दिनांक 12.03.2020 समय 17.30 बजे तक

क्र. एवं कार्य का नाम :- 5. आर.टी.सी. उपसंभाग, लो.नि.वि. भोपाल के अंतर्गत सेक्शन क्र. 17 के आवास गृहों के खिड़की, दरवाजे, ग्रिल, दीवार डेडो, फेंसिंग पर पेंटिंग का कार्य।

2020_PWDRB_ 80332	प्रथम आमंत्रण	17.50	कार्यपालन यंत्री, नया भोपाल संभाग, लो.नि.वि. शेड क्र.-10 जवाहर चौक टी.टी. नगर भोपाल दिनांक 12.03.2020 समय 17.30 बजे तक

क्र. एवं कार्य का नाम :- 6. उपसंभाग क्र.-3, लो.नि.वि. भोपाल के अंतर्गत सेक्शन क्रमांक 27 एवं अन्य सेक्शनों के शासकीय आवास गृहों में जल अवरोधक कार्य।

2020_PWDRB_ 80333	प्रथम आमंत्रण	17.50	कार्यपालन यंत्री, नया भोपाल संभाग, लो.नि.वि. शेड क्र.-10 जवाहर चौक टी.टी. नगर भोपाल दिनांक 12.03.2020 समय 17.30 बजे तक

क्र. एवं कार्य का नाम :- 7. उपसंभाग क्र.-3, लो.नि.वि. भोपाल के अंतर्गत सेक्शन क्रमांक 27 एवं अन्य सेक्शनों के शासकीय आवास गृहों एवं गैर आवासीय भवनों के सीवेज लाईन बदलने का कार्य।

2020_PWDRB_ 80334	प्रथम आमंत्रण	17.50	कार्यपालन यंत्री, नया भोपाल संभाग, लो.नि.वि. शेड क्र.-10 जवाहर चौक टी.टी. नगर भोपाल दिनांक 12.03.2020 समय 17.30 बजे तक

क्र. एवं कार्य का नाम :- 8. आर.टी.सी. उपसंभाग, लो.नि.वि. भोपाल के अंतर्गत सेक्शन क्रमांक 15 एवं अन्य सेक्शनों के शासकीय आवास गृहों में जल अवरोधक कार्य।

2020_PWDRB_ 80335	प्रथम आमंत्रण	17.50	कार्यपालन यंत्री, नया भोपाल संभाग, लो.नि.वि. शेड क्र.-10 जवाहर चौक टी.टी. नगर भोपाल दिनांक 12.03.2020 समय 17.30 बजे तक

क्र. एवं कार्य का नाम :- 9. उपसंभाग क्र.1, लो.नि.वि. भोपाल के अंतर्गत सेक्शन क्र. 7अ एवं अन्य सेक्शनों के शासकीय आवास गृहों एवं गैर आवसीय भवनों में विभिन्न प्रकार के साधारण, विशेष मरम्मत एवं अनुरक्षण कार्य।

2020_PWDRB_ 80337	प्रथम आमंत्रण	17.50	कार्यपालन यंत्री, नया भोपाल संभाग, लो.नि.वि. शेड क्र.-10 जवाहर चौक टी.टी. नगर भोपाल दिनांक 12.03.2020 समय 17.30 बजे तक

क्र. एवं कार्य का नाम :- 10. उपसंभाग क्र. 1, लो.नि.वि. भोपाल के अंतर्गत सेक्शन क्र. 06 एवं अन्य सेक्शनों के शासकीय आवास गृहों एवं गैर आवासीय भवनों में विभिन्न प्रकार के साधारण, विशेष मरम्मत एवं अनुरक्षण कार्य।

2020_PWDRB_ 80339	प्रथम आमंत्रण	17.50	कार्यपालन यंत्री, नया भोपाल संभाग, लो.नि.वि. शेड क्र.-10 जवाहर चौक टी.टी. नगर भोपाल दिनांक 12.03.2020 समय 17.30 बजे तक

क्र. एवं कार्य का नाम :- 11. उपसंभाग क्र.1, लो.नि.वि. भोपाल के अंतर्गत सेक्शन क्र. 02 एवं अन्य सेक्शनों के शासकीय आवास गृहों एवं गैर आवासीय भवनों में रंगाई पुताई एवं पेंटिंग कार्य।

2020_PWDRB_ 80340	प्रथम आमंत्रण	17.50	कार्यपालन यंत्री, नया भोपाल संभाग, लो.नि.वि. शेड क्र.-10 जवाहर चौक टी.टी. नगर भोपाल दिनांक 12.03.2020 समय 17.30 बजे तक

क्र. एवं कार्य का नाम :- 12. उपसंभाग क्र. 1, लो.नि.वि. भोपाल के अंतर्गत सेक्शन क्र. 03 एवं अन्य सेक्शनों के शासकीय आवास गृहों एवं गैर आवासीय भवनों में रंगाई पुताई एवं पेंटिंग कार्य।

2020_PWDRB_ 80342	प्रथम आमंत्रण	17.50	कार्यपालन यंत्री, नया भोपाल संभाग, लो.नि.वि. शेड क्र.-10 जवाहर चौक टी.टी. नगर भोपाल दिनांक 12.03.2020 समय 17.30 बजे तक

क्र. एवं कार्य का नाम :- 13. उपसंभाग क्र. 1, लो.नि.वि. भोपाल के अंतर्गत सेक्शन क्र. 04 एवं अन्य सेक्शनों के शासकीय आवास गृहों एवं गैर आवासीय भवनों में रंगाई पुताई एवं पेंटिंग कार्य।

2020_PWDRB_ 80343	प्रथम आमंत्रण	17.50	कार्यपालन यंत्री, नया भोपाल संभाग, लो.नि.वि. शेड क्र.-10 जवाहर चौक टी.टी. नगर भोपाल दिनांक 12.03.2020 समय 17.30 बजे तक

क्र. एवं कार्य का नाम :- 14. उपसंभाग क्र.-1, लो.नि.वि. भोपाल के अंतर्गत सेक्शन क्रमांक 02 एवं अन्य सेक्शनों के शासकीय आवास गृहों एवं गैर आवासीय भवनों के सीवेज लाईन बदलने का कार्य।

2020_PWDRB_ 80344	प्रथम आमंत्रण	17.50	कार्यपालन यंत्री, नया भोपाल संभाग, लो.नि.वि. शेड क्र.-10 जवाहर चौक टी.टी. नगर भोपाल दिनांक 12.03.2020 समय 17.30 बजे तक

क्र. एवं कार्य का नाम :- 15. उपसंभाग क्र.-1, लो.नि.वि. भोपाल के अंतर्गत सेक्शन क्रमांक 03 एवं अन्य सेक्शनों के शासकीय आवास गृहों एवं गैर आवासीय भवनों के सीवेज लाईन बदलने का कार्य।

2020_PWDRB_ 80345	प्रथम आमंत्रण	17.50	कार्यपालन यंत्री, नया भोपाल संभाग, लो.नि.वि. शेड क्र.-10 जवाहर चौक टी.टी. नगर भोपाल दिनांक 12.03.2020 समय 17.30 बजे तक

क्र. एवं कार्य का नाम :- 16. उपसंभाग क्र.-1, लो.नि.वि. भोपाल के अंतर्गत सेक्शन क्रमांक 04 एवं अन्य सेक्शनों के शासकीय आवास गृहों एवं गैर आवासीय भवनों के सीवेज लाईन बदलने का कार्य।

2020_PWDRB_ 80346	प्रथम आमंत्रण	17.50	कार्यपालन यंत्री, नया भोपाल संभाग, लो.नि.वि. शेड क्र.-10 जवाहर चौक टी.टी. नगर भोपाल दिनांक 12.03.2020 समय 17.30 बजे तक

क्र. एवं कार्य का नाम :- 17. उपसंभाग क्र.-1, लो.नि.वि. भोपाल के अंतर्गत सेक्शन क्रमांक 06 एवं अन्य सेक्शनों के शासकीय आवास गृहों एवं गैर आवासीय भवनों के सीवेज लाईन बदलने का कार्य।

2020_PWDRB_ 80347	प्रथम आमंत्रण	17.50	कार्यपालन यंत्री, नया भोपाल संभाग, लो.नि.वि. शेड क्र.-10 जवाहर चौक टी.टी. नगर भोपाल दिनांक 12.03.2020 समय 17.30 बजे तक

क्र. एवं कार्य का नाम :- 18. उपसंभाग क्र.-1, लो.नि.वि. भोपाल के अंतर्गत सेक्शन क्रमांक 7अ एवं अन्य सेक्शनों के शासकीय आवस गृहों एवं गैर आवासीय भवनों के सीवेज लाईन बदलने का कार्य।

2020_PWDRB_ 80348	प्रथम आमंत्रण	17.50	कार्यपालन यंत्री, नया भोपाल संभाग, लो.नि.वि. शेड क्र.-10 जवाहर चौक टी.टी. नगर भोपाल दिनांक 12.03.2020 समय 17.30 बजे तक

क्र. एवं कार्य का नाम :- 19. आर.टी.सी. उपसंभाग, लो.नि.वि. भोपाल के अंतर्गत अतिविशिष्ट अतिथि एवं अन्य विशिष्ट अतिथियों के समारोह हेतु बेरिकेटिंग का कार्य।

2020_PWDRB_ 80349	प्रथम आमंत्रण	17.50	कार्यपालन यंत्री, नया भोपाल संभाग, लो.नि.वि. शेड क्र.-10 जवाहर चौक टी.टी. नगर भोपाल दिनांक 12.03.2020 समय 17.30 बजे तक

क्र. एवं कार्य का नाम :- 20. उपसंभाग क्र.-3, लो.नि.वि. भोपाल के अंतर्गत सेक्शन क्रमांक 25 एवं अन्य सेक्शनों के शासकीय आवास गृहों में जल अवरोकध कार्य।

2020_PWDRB_ 80351	प्रथम आमंत्रण	17.50	कार्यपालन यंत्री, नया भोपाल संभाग, लो.नि.वि. शेड क्र.-10 जवाहर चौक टी.टी. नगर भोपाल दिनांक 12.03.2020 समय 17.30 बजे तक

क्र. एवं कार्य का नाम :- 21. उपसंभाग क्र.2, लो.नि.वि. भोपाल के अंतर्गत शासकीय आवास गृहों एवं गैर आवासीय भवनों में विभिन्न प्रकार के साधारण, विशेष मरम्मत एवं अनुरक्षण कार्य।

2020_PWDRB_ 80352	प्रथम आमंत्रण	17.50	कार्यपालन यंत्री, नया भोपाल संभाग, लो.नि.वि. शेड क्र.-10 जवाहर चौक टी.टी. नगर भोपाल दिनांक 12.03.2020 समय 17.30 बजे तक

क्र. एवं कार्य का नाम :- 22. आर.टी.सी. उपसंभाग, लो.नि.वि. भोपाल के अंतर्गत सेक्शन क्र. 18, 21 एवं अन्य सेक्शनों के शासकीय आवास गृहों एवं गैर आवासीय भवनों में रंगाई पुताई एवं पेंटिंग कार्य।

2020_PWDRB_ 80353	प्रथम आमंत्रण	17.50	कार्यपालन यंत्री, नया भोपाल संभाग, लो.नि.वि. शेड क्र.-10 जवाहर चौक टी.टी. नगर भोपाल दिनांक 12.03.2020 समय 17.30 बजे तक

क्र. एवं कार्य का नाम :- 23. आर.टी.सी. उपसंभाग, लो.नि.वि. भोपाल के अंतर्गत सेक्शन क्र. 15 एवं अन्य सेक्शनों के शासकीय आवास गृहों एवं गैर आवासीय भवनों में रंगाई पुताई एवं पेंटिंग कार्य।

2020_PWDRB_ 80354	प्रथम आमंत्रण	17.50	कार्यपालन यंत्री, नया भोपाल संभाग, लो.नि.वि. शेड क्र.-10 जवाहर चौक टी.टी. नगर भोपाल दिनांक 12.03.2020 समय 17.30 बजे तक

क्र. एवं कार्य का नाम :- 24. आर.टी.सी. उपसंभाग, लो.नि.वि. भोपाल के अंतर्गत सेक्शन क्र. 20 एवं अन्य सेक्शनों के शासकीय आवास गृहों एवं गैर आवासीय भवनों में रंगाई पुताई एवं पेंटिंग कार्य।

2020_PWDRB_ 80355	प्रथम आमंत्रण	17.50	कार्यपालन यंत्री, नया भोपाल संभाग, लो.नि.वि. शेड क्र.-10 जवाहर चौक टी.टी. नगर भोपाल दिनांक 12.03.2020 समय 17.30 बजे तक

क्र. एवं कार्य का नाम :- 25. उपसंभाग क्र.-2, लो.नि.वि. भोपाल के अंतर्गत सेक्शन क्रमांक 10 एवं अन्य सेक्शनों के शासकीय आवास गृहों में जल अवरोधक कार्य।

2020_PWDRB_ 80356	प्रथम आमंत्रण	17.50	कार्यपालन यंत्री, नया भोपाल संभाग, लो.नि.वि. शेड क्र.-10 जवाहर चौक टी.टी. नगर भोपाल दिनांक 12.03.2020 समय 17.30 बजे तक

क्र. एवं कार्य का नाम :- 26. उपसंभाग क्र.-2, लो.नि.वि. भोपाल के अंतर्गत सेक्शन क्रमांक 09 एवं अन्य सेक्शनों के शासकीय आवास गृहों में जल अवरोधक कार्य।

2020_PWDRB_ 80357	प्रथम आमंत्रण	17.50	कार्यपालन यंत्री, नया भोपाल संभाग, लो.नि.वि. शेड क्र.-10 जवाहर चौक टी.टी. नगर भोपाल दिनांक 12.03.2020 समय 17.30 बजे तक

क्र. एवं कार्य का नाम :- 27. जेल उपसंभाग क्र.3, लो.नि.वि. भोपाल के यूनिट अ एवं ब के शासकीय आवास गृहों एवं गैर आवसीय भवनों में विभिन्न प्रकार के साधारण, विशेष मरम्मत एवं अनुरक्षण कार्य।

2020_PWDRB_ 80358	प्रथम आमंत्रण	17.50	कार्यपालन यंत्री, नया भोपाल संभाग, लो.नि.वि. शेड क्र.-10 जवाहर चौक टी.टी. नगर भोपाल दिनांक 12.03.2020 समय 17.30 बजे तक

क्र. एवं कार्य का नाम :- 28. जेल उपसंभाग क्र.3, लो.नि.वि. भोपाल के शासकीय आवास गृहों एवं गैर आवासीय भवनों में विभिन्न प्रकार के साधारण, विशेष मरम्मत एवं अनुरक्षण कार्य।

2020_PWDRB_ 80359	प्रथम आमंत्रण	17.50	कार्यपालन यंत्री, नया भोपाल संभाग, लो.नि.वि. शेड क्र.-10 जवाहर चौक टी.टी. नगर भोपाल दिनांक 12.03.2020 समय 17.30 बजे तक

क्र. एवं कार्य का नाम :- 29. उपसंभाग क्र.3, लो.नि.वि. भोपाल के अंतर्गत सेक्शन क्र. 25 एवं अन्य सेक्शनों के शासकीय आवास गृहों एवं गैर आवासीय भवनों में विभिन्न प्रकार के साधारण, विशेष मरम्मत एवं अनुरक्षण कार्य।

2020_PWDRB_ 80360	प्रथम आमंत्रण	17.50	कार्यपालन यंत्री, नया भोपाल संभाग, लो.नि.वि. शेड क्र.-10 जवाहर चौक टी.टी. नगर भोपाल दिनांक 12.03.2020 समय 17.30 बजे तक

क्र. एवं कार्य का नाम :- 30. उपसंभाग क्र. 2, लो.नि.वि. भोपाल के अंतर्गत सेक्शन क्र. 09 एवं अन्य सेक्शनों के शासकीय आवास गृहों एवं गैर आवासीय भवनों में विभिन्न प्रकार के साधारण, विशेष मरम्मत एवं अनुरक्षण कार्य।

2020_PWDRB_ 80362	प्रथम आमंत्रण	17.50	कार्यपालन यंत्री, नया भोपाल संभाग, लो.नि.वि. शेड क्र.-10 जवाहर चौक टी.टी. नगर भोपाल दिनांक 12.03.2020 समय 17.30 बजे तक

क्र. एवं कार्य का नाम :- 31. उपसंभाग क्र. 2 लो.नि.वि. भोपाल के अंतर्गत सेक्शन क्र. 10 एवं अन्य सेक्शनों के शासकीय आवास गृहों एवं गैर आवासीय भवनों में विभिन्न प्रकार के साधारण, विशेष मरम्मत एवं अनुरक्षण कार्य।

(शेष पृष्ठ 19 पर)

टंट्या भील के नाम से जानी जाएगी डही माइक्रो उद्वहन सिंचाई योजना

धार, मुख्यमंत्री श्री कमल नाथ ने धार जिले के विकासखण्ड डही में 1085 करोड़ 20 लाख रुपये लागत की माइक्रो उद्वहन सिंचाई योजना का शिलान्यास करते हुए कहा कि यह योजना आदिवासी समाज के नायक टंट्या भील के नाम से जानी जाएगी। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज सहज, सरल और मेहनतकश है। इस समाज को वर्षों तक छला गया है किन्तु अब ऐसा नहीं होगा। श्री कमल नाथ ने कहा कि आदिवासी समाज के साथ मिलकर हम सब प्रदेश में विकास का नया अध्याय लिखेंगे।

समग्र नीतियों से प्रदेश की दशा बदलेगी

श्री कमल नाथ ने कहा कि हम विरासत में मिली प्रदेश की बिगड़ी अर्थ-व्यवस्था को सुव्यवस्था में बदलने के लिये कृत-संकल्पित हैं। हम ऐसी नीति बना रहे हैं, जिससे किसानों की दशा सुधरे। किसानों की पिछले कई वर्षों में खत्म हो चुकी क्रय-शक्ति को पुनर्जीवित करने के लिये प्रयास शुरू कर दिये गये हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की समग्र नीतियों से प्रदेश की दशा बदलेगी। श्री कमल नाथ ने कहा कि प्रदेश की 70 प्रतिशत आबादी कृषि पर आधारित है। इसलिये राज्य सरकार 'जय किसान फसल ऋण माफी' जैसी योजनाओं के जरिये किसानों की दशा को सुधारने का हरसंभव प्रयास कर रही है।

सबसे बड़ी चुनौती नौजवानों का भविष्य उज्ज्वल बनाना

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज का नौजवान ज्ञानवान है। उसके पास इंटरनेट जैसी आधुनिकतम सुविधाएं हैं, लेकिन रोज़गार नहीं है। उन्होंने कहा कि हमें नौजवानों की इस पीड़ा को पहचानना होगा, उनके हाथों को काम देना होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज सरकार के सामने सबसे बड़ी चुनौती नौजवानों का उज्ज्वल भविष्य सुनिश्चित करना है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार नौजवानों को रोज़गार के अवसर उपलब्ध कराने के लिये कृत-संकल्पित होकर कार्य कर रही है। प्रदेश में रोज़गार के अवसर बढ़ाने के लिये सभी तरह के प्रयास किये जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि नौजवान देश का भविष्य हैं, इसलिये हम इनके भविष्य को बर्बाद नहीं होने देंगे।

कमल नाथ जी का है आदिवासी समाज के प्रति विशेष लगाव

इस अवसर पर पर्यटन एवं नर्मदा घाटी विकास मंत्री श्री सुरेन्द्र सिंह बघेल ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री कमल नाथ का आदिवासी समाज के प्रति विशेष लगाव है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री ने मुझे नर्मदा घाटी विकास विभाग का दायित्व सौंपते समय साफ-साफ कहा था कि नर्मदा मैया का जल सबसे पहले आदिवासी अंचल में पहुंचना चाहिये।

शबरी जयंती समारोह एवं आदिवासी सम्मेलन

आदिवासी क्षेत्रों में पलायन रोकने और रोज़गार देने बनेगी सुनियोजित योजना

मुख्यमंत्री श्री कमल नाथ डिण्डौरी जिले में आयोजित आदिवासी सम्मेलन में घुघुवा राष्ट्रीय जीवाश्म उद्यान का चित्र भेंट स्वरूप प्राप्त करते हुये।

डिण्डौरी, आदिवासी क्षेत्रों में विकास का नया इतिहास बनाया जाएगा। आदिवासी क्षेत्रों से पलायन को रोकने, रोज़गार देने और स्थानीय उपज का उचित दाम दिलाने के लिए सुनियोजित योजनाएं बनायी जायेंगी। ये बातें मुख्यमंत्री श्री कमल नाथ ने आदिवासी बाहुल्य डिण्डौरी जिले में माता शबरी जयंती के अवसर पर आयोजित आदिवासी सम्मेलन को संबोधित करते हुये कहीं।

श्री कमल नाथ ने कहा कि आदिवासी इलाकों के विकास के लिए जो योजनाएं बनी थीं और वर्षों से धूल खा रहीं हैं, ऐसी योजनाओं को लागू कर आदिवासी भाईयों तक उनका लाभ पहुंचाया जाएगा। श्री कमल नाथ ने यह बात बरगी बांध निर्माण के समय डिण्डौरी जिले को भी नर्मदा नदी का लाभ देने की योजना के संदर्भ में कही। यह योजना दस हजार करोड़ रुपये लागत की है। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि प्रदेश की शान आदिवासी समाज का सर्वांगीण विकास हो। उन्हें काम की तलाश में बाहर ना जाने पड़े। घर में, गांव में ही, उनके पास रोज़गार हो, सरकार इसके लिए प्रयासरत है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि माता शबरी मानवता और सरलता की प्रतिमूर्ति हैं। यही कारण है कि उनके प्रति आदिवासी समाज में अगाध श्रद्धा और आस्था है। उन्होंने कहा कि यह सबसे पवित्र दिन है, जब आदिवासी युवा संकल्प लें कि वे आदिवासी संस्कृति और सभ्यता को अपनाएंगे और अपने गौरवशाली इतिहास को सदैव अक्षुण्ण बनाए रखेंगे। उन्होंने कहा कि अलग-अलग जाति होने के बाद भी आदिवासी समाज में जो एकजुटता है, वह उनकी संस्कृति और संस्कार की ही शक्ति है, जिसे बुजुर्गों ने अपनाया और सुरक्षित रखा। मुख्यमंत्री ने कहा कि आदिवासी समाज विकास प्रक्रिया में सहभागी बना है। आवश्यकता इस बात कि है कि अपने अधिकार और हक के लिए आदिवासी वर्ग एवं उनके प्रतिनिधि अपनी आवाज को बुलंद करें।

रोज़गार और कृषि क्षेत्र में नई नीतियां लागू

मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश में युवाओं को, जिन पर मध्यप्रदेश और देश के निर्माण की जिम्मेदारी है, उनके भविष्य को सुरक्षित बनाने के लिए निवेश का एक नया माहौल बनाया गया है। कृषि क्षेत्र में किसान कर्ज मुक्त होकर अपनी उपज का सही दाम प्राप्त करें, इसके लिए नई नीतियां लागू की जा रही हैं। जय किसान फसल ऋण माफी योजना में 22 लाख किसानों का ऋण माफ किया गया है।

प्रदेश के हालात बदलने में हमने बताई अपनी नियत और नीति

श्री कमल नाथ ने कहा कि पिछले साढ़े ग्यारह माह में नई सरकार ने विरासत में मिले खाली खजाने और बदहाल व्यवस्था को सुधारने में अपनी साफ नियत और नीति बताई है। उन्होंने कहा कि हर क्षेत्र में उत्पन्न चुनौतियों का सामना करते हुए नई सोच और दृष्टिकोण के साथ काम किया जा रहा है। देश में किसान आत्महत्या में नंबर-वन मध्यप्रदेश के किसानों को राहत पहुंचाई गई है। बेरोज़गारी में नंबर-वन प्रदेश के युवाओं को बेरोज़गारी के अंधकार से निकालने के नए निवेश को प्रोत्साहित किया जा रहा है। इस संकल्प के साथ कि आने वाले दिनों में प्रदेश के विकास का एक नया नक्शा बनाएंगे।

सच्चाई का साथ देते रहें, निराश नहीं होंगे

मुख्यमंत्री श्री कमल नाथ ने कहा कि मंडला और डिण्डौरी के आदिवासी भाईयों ने सदैव सच्चाई का साथ दिया है। उन्होंने जो विश्वास और शक्ति दी है, उसके बल पर हम कभी भी इस क्षेत्र के लोगों को निराश नहीं होने देंगे। श्री कमल नाथ ने कहा कि डिण्डौरी और मंडला का एक नया इतिहास विकास के नक्शे पर अंकित हो, इसके लिए सरकार वचनबद्ध है।

नाबार्ड के सहयोग से बढ़ाई जाएगी खाद्यान्न भंडारण क्षमता

भोपाल, खाद्य-नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कहा है कि नाबार्ड के सहयोग से प्रदेश में खाद्यान्न भंडारण क्षमता का विस्तार किया जाएगा। निजी गोदाम संचालकों को प्रोत्साहित किया जायेगा। नये गोदामों का निर्माण कराया जायेगा। इस काम में नाबार्ड के माध्यम से 221 करोड़ 27 लाख रुपये व्यय किये जायेंगे।

श्री तोमर ने बताया कि इस परियोजना में अनावश्यक खाद्यान्न परिवहन व्यय को कम करने के लिये विकासखंड स्तर पर 136 चिन्हित स्थानों पर और 76 उपार्जन केन्द्रों पर 500-500 मीट्रिक टन क्षमता के गोदाम-सह-उचित मूल्य दुकानों के लिये भवनों का निर्माण कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि इन भवनों में किसानों एवं हितग्राहियों के लिए शुद्ध पेयजल और सुलभ कॉम्प्लेक्स आदि मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित की जायेंगी। इस कार्य पर परियोजना की कुल राशि में से 77 करोड़ 40 लाख रुपये की राशि व्यय की जाएगी।

श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया कि परियोजनान्तर्गत वेयर हॉउसिंग कॉर्पोरेशन की भण्डारण क्षमता का विस्तार किया जा रहा है। प्रदेश में अभी वेयर हाउसों की भण्डारण क्षमता 23 लाख मीट्रिक टन है। अब इन वेयर हाउसों में सीमेन्ट कॉन्क्रीट रोड और वाउंड्रीवाल का निर्माण कराया जा रहा है। साथ ही, 250 वेयर हाउसों में सुलभ कॉम्प्लेक्स और पेयजल सुविधा के विस्तार का काम जारी है।

खाद्य-नागरिक आपूर्ति मंत्री ने बताया कि 74 हजार मीट्रिक टन क्षमता के केप को भी गोदाम के रूप में परिवर्तित किया जा रहा है। राज्य सरकार द्वारा प्रदेश में 2 स्थानों पर आधुनिक पद्धति से सर्वसुविधायुक्त गोदाम बनाने तथा 66 स्थानों पर डिजिटाईज्ड-9-वे ब्रिज बनाने का निर्णय लिया गया है।

मुख्यमंत्री द्वारा यूनिफाइड ड्रायविंग लायसेंस एवं पंजीयन कार्ड लोकार्पित

एक साथ लायसेंस और पंजीयन कार्ड बनाने वाला पहला राज्य बना मध्यप्रदेश

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री कमल नाथ ने भोपाल स्थित मंत्रालय में यूनिफाइड ड्रायविंग लायसेंस एवं पंजीयन कार्ड का लोकार्पण किया। मध्यप्रदेश देश का पहला राज्य है, जिसने यूनिफाइड ड्रायविंग लायसेंस एवं पंजीयन कार्ड एक साथ लोकार्पित किया है। इसके पूर्व उत्तर प्रदेश राज्य ने सिर्फ यूनिफाइड ड्रायविंग लायसेंस जारी किया है।

मुख्यमंत्री श्री कमल नाथ ने परिवहन विभाग को मध्यप्रदेश को देश में यूनिफाइड पंजीयन कार्ड बनाने में पहला और ड्रायविंग लायसेंस में दूसरा राज्य बनाने के लिए बधाई दी। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर यूनिफाइड कार्ड के प्रथम 6 उपभोक्ताओं को टोकन के रूप में कार्ड वितरित किए।

मुख्यमंत्री श्री कमल नाथ भोपाल में यूनिफाइड ड्रायविंग लायसेंस एवं पंजीयन कार्ड का एक साथ लोकार्पण करते हुये।

कार्ड की मुख्य विशेषता

यूनिफाइड ड्रायविंग लायसेंस एवं पंजीयन कार्ड में नई जानकारियां संकलित की गई हैं। पूरे देश में यह कार्ड एक समान और एक रंग का है। पहाड़ी और खतरनाक क्षेत्रों में ड्रायविंग करने की क्षमता का भी इसमें उल्लेख होगा। विशिष्ट सीरियल नंबर होने के साथ ही इसमें आकस्मिक इमरजेंसी नंबर होगा। साथ ही बैज नंबर भी अंकित होगा। नए कार्ड के दोनों तरफ जानकारी अंकित होने के साथ ही ऑर्गन डोनर, क्यूआर कोर्ड और अमान्य वाहन पंजीयन नंबर की भी जानकारी होगी।

इस अवसर पर प्रमुख सचिव गृह एवं परिवहन श्री एस.एन. मिश्रा, आयुक्त परिवहन श्री मधु कुमार एवं परिवहन विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

आदिवासी शालाओं के 52 हजार 466 शिक्षक नवीन संवर्ग में हुए नियमित

भोपाल, राज्य शासन ने आदिवासी शालाओं के 52 हजार 466 शिक्षकों को समयबद्ध तरीके से नवीन शिक्षक संवर्ग में नियमित कर दिया है। आदिम-जाति कल्याण विभाग द्वारा जारी आदेशानुसार इनमें से शैक्षणिक संस्थाओं में कार्यरत 2663 वरिष्ठ अध्यापकों को उच्च माध्यमिक शिक्षक, 14 हजार 22 अध्यापकों को माध्यमिक शिक्षक तथा 35 हजार 781 सहायक अध्यापकों को प्राथमिक शिक्षक पद पर नियमित किया गया है।

प्रदेश के विशेष पिछड़ी जनजाति बहुल क्षेत्रों के 15 जिलों में संचालित 2016 आवासीय शैक्षणिक संस्थाओं में सोलर गीजर प्लांट की स्थापना की जा रही है। इस काम पर आदिम-जाति कल्याण विभाग द्वारा 26 करोड़ रुपये की राशि खर्च की जा रही है। लाभान्वित संस्थाओं में 56 जूनियर छात्रावास, 531 सीनियर छात्रावास, 39 महाविद्यालयीन छात्रावास और 382 शालाओं सहित 1008 विभागीय संस्थाएं शामिल हैं।

श्योपुर के कराहल में नव-निर्मित गौ-शाला का लोकार्पण

श्योपुर, पशुपालन, मछुआ कल्याण एवं मत्स्य विकास मंत्री श्री लाखन सिंह यादव ने अपने प्रभार के जिला श्योपुर में विकासखण्ड कराहल में 27 लाख 72 हजार रुपये लागत की नव-निर्मित गौ-शाला का लोकार्पण किया। उन्होंने बताया कि प्रदेश में लगभग 10 लाख निराश्रित गौ-वंश को आश्रय देने के लिये प्रथम चरण में एक हजार गौ-शालाओं का निर्माण किया जा रहा है। इनमें से लगभग 700 गौ-शालाओं का निर्माण पूर्ण हो चुका है। शेष गौ-शालाओं का निर्माण लक्षित अवधि में पूर्ण कर लिया जायेगा।

श्री यादव ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि निराश्रित पशुधन की टैगिंग का काम शीघ्रता से पूर्ण करें।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

मिलेट मिशन

पर्यटन विभाग के होटलों के मेन्यू में शामिल होंगे कोदो-कुटकी के व्यंजन

मुख्यमंत्री श्री कमल नाथ भोपाल में 'मिलेट मिशन' की समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुये।

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री कमल नाथ ने मंत्रालय में मिलेट मिशन की समीक्षा करते हुये कोदो-कुटकी के उत्पादन को दोगुना करने और इसके उपार्जन के साथ ही उत्पादों की अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर ब्रांडिंग करने को कहा है। मुख्यमंत्री ने पर्यटन विभाग के होटलों में कोदो-कुटकी से बने व्यंजनों को मेन्यू में शामिल करने तथा उनके बिक्री केंद्र भी अनिवार्य रूप से स्थापित करने के निर्देश दिए हैं।

कोदो–कुटकी उपार्जन की नीति बनाई जाए

मुख्यमंत्री श्री कमल नाथ ने कहा कि कोदो-कुटकी, ज्वार-बाजरा एवं मक्का ऐसी फसलें हैं, जो ज्यादातर आदिवासी इलाकों में उत्पादित होती हैं और जिसका जरूरत के मुताबिक आदिवासी उत्पादन करते हैं। उन्होंने कहा कि कोदो-कुटकी के उपार्जन की भी नीति बनाई जाए। मुख्यमंत्री ने मिलेट मिशन के अंतर्गत आने वाली कोदो-कुटकी फसल के उत्पादन को प्रोत्साहित करने के साथ ही किसानों को इसके लिए प्रेरित करने को भी कहा। उन्होंने कहा कि यह एक ऐसी प्रीमियम फसल है, जो स्वास्थ्यवर्धक है। इस कारण अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर इसकी मांग है।

जैविक खेती को दें बढ़ावा

मुख्यमंत्री ने कहा कि निजी क्षेत्र के सहयोग से कोदो-कुटकी के बुवाई क्षेत्र में डेढ़ गुना विस्तार करने के साथ ही आदिवासी किसान 50 प्रतिशत तक इन फसलों की बुवाई करें। इसके लिये कृषि और ग्रामीण विकास विभाग निजी क्षेत्रों के सहयोग से सुनियोजित रणनीति तैयार करे। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन फसलों की जैविक खेती को भी बढ़ावा दिया जाना चाहिए। इससे हम किसानों की आय में 20 से 25 प्रतिशत का इजाफा कर सकेंगे।

बैठक में प्रमुख सचिव किसान कल्याण एवं कृषि विकास श्री अजीत केसरी ने बताया कि मुख्यमंत्री की मंशानुसार मिलेट मिशन में कोदो-कुटकी, ज्वार और बाजरा की फसलों के जैविक एवं सामान्य उत्पादन को दोगुना करने के लिए समयबद्ध कार्य-योजना बनाई गई है।

ग्रामीण विकास विभाग के आजीविका मिशन, निजी क्षेत्र के एनजीओ, समितियों और फार्मर प्रोड्यूस कंपनियों के सहयोग से कार्य-योजना को क्रियान्वित किया जाएगा। श्री केसरी ने बताया कि मिलेट मिशन के अंतर्गत आने वाली फसलों के प्रमाणित बीजों के अनुसंधान पर भी काम किया जा रहा है। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव श्री मनोज श्रीवास्तव, संचालक कृषि श्री संदीप सिंह एवं कृषि और ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

कृषकों को 10 घंटे बिजली प्रदाय की समय सारणी निर्धारित

भोपाल, ऊर्जा मंत्री श्री प्रियव्रत सिंह के निर्देशानुसार प्रदेश की तीनों विद्युत वितरण कंपनियों द्वारा रबी के मौसम के दौरान कृषकों को 10 घंटे बिजली देने के लिए प्रभारी मंत्री से अनुमोदन के बाद समय सारणी का निर्धारण कर दिया गया है।

मध्यप्रदेश विद्युत वितरण कंपनी के अंतर्गत होशंगाबाद, ग्वालियर, भिण्ड, मुरैना, दतिया, गुना, अशोक नगर एवं श्योपुर जिलों में कृषि कार्य के लिये लगातार 10 घंटे विद्युत प्रदाय किया जा रहा है। सीहोर, राजगढ़, बैतूल, रायसेन, विदिशा, भोपाल एवं हरदा में जिला योजना समिति के अनुमोदन से 4+6 घंटे की समय सारणी लागू कर दी गई है।

पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के अंतर्गत गैर कृषि फीडर पर 24 घंटे तथा 11 केव्ही कृषि फीडरों को दो भागों में क्रमशः ग्रुप ए व ग्रुप बी में विभक्त कर 10 घंटे विद्युत प्रदाय किया जा रहा है। छिंदवाड़ा और दमोह जिले में लगातार 10 घंटे विद्युत प्रदाय किया जा रहा है। इसी तरह बाकी शेष जिले कटनी, जबलपुर, मंडला, नरसिंहपुर, सागर, सिवनी, छतरपुर, टीकमगढ़, रीवा, सीधी, सतना, शहडोल में 4+6 घंटे विद्युत प्रदाय किया जा रहा है। समय सारणी को पाक्षिक स्तर पर आपस में बदल दिया जाता है।

आगर में किसानों के लिये लगेंगे नए ग्रिड

आगर-मालवा, ऊर्जा मंत्री श्री प्रियव्रत सिंह ने कहा है कि आगर विधानसभा क्षेत्र में किसानों को निर्बाध विद्युत आपूर्ति के लिये जरूरत के अनुसार नए ग्रिड स्वीकृत किये जायेंगे। उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि कैम्प लगाकर विद्युत उपभोक्ताओं की शिकायतों का निराकरण करें।

ऊर्जा मंत्री ने कहा कि विद्युत उपभोक्ताओं को 100 यूनिट तक 100 रुपये का ही बिल देना होता है। सरकार ने किसानों का बिल भी आधा कर दिया है। उन्होंने कहा कि जय किसान फसल ऋण माफी योजना में पात्र किसानों का फसल ऋण माफ किया जा रहा है।

युवा पीढ़ी की बौद्धिक क्षमता का देश हित में उपयोग जरूरी - मुख्यमंत्री

भोपाल, युवा पीढ़ी की बौद्धिक क्षमता का उपयोग समाज और देश हित में करना जरूरी है। युवा शक्ति ही इस देश को सुरक्षित रखने और समृद्ध बनाने में सक्षम है। ये बातें मुख्यमंत्री श्री कमल नाथ ने भोपाल में मध्यप्रदेश कुर्मी क्षत्रीय समाज के 20वें अखिल भारतीय युवक-युवती परिचय सम्मेलन को संबोधित करते हुये कहीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि युवाओं के पास ज्ञान है। समय रहते हमें इस ज्ञान संपदा का रचनात्मक उपयोग करना होगा। उन्होंने कहा कि समाज का दायित्व है कि वे भावी पीढ़ी को सामाजिक मूल्यों से जोड़ें।

मुख्यमंत्री श्री कमल नाथ को भोपाल में मध्यप्रदेश कुर्मी समाज के पदाधिकारी स्मृति चिन्ह प्रदान करते हुये।

सोवियत संघ बिखर गया, क्योंकि वहां एकजुटता की संस्कृति नहीं थी

मुख्यमंत्री ने विश्व की महाशक्ति सोवियत संघ के बिखरने का उदाहरण देते हुए कहा कि वहाँ एकजुटता की संस्कृति नहीं थी। सोवियत संघ की सरकार, समरसता और एक-दूसरे के प्रति आदर-सम्मान की भावना नहीं होने के कारण ही उसके टुकड़े-टुकड़े हो गए। उन्होंने कहा कि विश्व में ऐसा कोई देश भारत जैसा नहीं है, जिसकी इतनी भाषा, जाति, धर्म के साथ रहन-सहन, खान-पान के तरीके इतने अलग हों। इसके बावजूद हम सदियों से एकजुट होकर एक झंडे के नीचे खड़े हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी अनेकता में एकता को ताज्जुब की दृष्टि से पूरी दुनिया देखती है, हमारी यह शक्ति बनी रहे। यह हम सभी का दायित्व है।

मध्यप्रदेश फिल्म पर्यटन नीति–2020

मध्यप्रदेश बनेगा फिल्म जगत और कलाकारों का डेस्टिनेशन

राज्य सरकार ने मध्यप्रदेश फिल्म पर्यटन नीति-2020 को लागू कर प्रदेश को आर्थिक रूप से सम्पन्न बनाने की क्रान्तिकारी शुरुआत की है। अब वह दिन दूर नहीं, जब फिल्म जगत को हर विषय की फिल्म बनाने के लिए केवल मध्यप्रदेश ही सर्वश्रेष्ठ वेन्यू दिखाई देगा। मुख्यमंत्री श्री कमल नाथ ने फिल्म जगत के लिये मध्यप्रदेश के दरवाजे खोलकर फिल्मों के माध्यम से प्रदेश के आर्थिक विकास का मार्ग प्रशस्त कर दिया है।

पर्यटन नीति-2020 लागू कर मध्यप्रदेश को फिल्म निर्माताओं की पहली पसंद बनाया जा रहा है। नीति में फिल्मों के लिए प्रदेश को सेंट्रल हब बनाने का भी निर्णय लिया गया है। फिल्म निर्माण के लिये बुनियादी ढांचा तैयार कर फिल्म निर्माताओं और फिल्मों से जुड़े उद्योगों को निवेश के लिये प्रोत्साहित किया जायेगा। प्रदेश के पर्यटन स्थलों को फिल्मों के माध्यम से राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय पहचान मिलेगी। राज्य सरकार द्वारा फिल्म शूटिंग की अनुमति की प्रक्रिया को आसान बना दिया गया है, जिससे प्रदेश में अधिक से अधिक फिल्मांकन को प्रोत्साहन मिलेगा।

फिल्म सुविधा सेल

मध्यप्रदेश में एक समर्पित फिल्म सुविधा सेल का गठन किया गया है। प्रबंध संचालक मध्यप्रदेश टूरिज़्म बोर्ड की अध्यक्षता में यह सेल फिल्म पर्यटन विकास के लिये नोडल एजेंसी के रूप में कार्य करेगा। यह सेल स्टेक होल्डर्स के साथ फिल्म पर्यटन नीति के क्रियान्वयन, प्रक्रिया निर्धारण और आवेदनों के निराकरण संबंधी समन्वय करेगा तथा फिल्म उद्योग की अद्यतन प्रवृत्तियों के अनुसार नीति संबंधी सुझाव एवं नियामक सुधार के लिए समय-समय पर प्रस्ताव तैयार करेगा।

सिंगल विंडो क्लियरेंस

मध्यप्रदेश में फिल्मों/धारावाहिकों/वेबसीरीज की शूटिंग करने के इच्छुक फिल्म निर्माताओं के लिए वन-प्वाइंट एंट्रेस सिस्टम और समयबद्ध अनुमति तंत्र के लिए ऑनलाइन फिल्म वेब पोर्टल तैयार किया जा रहा है। यह पोर्टल फिल्म पर्यटन नीति के लिये सूचना-प्रसार के एक मंच के रूप में कार्य करेगा। इसमें फिल्म फेसीलिटेशन सेल द्वारा ऑनलाइन तरीके से वेब पोर्टल तैयार न होने तक ऑफलाइन आवेदन लिये जायेंगे। अन्य सुविधाओं और सेवाओं से संबंधित जानकारी भी इस पोर्टल पर मिलेगी। प्रत्येक जिले में एस.डी.एम. स्तर के अधिकारी को फिल्म पर्यटन नीति के क्रियान्वयन के लिये नोडल अधिकारी प्राधिकृत किया जायेगा।

प्रचार–प्रसार एवं प्रोत्साहन सहायता

फिल्म पर्यटन को बढ़ावा देने के लिये राज्य सरकार मनोरंजन उद्योग का विकास कर रही है। इसके अंतर्गत थीम पार्क और सेल्फी प्वाइंट बनाये जा रहे हैं। प्रदेश में राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय फिल्म समारोह, गोष्ठी और सेमीनार आयोजित किये जायेंगे। देश के प्रमुख फिल्म निर्माताओं के फेम टूर्स आयोजित किये जायेंगे।

वित्तीय प्रोत्साहन

राज्य सरकार ने फिल्म पर्यटन नीति के अंतर्गत किसी भी भाषा में फिल्म निर्माण के लिये प्रदेश में फिल्मों के अधिक से अधिक फिल्मांकन पर अनुदान के पात्रता मापदंड निर्धारित किये हैं। पहली फिल्म की शूटिंग के लिये अनुदान एक करोड़ रुपये तक अथवा फिल्म की कुल लागत का 25 प्रतिशत, जो भी कम हो, देय होगा। इसके लिये फिल्म के संपूर्ण शूटिंग दिवसों के न्यूनतम 50 प्रतिशत शूटिंग दिवस मध्यप्रदेश में होना जरूरी है। इसी तरह, दूसरी फिल्म के लिये 1 करोड़ 25 लाख रुपये तक या फिल्म की कुल लागत का 25 प्रतिशत, जो भी कम हो, देय होगा। इसके लिये फिल्म के संपूर्ण शूटिंग दिवसों के न्यूनतम 50 प्रतिशत शूटिंग दिवस मध्यप्रदेश में होना जरूरी होगा। इसके अलावा, तीसरी और आगे की फिल्मों के लिये 1 करोड़ 50 लाख रुपये तक या फिल्मों की लागत का 75 प्रतिशत, जो भी कम हो, देय होगा। इसके लिये फिल्म के संपूर्ण शूटिंग दिवसों के न्यूनतम 50 प्रतिशत शूटिंग दिवस मध्यप्रदेश में होना जरूरी होगा। फिल्म पर्यटन नीति में प्रदेश में 75 प्रतिशत से अधिक शूटिंग दिवस वाली फीचर फिल्म के फिल्मांकन में मध्यप्रदेश को प्रमुखता से प्रदर्शित किया जाता है, ऐसी फिल्म को प्रोत्साहित करने वाली प्रत्येक श्रेणी (प्रथम/द्वितीय/तृतीय एवं आगामी फिल्म) में 50 लाख रुपये का अतिरिक्त अनुदान दिया जाएगा। इसका निर्णय फिल्म फेसीलिटेशन सेल द्वारा लिया जायेगा। प्रदेश पर आधारित कहानी/स्क्रिप्ट पर फिल्मांकन एवं फिल्म की परियोजना की लागत का 50 प्रतिशत या 5 करोड़ रुपये, जो भी कम हो, पर विशेष अनुदान दिया जायेगा। अनुदान का निर्णय फिल्म फेसीलिटेशन सेल द्वारा लिया जायेगा। यदि फिल्म निर्माण में मध्यप्रदेश के स्थानीय कलाकारों को काम के अवसर दे रहे हैं, तो तीन स्तर पर अतिरिक्त अनुदान दिया जाएगा। कहानी के अनुसार प्रमुखता से प्रदर्शित होने वाले कैरेक्टर पर अधिकतम 25 लाख रुपये दिये जायेंगे। इसी तरह, 5 द्वितीय स्तर पर कहानी के अनुसार प्रमुखता से प्रदर्शित होने वाले कैरेक्टर के अतिरिक्त अन्य प्रमुख कैरेक्टर के कलाकारों के लिए अधिकतम 10 लाख रुपये अथवा दोनों श्रेणियों के लिये कलाकारों के वास्तविक भुगतान की 50 प्रतिशत राशि, जो भी कम हो, दी जायेगी।

फिल्म सिटी

प्रदेश सरकार राज्य में फिल्म सिटी स्थापित करने का भी प्रयास करेगी, ताकि एक ही स्थान पर फिल्म निर्माताओं के लिये पूर्ण बुनियादी ढांचा उपलब्ध हो सके। निजी क्षेत्र की सहायता से फिल्म सिटी/शहरों/फिल्म लैब की स्थापना की संभावनाओं का आकलन करने के लिये राज्य के पर्यटन विभाग द्वारा एक विशेषज्ञ एजेंसी के माध्यम से व्यवहार्यता अध्ययन कराया जाएगा तथा क्रियान्वयन के लिये एक विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार की जाएगी।

राज्य सरकार प्रदेश में फिल्म सिटी की स्थापना के लिये पर्यटन नीति 2016 (संशोधित 2019) के अनुसार भूमि भी प्रदान करेगी और सक्रिय बुनियादी ढांचे के निर्माण में सक्रिय रूप से सहयोग भी देगी। इस तरह अब मध्यप्रदेश फिल्म जगत और कलाकारों का गंतव्य बनेगा।

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा राज्यसभा निर्वाचन 2020 की सूचना जारी

भोपाल, भारत निर्वाचन आयोग द्वारा राज्यसभा निर्वाचन 2020 की सूचना 25 फरवरी को जारी की गयी है। मध्यप्रदेश की तीन रिक्त सीटों के लिये चुनाव तारीखों की घोषणा की गयी है।

प्रभारी मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री अरूण कुमार तोमर ने बताया कि अधिसूचना दिनांक 06 मार्च 2020 को जारी की जाएगी, नामांकन भरने की अंतिम तारीख 13 मार्च 2020 रहेगी, नामांकन पत्रों की संवीक्षा 16 मार्च को, नाम वापसी की अंतिम तिथि 18 मार्च को तथा मतदान एवं मतगणना 26 मार्च को की जाएगी।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

सामयिकी

संयुक्त राष्ट्र मानव अधिकार परिषद का 43वां सत्र शुरू

संयुक्त राष्ट्र मानव अधिकार के 43वें सत्र का शुभारंभ बच्चों पर युद्ध के प्रभाव, संघर्ष वाले क्षेत्रों और अन्य जगहों पर उनके द्वारा झेले जाने वाले शोषण के विभिन्न स्वरूपों पर चर्चा के साथ हुआ।

अमेरिका में

आव्रजन पर नया नियम लागू

अमेरिका में आव्रजन पर नया नियम लागू किया जा रहा है। इससे उन कानूनी आव्रजनों को ग्रीनकार्ड या कानूनी रूप से

- **इस नियम से होमलैंड सुरक्षा विभाग यह पहचान करेगा कि कौन विदेशी नागरिक देश में रहने योग्य नहीं है।**
- **इस नियम से कई ऐसे भारतीय नागरिक प्रभावित हो सकते हैं जिनके पास एच-1 बी वीजा है और जो लंबे समय से स्थायी कानूनी निवास की अनुमति मिलने के इंतजार में हैं।**

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। उल्लेखित कार्यों का विस्तृत विवरण वेबसाइट **https://mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है :-

स. क्र.	टेण्डर क्रमांक	जिला	कार्य का प्रकार	कार्य का नाम	आमंत्रण क्रमांक	कार्य की अनु. राशि (लाख में)	स्पीड पोस्ट द्वारा एनक्लोप प्रस्तुत करने का कार्यालय (मूल एफ.डी.आर. एवं अन्य दस्तावेज)
1.	2020_PWDRB_80389	हो.याद	निर्माण कार्य	शासकीय कुसुम महाविद्यालय, सिवनी मालवा के परिसर में ऑडिटोरियम का निर्माण कार्य (शेष कार्य)	प्रथम	31.78	मुख्य अभियंता (रा.प.), लोक निर्माण विभाग, निर्माण भवन, अरेरा हिल्स, भोपाल, दि. 12.03.2020 **समय सायं 17:30 बजे तक।**
2.	2020_PWDRB_80390	हो.याद	नवीनीकरण	डाईट पचमढ़ी में नाली, पेविंग ब्लॉक एवं वी.टी. रिनीवल का कार्य।	प्रथम	10.81	कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग, संभाग क्र.-1, होशंगाबाद (म.प्र.) दि. 12.03.2020 समय **सायं 17:30 बजे तक।**
3.	2020_PWDRB_80391	हो.याद	मरम्मत	डाईट पचमढ़ी में रहवासी भवनों में मरम्मत कार्य।	प्रथम	38.33	मुख्य अभियंता (रा.प.), लोक निर्माण विभाग, निर्माण भवन, अरेरा हिल्स, भोपाल, दि. 12.03.2020 **समय सायं 17:30 बजे तक।**
4.	2020_PWDRB_80392	हो.याद	चौड़ीकरण	ग्राम लोहरिया से तारारोड़ा मार्ग तक मार्ग का चौड़ीकरण कार्य।	नवम	44.34	मुख्य अभियंता (रा.प.) लोक निर्माण विभाग, निर्माण भवन, अरेरा हिल्स, भोपाल, दि. 12.03.2020 **समय सायं 17:30 बजे तक।**
				कुल योग रुपये		125.26	

उपरोक्त वेबसाइट ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डॉक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की **अंतिम तिथि 07.03.2020 सायं 17:30 बजे** निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखी जा सकती है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

मूल एफ.डी.आर. एवं अन्य दस्तावेज स्पीड पोस्ट डाक द्वारा **दिनांक 12.03.2020 सायं 17:30 बजे तक** दर्शित कार्यालय में प्राप्त की जावेगी। डाक में विलंब के लिए विभाग जिम्मेदार नहीं होगा।

कार्यपालन यंत्री
जी-23328/43684/2020 लो.नि.वि. संभाग होशंगाबाद

कार्यालय प्रमुख अभियंता , जल संसाधन विभाग, भोपाल

ई-मेल : ceproc.encwrd.bpl@nic.in, फोन : 0755-2767635, फैक्स : 0755-2552406
निविदा सूचना क्रमांक-722/2019-20/प्रमुख अभियंता/ई-टेंडरिंग/ भोपाल, दिनांक : 22.02.2020

निम्न कार्यों हेतु निविदा वेबसाइट **https://www.mptenders.gov.in** पर आमंत्रित की गई है। निविदा प्रपत्र **दिनांक 12.03.2020 को 17:30 बजे तक** क्रय/डाउनलोड तथा प्रस्तुत किए जा सकते हैं।

निविदा में संशोधन की स्थिति में वेबसाइट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

सं.क्र.	निविदा क्रमांक	कार्य	जिला	लागत (लाख)
1.	2020_WRD_81284	वानसुजारा बांध के एन.ओ.एफ. एवं सैडल क्र. 4 के साथ पहाड़ी के जोड़ के ऊपर रैप एराउंड/मिट्टी के कार्य की सुरक्षा का निर्माण कार्य, कंसट्रक्शन, ब्लॉक ज्वाइंट एवं सेकंड स्टेज कांक्रीट पर इपोक्सी का कार्य, ड्रिलिंग तथा अन्य कार्य।	टीकमगढ़	327.00

जी-23339/43686/2020 मुख्य अभियंता (प्रोक्योरमेंट)

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग, संभाग भिण्ड (म.प्र.)

Website : www.mp.gov.in/pwd.mp
E-mail : eepwdbhind@mp.nic.in, (Phone : 07534/234714, Fax : 2333011)

क्रमांक 835/व.ले.लि./2019-20 भिण्ड, दिनांक 19.02.2020

निविदा विज्ञप्ति सूचना क्रमांक 08/2019-20

मध्यप्रदेश लोक निर्माण विभाग में केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत पंजीकृत ठेकेदारों से म.प्र. के राज्यपाल की ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु सड़क एवं भवन कार्यों की अनुसूची दर प्रभावशील दिनांक 29.08.2017, 01.08.2014 पर निविदा आमंत्रण सूचना जारी होने के दिनांक तक समस्त संशोधनों सहित ई-टेण्डरिंग पद्धति द्वारा ऑनलाइन निविदा में अपेन्डिक्स 2.10 में निहित शर्तों के अनुरूप आमंत्रित की जाती हैं, जिसकी विस्तृत निविदा सूचना एवं कार्यों का विवरण वेबसाइट **http://mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है। वेबसाइट पर होने वाली तकनीकी समस्याओं हेतु विभाग जिम्मेदार नहीं होगा।

स.क्र. एवं कार्य का नाम :- 1. निर्माण कार्य लहार अमायन मार्ग से केशवगढ़ व्हाया मंडौरी से मंगरौल मार्ग लम्बाई 18.40 कि.मी.।

टेण्डर आई. डी. क्र.	अनुमानित लागत (लाखों में)	अग्रिम धरोहर राशि (रुपयों में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु.)	कार्य पूर्ण करने की अवधि	आमंत्रण क्रमांक	टीप
2020_ PWDRB_ 80872	2095.37 (बीस करोड़ पिन्चानवें लाख सैंतीस हजार)	1047685/-	50000/-	26 माह वर्षाकाल सहित	प्रथम	मुख्य अभियंता (उ) परिक्षेत्र, लो.नि.वि. ग्वालियर, म.प्र.

स.क्र. एवं कार्य का नाम :- 2. निर्माण कार्य ग्राम रहावली उवारी से नरिया पहुंच मार्ग लम्बाई 1.00 कि.मी.।

2020_ PWDRB_ 80879	130.93 (एक करोड़ तीस लाख तिरानवे हजार)	130930/-	12500/-	08 माह वर्षाकाल सहित	प्रथम	मुख्य अभियंता (उ) परिक्षेत्र, लो.नि.वि. ग्वालियर, म.प्र.

स.क्र. एवं कार्य का नाम :- 3. विशेष मरम्मत कार्य आवास गृह क्र. एच-2, एच-3, एच-4, एच-11, एच-12, एच-13, एच-14, एच-17, एच-19, एच-20, एच-21, एच-22 जी.ए.डी. कॉलोनी कॉटनजीन भिण्ड।

2020_ PWDRB_ 80882	5.33 (पांच लाख तैंतीस हजार)	10660/-	2000/-	02 माह	प्रथम	कार्यपालन यंत्री लो.नि.वि., संभाग भिण्ड, म.प्र.

स.क्र. एवं कार्य का नाम :- 4. विशेष मरम्मत कार्य आवास गृह क्र. एच-23, एच-27, एच-28, एच-29, एच-30, एच-31, एच-40, एच-42, एच-45, एच-46, एच-49, जी.ए.डी. कॉलोनी कॉटनजीन भिण्ड।

2020_ PWDRB_ 80883	4.83 (चार लाख तिरासी हजार)	9660/-	2000/-	02 माह	प्रथम	कार्यपालन यंत्री लो.नि.वि., संभाग भिण्ड, म.प्र.

स.क्र. एवं कार्य का नाम :- 5. मरम्मत एवं टूटे खिड़कियों के कांच बदलने का कार्य न्यायालय भवन, भिण्ड।

2020_ PWDRB_ 80884	1.87 (एक लाख सतासी हजार)	3740/-	2000/-	01 माह	प्रथम	कार्यपालन यंत्री लो.नि.वि., संभाग भिण्ड, म.प्र.

योग :- 05 कार्य :- 2238.33 (बाईस करोड़ अड़तीस लाख तैंतीस हजार मात्र)

1. ऑनलाइन टेण्डर पब्लिश दिनांक	20.02.2020 समय 17.30 बजे
2. निविदा प्रपत्र डाउनलोड/विक्रय प्रारंभ दिनांक	20.02.2020 समय 17.30 बजे
3. निविदा प्रपत्र विक्रय का अंतिम दिनांक	**06.03.2020 समय 17.30 बजे**
4. ऑनलाइन विड सबमिशन का प्रारंभ दिनांक	20.02.2020 समय 17.30 बजे
5. ऑनलाइन विड सबमिशन का अंतिम दिनांक	06.03.2020 समय 17.30 बजे
6. फिजीकल डाक्यूमेंट सबमिशन का अंतिम दिनांक	07.03.2020 समय 17.30 बजे
7. विड ओपनिंग दिनांक	09.03.2020 समय 11.30 बजे

a. अनुबंध के पूर्व एवं अनुबंध अवधि में लेबर पंजीयन करना अनिवार्य होगा, निविदा की वैधता अवधि 120 दिवस होगी।
b. निविदा संबंधी संशोधन उसी टेण्डर में ऑनलाइन देखे जा सकेंगे, अतिरिक्त प्रेस नोट नहीं निकाला जावेगा।
c. सक्षम अधिकारी को निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित होगा।
d. उपरोक्त कार्यों हेतु संबंधित मद में आवंटन उपलब्ध होने पर ही भुगतान हो सकेगा।
e. समस्त जरूरी दस्तावेज व्यक्तिगत रूप से/पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट द्वारा नियत दिनांक एवं समय तक कार्यालय में प्राप्त होना अनिवार्य है, अन्यथा की स्थिति में ठेकेदार स्वयं जिम्मेदार होंगे।
f. उपरोक्त वेबसाइट ऑनलाइन भुगतान करने के उपरांत निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेंगे। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखी जा सकती है।

कार्यपालन यंत्री
जी-23261/43678/2020 लो.नि.वि., संभाग भिण्ड

कार्यालय - मुख्य अभियंता (ऊर्जा), नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण, भोपाल

Tel. No 0755-2677510, Fex No. 0755-2677535, E-mail : cepownvdabho@mp.nic.in

संक्षिप्त निविदा आमंत्रण सूचना

निविदा सूचना क्र. CE(P)/NVDA/2020/RABLS-CHPH/O&M/86 भोपाल, दिनांक 19.02.2020
निम्न कार्य की ऑनलाइन निविदाएं ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम पोर्टल से वेबसाइट **http:mptenders.gov.in** पर जारी की गई है। निविदाओं की संक्षिप्त जानकारी निम्नानुसार है :-

क्र.	कार्य का विवरण	धरोहर राशि	निविदा प्रपत्र का मूल्य
1.	ओंकारेश्वर नहर शीर्ष विद्युत गृह (2x2.25 मे. वा.) का एन्यूटी मोड पर क्रियान्वयन, संचालन एवं रख-रखाव का कार्य।	रु. 1000000/- (रु. दस लाख मात्र)	रु. 5000/- (रु. पांच हजार मात्र)
2.	रानी अवंतीवाई लोधी सागर बांध के दायीं तट नहर शीर्ष विद्युत गृह (3x6 मे. वा.) के एन्यूटी मोड पर क्रियान्वयन, संचालन एवं रख-रखाव का कार्य।	रु. 1000000/- (रु. दस लाख)	रु. 5000/- (रु. पांच हजार मात्र)
3.	रानी अवंतीवाई लोधी सागर परियोजना की दायीं तट नहर के आर. डी. 165 से 172 में प्रस्तावित लघु जल विद्युत गृह (2x2.5) का एन्यूटी मोड पर क्रियान्वयन, संचालन एवं रख-रखाव का कार्य।	रु. 1000000/- (रु. दस लाख)	रु. 5000/- (रु. पांच हजार मात्र)
4.	रानी अवंतीवाई लोधी सागर परियोजना की दायीं तट नहर आर.डी. 193 से 196.5 में प्रस्तावित लघु जल विद्युत गृह (2x3) का एन्यूटी मोड पर क्रियान्वयन, संचालन एवं रख-रखाव का कार्य।	रु. 1000000/- (रु. दस लाख)	रु. 5000/- (रु. पांच हजार मात्र)

1. ऑनलाइन निविदा क्रय करने का दिनांक - **25.02.2020, 17.30 से 18.03.2020, 17.30 तक**
2. ऑनलाइन निविदा दस्तावेज जमा करने का दिनांक - 25.02.2020, 17.30 से 18.03.2020, 17.30 तक
3. धरोहर राशि एवं पूर्व अर्हता प्रपत्र खोलने का दिनांक - 23.03.2020, 10.30 बजे से

निविदा प्रपत्र उपरोक्त वेबसाइट पर क्रेडिट कार्ड या इंटरनेट बैंकिंग खाते से भुगतान करने के उपरांत केवल ऑनलाइन क्रय किया जा सकता है। निविदा की विस्तृत जानकारी के लिये उपरोक्त वेबसाइट का अवलोकन करें।

मुख्य अभियंता (ऊर्जा)
जी-23357/43688/2020 नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण, भोपाल

मध्यप्रदेश शासन, नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण
कार्यालय कार्यपालन यंत्री
नर्मदा विकास वि./यां. संभाग क्र. 15, इन्दौर (म.प्र.)
निविदा आमंत्रण सूचना

निविदा सूचना क्र. 65-67/व.ले.लि./2019-20 दिनांक 17.02.2020
निम्न कार्य की ऑनलाइन निविदा ई-प्रोक्यूरमेंट सिस्टम पोर्टल **www.mptenders.gov.in** पर जारी की जा रही है। निविदा की संक्षिप्त जानकारी निम्नानुसार है :-

स.क्र. एवं कार्य का नाम :- 1. इन्दिरा सागर परियोजना यूनिट-I (झोन-I) में जलप्रदाय कार्य में स्थापित 40 HP Submersible Motor Pump, 20 HP Submersible pump & 15 HP Submersible Motor Pump gsrq Star Delta Fully Automatic Control Panel प्रदायगी एवं स्थापन का पूर्ण कार्य। **(द्वितीय आमंत्रण)**

ई. निविदा क्र.	कार्य की अनु. राशि (रु. में)	धरोहर राशि (रु. में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य	निविदाकार की श्रेणी	कार्य पूर्ण करने की अवधि
2020_ NVDA_ 80796_ 1	रु. 125478/- (रुपये एक लाख पच्चीस हजार चार सौ अठाहत्तर) मात्र	रु. 2510/- (रु. दो हजार पांच सौ दस) मात्र	रु. 1000/- (रु. एक हजार) मात्र	प्रमुख अभियंता (लो.नि.वि.) भोपाल में 'सी' एवं ऊपर की श्रेणी में पंजीकृत तथा 'अ' श्रेणी विद्युत लायसेन्स	20 दिन

स.क्र. एवं कार्य का नाम :- 2. कठोरा उद्वहन सिंचाई परियोजना के चरण क्र. 3 पर स्थापित 240 एच.पी. मोटर पम्प के मरम्मत एवं आवश्यक कलपुर्जो को बदलने का पूर्ण कार्य।

2020_ NVDA_ 80775_ 1	रु. 182968/- (रुपये एक लाख बयासी हजार नौ सौ अड़सठ) मात्र	रु. 3659/- (रु. तीन हजार छः सौ उनसाठ) मात्र	रु. 1000/- (रु. एक हजार) मात्र	प्रमुख अभियंता (लो.नि.वि.) भोपाल में 'सी' एवं ऊपर की श्रेणी में पंजीकृत तथा 'अ' श्रेणी विद्युत लायसेन्स	20 दिन

स.क्र. एवं कार्य का नाम :- 3. इन्दिरा सागर परियोजना की पुनासा कॉलोनी नं. 1 में स्थापित वाह्य जलप्रदाय कार्य के सुधार हेतु मटेरियल प्रदायगी व सुधार का पूर्ण कार्य।

2020_ NVDA_ 80780_ 1	रु. 276636/- (रुपये दो लाख छियात्तर हजार छः सौ छत्तीस) मात्र	रु. 5533/- (रु. पांच हजार पांच सौ तैंतीस) मात्र	रु. 2000/- (रु. दो हजार) मात्र	प्रमुख अभियंता (लो.नि.वि.) भोपाल में 'सी' एवं ऊपर की श्रेणी में पंजीकृत	20 दिन

निविदा कार्य के प्रपत्र क्रय करने की तिथि : **11.03.2020, 17.30 तक (केवल ऑनलाइन)**
निविदा की धरोहर राशि खुलने की तिथि : 16.03.2020, 10.30 से 16.03.2020, 17.30 तक (केवल ऑनलाइन)
प्राइज विड खुलने की तिथि : 16.03.2020, 10.30 से 16.03.2020, 17.30 तक (केवल ऑनलाइन)
निविदा प्रपत्र को उपरोक्त वेबसाइट पर केवल ऑनलाइन क्रय किया जा सकता है। ऑनलाइन पर भुगतान डेविड/कैश कार्ड या इन्टरनेट बैंकिंग अकाउण्ट्स के माध्यम से किया जा सकता है।
निविदा की विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाइट **www.mptenders.gov.in** का अवलोकन करें।

कार्यपालन यंत्री
जी-23350/43687/2020 न.वि.वि./यां सं. क्र. 15, इन्दौर

कार्यालय मुख्य अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, इंदौर परिक्षेत्र, इंदौर

फोन : 0731-2541498, फैक्स : 0731-2536575
(Email ID cephedind@nic.in & cephedind@gmail.com)

निविदा सूचना क्रमांक-14/2019-20

निविदा सूचना ई-टेण्डरिंग पद्धति से ई-टेण्डर पोर्टल **(http://www.mptenders.gov.in/nicgep/app)** पर निविदा प्रपत्र "अपेन्डिक्स-2.10" प्रतिशत दर पर आमंत्रित हैं। निविदा का विवरण निम्नानुसार है :-

कार्य का संक्षिप्त विवरण- Design and Construction of PWSS at Village-Khandlai, Block-Manawar, Distt-Dhar (M.P.), bassed on Tube Well source including installation of electric submersible water motor pump, construction of 20 KL R.C.C. Sump well, construction of 125 Kl R.C.C. OHT 12 Mtr. staging, laying & jointing of rising main, feeder main and distribution pipe line system, household tap connections, constuction of pump house and electric power connections at sump well Including cost of all material & labour with 45 Days Trial Run/Commissioning period and 24 Months Operation and Maintenance of entire scheme.

क्र.	ई-टेण्डर का क्रमांक	जिले/ खण्ड का नाम	कार्य की अनुमानित लागत (रु. लाख में)	धरोहर राशि रु.	आमंत्रण का प्रकार	ठेकेदार की श्रेणी	कार्य की समयावधि	निविदा ऑनलाइन क्रय करने की अंतिम तिथि
1.	2020_ PHED 80439 _1	Sardarpur	142.73	142730/-	प्रथम	म.प्र. लोक निर्माण विभाग भोपाल में केन्द्रीयकृत प्रणाली अंतर्गत उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत	6 माह	**03.03.2020** सायं 5.30 बजे तक

कार्य का संक्षिप्त विवरण- Design and Construction of PWSS at Village-Banediya, Block-Manawar, Distt-Dhar (M.P.), bassed on Tube Well source including installation of electric submersible water motor pump, construction of 20 KL R.C.C. Sump well, construction of 125 Kl R.C.C. OHT 12 Mtr. staging, laying & jointing of rising main, feeder main and distribution pipe line system, household tap connections, constuction of pump house and electric power connections at sump well Including cost of all material & labour with 45 Days Trial Run/Commissioning period and 24 Months Operation and Maintenance of entire scheme.

2.	2020_ PHED 80442 _1	Sardarpur	158.99	158990/-	प्रथम	तदैव	6 माह	तदैव

नोट : उपरोक्त निविदाओं में भविष्य में किये जाने वाले समस्त संशोधनों को समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं किया जावेगा। उक्त संशोधन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर ही प्रकाशित किये जावेंगे।

अधीक्षण यंत्री (प्रोक्योरमेंट)
जी-23435/43694/2020 लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, इंदौर परिक्षेत्र, इंदौर

सफल व्यक्तियों का गुण है कि वे बोलते कम और सुनते ज्यादा हैं – बर्नार्ड एम. बारुच

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड, अलीराजपुर (म.प्र.)

दूभाष एवं फैक्स क्रमांक : 07394-233706

नि.सू.क्र. 27/टेण्डर/का.य./लो.स्वा.यां.खं./2020 अलीराजपुर, दिनांक : 20.02.2020

निविदा आमंत्रण सूचना

निविदा सूचना ई-टेण्डरिंग पद्धति से ई-प्रोक्युरमेंट पोर्टल **https://mptenders.gov.in** पर निविदा प्रपत्र "अपेन्डिक्स 2.10" प्रतिशत दर पर आमंत्रित है। निविदाओं का विवरण निम्नानुसार है :-

क्र.	ई-टेण्डर का क्रमांक	कार्य का संक्षिप्त विवरण	कार्य की अनु. लागत रु.	धरोहर राशि रु.	ठेकेदार की श्रेणी	निविदा ऑनलाइन क्रय करने की अंतिम तिथि
1	2020_PHED_80967_1	Providing & Suppling Of C S Non Return Valves and tail pieces for Maintt. Of Flouride Affected 34 villages PWSS of Distt- Alirajpur (M.P.)	1.775 लाख	3600.00	म.प्र. लोक निर्माण विभाग भोपाल में केंद्रीयकृत प्रणाली अंतर्गत उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत	5.3.2020

1. यह केवल संक्षिप्त निविदा है जो प्रकाशनार्थ जारी की जा रही है। निविदाओं से संबंधित अन्य विस्तृत जानकारी उपरोक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है।
2. उपरोक्त निविदाओं में भविष्य में किये जाने वाले समस्त संशोधनों को समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा। उक्त संशोधन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर ही प्रकाशित किये जावेंगे।

कार्यपालन यंत्री
जी-23415/43693/2020 लो.स्वा.यां.खण्ड अलीराजपुर

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड, झाबुआ

निविदा आमंत्रण सूचना क्र. 36/प्रोक्योरेमेंट सेल/19-20 झाबुआ, दिनांक : 18.02.2020

निम्नलिखित कार्य की निविदा सूचना ई-टेण्डरिंग पद्धति से पोर्टल www.mptenders.gov.in पर आमंत्रित है। निविदाओं का विवरण निम्नानुसार है :-

ई-टेण्डर क्रमांक	कार्य का नाम	ठेके की अनु. लागत राशि लाख में	प्रतिभूति राशि	निविदा प्रपत्र का मूल्य	कार्य पूर्ण करने की अवधि वर्षाकाल सहित	निविदा क्रय का अंतिम दिनांक
2020_PHED_80640_	Electrification of 11 KV line and 25 KV DTR in CMPWSS Village - Khachhartodi, Block-Meghnagar, DISTRICT-JHBUA	3.11	6220	2000	30 दिवस	03.03.2020

शर्तें :- 1. यह केवल संक्षिप्त निविदा सूचना है एवं विस्तृत निविदा प्रपत्र की समस्त शर्तें बंधनकारक होगी।
2. निविदा प्रपत्र केवल ऑनलाइन पर आवश्यक राशि का भुगतान इंटरनेट बैंकिंग एकाउन्ट के द्वारा क्रय किये जा सकते हैं।
3. विस्तृत निविदा सूचना का प्रकाशन वेबसाइट **www.mptenders.gov.in** पर देखी जा सकती है।

कार्यपालन यंत्री
जी-23440/43695/2020 लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड, झाबुआ

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
राजधानी परियोजना खण्ड क्रमांक-2
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग, भोपाल
ई-मेल : eephedcp2bpl@mp.gov.in

क्र. 88, 89, 90, 91, 92/तक/का.यं./रा.परि. खण्ड-2/लोस्वायांवि/भोपाल दिनांक, 25.02.2020

निविदा आमंत्रण सूचना

निम्नलिखित कार्य की निविदा ई-टेण्डरिंग पद्धति से ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल **http://www.mptenders.gov.in** पर आमंत्रित है। निविदा का विवरण निम्नानुसार है :-

क्र. एवं कार्य का नाम :- 1. Repairing of Sewage Cleaning Machine Vehicle No. MP02/AV-5698 under Capital Project Sub Dn. No. 6, Bhopal

ऑनलाइन निविदा क्र.	अनुमा. राशि (रु. लाख में)	धरोहर राशि (रुपये)	निविदा प्रपत्र का मूल्य	नई केन्द्रीय पद्धति से लो.नि.वि. में ठेकेदार की श्रेणी	कार्य पूर्ण करने की अवधि
2020_PHED_81699_1	6,47,150/-	12,943/-	2,000/-	'सी' एवं उच्च श्रेणी	10 दिवस वर्षाकाल सहित

क्र. एवं कार्य का नाम :- 2. Repairing of Sewage Cleaning Machine Vehicle No. MP02/AV-1875 (Eicher Jumbo 2016) under Capital Project Sub Dn. No. 8, Bhopal

2020_PHED_81702_1	1,42,800/-	2,856/-	1,000/-	'सी' एवं उच्च श्रेणी	10 दिवस वर्षाकाल सहित

क्र. एवं कार्य का नाम :- 3. Distempering, Exterior Paint and Oil Paint at Biofilter STP including boundary wall at Mata Mandir, Bhopal

2020_PHED_81703_1	2,40,007/-	4,800/-	2,000/-	'सी' एवं उच्च श्रेणी	10 दिवस वर्षाकाल सहित

क्र. एवं कार्य का नाम :- 4. Making Supply erection testing and trial of mechanical part, scraper unit, of claridigester unit, making MS outer and inner drum of clarifier unit of Bio-filter Sewage Treatment Plant, Mata Mandir, Bhopal

2020_PHED_81711_1	3,74,380/-	7,488/-	2,000/-	'सी' एवं उच्च श्रेणी	10 दिवस वर्षाकाल सहित

क्र. एवं कार्य का नाम :- 5. Repairing work of roof, floor and staff quarters at Habibganj Sewage Pump House under Capital Project Sub Division No. 8, PHED, Bhopal

2020_PHED_81716_1	1,26,157/-	2,523/-	1,000/-	'सी' एवं उच्च श्रेणी	10 दिवस वर्षाकाल सहित

1. निविदा प्रपत्र की निर्धारित राशि एवं धरोहर राशि एवं अन्य आवश्यक दस्तावेज ऑनलाइन प्रस्तुत करने होंगे एवं अन्य समस्त विस्तृत जानकारी **http://www.mptenders.gov.in** पर देखी जा सकती है।
2. निविदा संशोधन केवल वेबसाइट पर ही दर्शाया जावेगा। पृथक से समाचार-पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।
3. निविदा क्रय करने की अंतिम तिथि **11.03.2020** है।

कार्यपालन यंत्री, राजधानी परियोजना खण्ड क्र.-2
जी-23513/43713/2020 लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग, भोपाल

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड, रायसेन

दूरभाष क्र. 07482-222095, फैक्स क्र. 07482-223388
ई-मेल :- eephrai@nic.in

क्रमांक/655/लेखा./का.यं./लो.स्वा.यां./खण्ड/रायसेन दिनांक 25.02.2020

निविदा आमंत्रण सूचना

रायसेन जिले के निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण **http://www.mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है। निविदा फार्म ऑनलाइन क्रय करने की अंतिम तिथि **16.03.2020 शाम 17.30** है एवं संशोधन केवल वेबसाइट पर देखे जा सकेंगे।

क्र.	ऑनलाइन टेण्डर आई. डी. क्र.	निविदा क्र.	विकास-खंड	कार्य का नाम	निविदा आमंत्रण क्र.	कार्य की अनु. लागत राशि (रु. लाख में)
1.	2019_PHED_81542_1	81	औ. गंज	रायसेन जिले के विकासखंड औवेदुल्लागंज के ग्रामों में 10 नग 150/125/115 मि.मी. व्यास 120 मीटर गहराई के टेलिस्कोपिक नलकूप खनन कार्य।	प्रथम	7.70
2.	2019_PHED_81543_1	82	गैरतगंज	रायसेन जिले के विकासखंड औवेदुल्लागंज के ग्रामों में 10 नग 150/125/115 मि.मी. व्यास 120 मीटर गहराई के टेलिस्कोपिक नलकूप खनन कार्य।	प्रथम	7.70
3.	2019_PHED_81544_1	83	गैरतगंज	रायसेन जिले के विकासखंड गैरतगंज के ग्रामों में 10 नग 200/150 मि.मी. व्यास 120 मीटर गहराई के टेलिस्कोपिक नलकूप खनन कार्य।	प्रथम	8.20
3.	2019_PHED_81545_1	84	औ. गंज	रायसेन जिले के विकासखंड औवेदुल्लागंज के ग्रामों में 10 नग 200/150 मि.मी. व्यास 120 मीटर गहराई के टेलिस्कोपिक नलकूप खनन कार्य।	प्रथम	8.20

कार्यपालन यंत्री
जी-23497/43712/2020 लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड, रायसेन

MADHYA PRADESH ROAD DEVELOPMENT CORPORATION LIMITED

(Govt. of M.P. Undertaking), CIN : U45203MP2004SGC016758
45-A, Arera Hills, Bhopal-462011, Madhya Pradesh
Ph-0755-2527290/2765205, Fax : (EPBX), Fax : 0755-2572643
Website : www.mprdc.gov.in

NIT No 17725/451/MPRDC/Procu/UJ/2020 Date : 26.02.2020

निविदा आमंत्रण

मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम लिमिटेड, भोपाल द्वारा निम्न कार्य हेतु प्रतिशत दर पर ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है।

क्र.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (रुपये लाख में)	धरोहर राशि (रुपये लाख में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रुपये में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि वर्षाकाल सहित
1.	उज्जैन-जावरा मार्ग के कि.मी. 4+500 से कि.मी. 5+400 तक रामगढ़ जंक्शन में ब्लेक स्पॉट ज्यामितीय सुधार कार्य और कि.मी. 8+150 से 8+889 कि.मी. में (सोडंग जंक्शन) का ज्यामितीय सुधार कार्य (कुल लंबाई-1.64 कि.मी.)।	206.21	2.07	15,000/-	04 माह

निविदा क्रय करने, निविदा जमा करने आदि का विवरण की-डेट्स में दिया गया है। निविदा प्रपत्र केवल वेबसाइट **www.mptenders.gov.in** से 15.30 बजे दिनांक 27.03.2020 तक क्रय किया जा सकता है। निविदाकारों को तकनीकी निविदा एवं वित्तीय दर केवल ऑनलाइन ही भरनी है।
परिशिष्ट एवं शुद्धिपत्र (कोई भी) वेबसाइट **www.mptenders.gov.in** पर ही प्रकाशित किया जावेगा। निविदा खोलने के दिनांक को मध्यप्रदेश शासन द्वारा अवकाश घोषित करने पर उक्त कार्य अगले कार्यदिवस में संपादित किया जावेगा।
म.प्र. सड़क विकास निगम लिमिटेड को किसी भी निविदा को स्वीकृत या अस्वीकृत करने या समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये अस्वीकृत करने का अधिकार होगा।

जी-23492/43711/2020 प्रबंध संचालक

म.प्र. पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम

कार्यालय परियोजना यंत्री, पुलिस लाइन रीवा (म.प्र.)
फोन नं. : 9425601523/8871571988

प्रेस-विज्ञप्ति

संभाग रीवा के अंतर्गत में निर्माण कार्य अर्द्धशहरी थाना भवन पनवार जिला रीवा एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र खुटार जिला सिंगरौली में 2 एफ+4जी+4एच टाईप आवास गृह का निर्माण कार्य में निर्माण कार्य हेतु निविदा क्रमांक 22/2019-20 (ऑनलाइन निविदा क्रमांक MPPHCL/TENDER No. 82167 & 82171) आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र **दिनांक 20.03.2020 समय 17:00 बजे तक** ऑनलाइन खरीदे एवं प्रस्तुत किये जा सकते हैं एवं निविदा सूचना व अन्य विवरण **Portal : http://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।

म.प्र. माध्यम/97016/43717/2020 परियोजना यंत्री

निविदा आमंत्रण सूचना, मध्यप्रदेश शासन, कार्यालय अतिरिक्त परियोजना संचालक
लोक निर्माण विभाग, परियोजना क्रियान्वयन इकाई, साउथ सिविल लाईन, जबलपुर (म.प्र.)

एनआईटी नं. :- 05/2020/केन्द्रीयकृत निविदा आमंत्रण/सा/एपीडी/..... जबलपुर, दिनांक 20.02.2020

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन निविदा केन्द्रीयकृत पंजीकृत ठेकेदारों अथवा पंजीयन हेतु उपयुक्त पात्रता वाली प्रतिष्ठित फर्म से आमंत्रण की जाती है।

क्र.	पोर्टल टेण्डर क्र.	कार्य का नाम	जिला	ठेके की अनु. राशि (पी.ए.सी.) (रु. लाख में)	अमानत राशि (ईएमडी) (रु. में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में)	निविदाकार की श्रेणी	कार्य पूर्ण करने का समय (माह में वर्षाकाल सहित)
1.	2020_PWPIU_81260_1	ग्राम खड़ोली मण्डला में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में जीर्ण-शीर्ण भवन के स्थान में नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन निर्माण कार्य।	मण्डला	109.54	109540/-	12500/-	केन्द्रीयकृत लो.नि.वि. में पंजीयन	08 माह वर्षाऋतु सहित
2.	2020_PWPIU_81269_1	ग्राम मोहनयां मण्डला में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में जीर्ण-शीर्ण भवन के स्थान में नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन निर्माण कार्य।	मण्डला	109.54	109540/-	12500/-	केन्द्रीयकृत लो.नि.वि. में पंजीयन	08 माह वर्षाऋतु सहित
3.	2020_PWPIU_81272_1	जिला दमोह के विकासखण्ड हटा में आदिवासी बालक छात्रावास भवन निर्माण कार्य। (प्रथम आमंत्रण)	दमोह	112.12	1121200/-	12500/-	केन्द्रीयकृत लो.नि.वि. में पंजीयन	08 माह वर्षाऋतु सहित
4.	2020_PWPIU_81274_1	ग्राम टाटरी मण्डला में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में जीर्ण-शीर्ण भवन के स्थान में नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन निर्माण कार्य।	मण्डला	109.54	109540/-	12500/-	केन्द्रीयकृत लो.नि.वि. में पंजीयन	08 माह वर्षाऋतु सहित
5.	2020_PWPIU_81285_1	नैनपुर जिला मण्डला में मेडिएशन सेन्टर भवन का निर्माण कार्य।	मण्डला	39.92	50000/-	5000/-	केन्द्रीयकृत लो.नि.वि. में पंजीयन	04 माह वर्षाऋतु सहित
6.	2020_PWPIU_81293_1	जिला छिन्दवाड़ा में सीनियर आदिवासी कन्या छात्रावास भवन का निर्माण कार्य। (प्रथम आमंत्रण)	छिन्दवाड़ा	179.00	179000/-	12500/-	केन्द्रीयकृत लो.नि.वि. में पंजीयन	08 माह वर्षाऋतु सहित
7.	2020_PWPIU_81294_1	ठेकेदार के क्षति दायित्व (DLP) अवधि के अंतर्गत सुधार एवं वाटर प्रूफिंग ट्रीटमेंट कार्य हेतु जोनल निविदा आमंत्रण हेतु शेड्यूल आयटम। (चतुर्थ आमंत्रण)	छिन्दवाड़ा	10.00	20000/-	2000/-	केन्द्रीयकृत लो.नि.वि. में पंजीयन	12 माह वर्षाऋतु सहित
8.	2020_PWPIU_81303_1	जिला मण्डला में विछिया 26 नवीन आई.टी.आई. भवन में वाउण्ड्रीवॉल एवं चौकीदार आवासगृह का निर्माण कार्य।	मण्डला	59.30	59300/-	5000/-	केन्द्रीयकृत लो.नि.वि. में पंजीयन	04 माह वर्षाऋतु सहित
9.	2020_PWPIU_81426_1	संयुक्त परियोजना संचालक पी.आई.यू. जबलपुर के निरीक्षण कार्य हेतु इनोवा क्रिस्टा या समतुल्य वाहन लगाने के कार्य की निविदा।	जबलपुर	4.65	9300/-	2000/-	केन्द्रीयकृत लो.नि.वि. में पंजीयन	12 माह वर्षाऋतु सहित

1. निविदा से संबंधित विड डॉक्यूमेंट वेबसाइट **http://www.mptenders.gov.in** पर बिना भुगतान के देखे एवं डाउनलोड किये जा सकेंगे। 2. निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑनलाइन पोर्टल पर क्रेडिट/डेबिट/कैशकार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा। 3. निविदा प्रपत्र केवल ऑनलाइन दिनांक 24.02.2020 समय 9.00 से **दिनांक 04.03.2020 समय 18.00 तक** खरीदा जा सकेगा। सूचना व अन्य जानकारी वेबसाइट पर देखी जा सकती है। 4. निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त वेबसाइट पर ही दर्ज किये जायेंगे, पृथक से समाचार-पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

जी-23474/43700/2020 **अतिरिक्त परियोजना संचालक (मुख्य अभियंता), लो.नि.वि., पी.आई.यू., परिक्षेत्र जबलपुर**

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग क्र. 1, जबलपुर

निविदा सूचना क्र. 15 वर्ष 2019-20/एस.ए.सी. **जबलपुर, 24.02.2020**

निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्यों हेतु ई-टेन्डरिंग के माध्यम से निम्नलिखित कार्यों की निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। कार्यों का विस्तृत विवरण वेबसाइट **www.mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है। निविदा प्रपत्र उक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन भुगतान कर वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त किये जा सकते हैं।

क्र. एवं कार्य का नाम :- 1. शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, जबलपुर के गन्ना गेट से हॉस्टल क्र. 5 से 8 तक एवं ए एवं वी टाईप आवासगृह के पीछे की ओर क्षतिग्रस्त वाउन्ड्रीवॉल का निर्माण कार्य।

ई-टेण्डर क्रमांक	आमंत्रण क्र.	ठेके की अनु. राशि (रु. लाख में)	अमानत राशि	निविदा प्रपत्र का मूल्य	कार्य पूर्ण करने की अवधि
2020_PWDRB_81369	प्रथम	289.00	289000/-	15000/-	18 माह वर्षाऋतु सहित
2. शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, जबलपुर में जेन्ट्री गेट, गार्ड रूम, टायलेट सहित, पाथवे एवं वाउन्ड्रीवॉल का निर्माण कार्य।					
2020_PWDRB_81370	प्रथम	22.60	45200/-	5000/-	12 माह वर्षाऋतु सहित
3. अंतर्गत शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, जबलपुर में सेक्शन क्र. 1 के अंतर्गत विभिन्न निर्माण कार्य।					
2020_PWDRB_81371	प्रथम	96.00	96000/-	10000/-	15 माह वर्षाऋतु सहित
4. अंतर्गत शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, जबलपुर में सेक्शन क्र. 2 के अंतर्गत विभिन्न निर्माण कार्य।					
2020_PWDRB_81372	प्रथम	82.00	82000/-	10000/-	15 माह वर्षाऋतु सहित
5. आयुर्वेदिक कॉलेज, जबलपुर में जनसुविधा केन्द्र का निर्माण कार्य।					
2020_PWDRB_81373	प्रथम	16.22	32440/-	2000/-	8 माह वर्षाऋतु सहित
6. म.प्र. उच्च न्यायालय में माननीय मुख्य न्यायाधीश के बंगले एवं अन्य बंगलों में 4 नम्बर फाउन्टेन का निर्माण कार्य एवं लैंड स्केपिंग हार्टीकल्चर का कार्य एवं अन्य कार्य।					
2020_PWDRB_81374	प्रथम	10.00	20000/-	2000/-	6 माह वर्षाऋतु सहित
7. विक्टोरिया अस्पताल के ऑपरेशन थियेटर बिल्डिंग में रेनोवेशन का कार्य एवं टेरिस में ट्रस लगाने पेवर ब्लॉक लगाने का कार्य।					
2020_PWDRB_81375	प्रथम	34.40	50000/-	5000/-	8 माह वर्षाऋतु सहित
8. म.प्र. उच्च न्यायालय, जबलपुर में मरम्मत प्लास्टर सहित एवं रंगाई-पुताई का कार्य।					
2020_PWDRB_81376	प्रथम	5.00	10000/-	2000/-	3 माह वर्षाऋतु सहित
9. म.प्र. उच्च न्यायालय, जबलपुर के तहत नवीन जिला न्यायालय में रिपेयरिंग एवं मरम्मत का कार्य।					
2020_PWDRB_81377	प्रथम	10.00	20000/-	2000/-	6 माह वर्षाऋतु सहित
10. म.प्र. उच्च न्यायालय, जबलपुर में मरम्मत का कार्य एवं रूफ रिपेयरिंग एवं विभिन्न कार्य।					
2020_PWDRB_81378	प्रथम	10.00	20000/-	2000/-	6 माह वर्षाऋतु सहित
11. ककरतला से एयरपोर्ट तक मार्ग निर्माण का कार्य।					
2020_PWDRB_81379	प्रथम	277.70	277700/-	15000/-	6 माह वर्षाऋतु सहित
12. धनपुरी पडवार इमलई मार्ग के कि.मी. 8 से 22 में बी.टी. पेच रिपेयर का कार्य।					
2020_PWDRB_81380	प्रथम	5.00	10000/-	2000/-	3 माह वर्षाऋतु सहित

टीप :- (1) निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि 11.03.2020, 17.30 बजे तक है। अन्य तिथियों एवं विस्तृत विवरण व संशोधन ऑनलाइन वेबसाइट **www.mptenders.gov.in** पर देखी जा सकती है। किसी भी प्रकार के संशोधन का पुनः प्रकाशन नहीं कराया जावेगा। संशोधन सूचना कार्यालय के सूचना पटल पर देखी जा सकती है। (2) निविदा की मूल अमानत राशि एवं आवश्यक दस्तावेज कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग क्र. 1, जबलपुर में स्पीड पोस्ट/रजिस्टर्ड पोस्ट के माध्यम से प्रस्तुत करने की **अंतिम तिथि दिनांक 13.03.2020** है। निविदा क्र. 2020_PWDRB_81369, 2020_PWDRB_81370, 2020_PWDRB_81371,2020_PWDRB_81372, 2020_PWDRB_81375, 2020_PWDRB_81379 की मूल अमानत राशि एवं आवश्यक दस्तावेज कार्यालय मुख्या अभियंता, लोक निर्माण विभाग, जबलपुर में स्पीड पोस्ट/रजिस्टर्ड पोस्ट के माध्यम से प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि दिनांक 13.03.2020 है।

कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग (भ/स)
जी-23459/43696/2020 **संभाग क्र. 1, जबलपुर**

कार्यालय आवासीय आयुक्त, मध्यप्रदेश शासन, मध्यप्रदेश भवन,
2-लोकप्रिय गोपीनाथ बोरदोलोई मार्ग, चाणक्यपुरी, नई दिल्ली - 110021

आवासीय आयुक्त, मध्यप्रदेश शासन, मध्यप्रदेश भवन, नई दिल्ली कार्यालय में निम्नलिखित सामान्य वर्ग के पद की पूर्ति हेतु योग्यताधारित उम्मीदवारों से **दिनांक 11.03.2020 तक** सादे कागज पर आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।

पदनाम	कुल पदों की संख्या	वेतनमान	आयु-सीमा	शैक्षणिक/तकनीकी योग्यता
सहायक हाउस कीपर	01	रु. 25300-80500 (वेतन मैट्रिक्स लेवल 6) चयनित.. उम्मीदवार को तीन वर्ष की परिवेक्षा अवधि के लिए नियुक्त किया जाएगा। परिवेक्षा अवधि में संबंधित पद के वेतनमान के न्युनतम का 70 प्रतिशत द्वितीय वर्ष में 80 प्रतिशत तथा तृतीय वर्ष में 90 प्रतिशत स्टायपेंड के रूप में देय होगा। परिवेक्षा अवधि सफलता पूर्वक पूर्ण करने पर वेतनमान में वेतन दिया जाना प्रारम्भ किया जाएगा।	18-40 वर्ष	हायर सेकेण्डरी परीक्षा/शासन द्वारा मान्यता प्राप्त संस्था से 10+2 के अंतर्गत 12वीं कक्षा उत्तीर्ण हो तथा शासन द्वारा मान्यता प्राप्त किसी संस्थान से हाउस कीपिंग में प्रशिक्षित।

शर्तें :- 1. आवेदन पत्र के साथ आयु/शैक्षणिक/तकनीकी योग्यता आदि की पुष्टि हेतु संबंधित प्रमाण पत्रों की अभिप्रमाणित प्रतियां संलग्न होनी चाहिए। 2. कोई भी उम्मीदवार, जिसने विवाह के लिए नियत की गई न्यूनतम आयु से पूर्व विवाह कर लिया हो, नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगा। 3. कोई भी उम्मीदवार जिसकी दो से अधिक जीवित संतान हो, जिनमें से एक का जन्म 26 जनवरी, 2001 को या उसके पश्चात् हो, नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगा। 4. अधिकतम आयु सीमा में राज्यशासन द्वारा दी गई छूट मान्य होगी। 5. आवेदन पत्र के लिफाफे के ऊपर "सहायक हाउस कीपर पद हेतु आवेदन" एवं नीचे बाई ओर आवेदक का नाम, पता स्पष्ट एवं बड़े अक्षरों में आवश्यक रूप से लिखे। 6. आवेदन पत्र के डाक द्वारा अथवा किसी भी कार्य दिवस में बंद लिफाफे में व्यक्तिगत रूप से कार्यालय में जमा किया जा सकता है। डाक में विलम्ब हेतु आवेदक स्वयं जिम्मेदार होंगे। 7. निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जावेगा। 8. विसंगति की स्थिति में मध्यप्रदेश शासन के नियम ही अंतिम तौर पर मान्य होंगे। 9. उम्मीदवार का मध्यप्रदेश राज्य के रोज़गार कार्यालय में जीवित पंजीयन होना अनिवार्य होगा।

जी-23401/43692/2020 **अपर आवासीय आयुक्त**

कार्यालय प्रमुख अभियंता, जल संसाधन विभाग, भोपाल
ई-मेल : ceproce.encwrd.bpl@nic.in, फोन : 0755-2767635, फैक्स : 0755-2552406

निविदा सूचना क्रमांक-721/2019-20/प्रमुख अभियंता/ई-टेंडरिंग/ **भोपाल, दिनांक : 20.02.2020**

निम्न कार्यों हेतु निविदा वेबसाइट **https://www.mptenders.gov.in** पर आमंत्रित की गई है। निविदा प्रपत्र **दिनांक 12.03.2020 को 17:30 बजे तक** क्रय/डाउनलोड तथा प्रस्तुत किए जा सकते हैं।

निविदा में संशोधन की स्थिति में वेबसाइट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

सं.क्र.	निविदा क्रमांक	कार्य	जिला	लागत (लाख)
1.	2020_WRD_81014	**टर्नकी आधार पर** :- हडाई तालाव (नहर रहित) का निर्माण कार्य, विस्तृत स्कोप ऑफ वर्क के अनुसार परंतु उस तक सीमित नहीं।	शाजापुर	429.93
2.	2020_WRD_81016	**टर्नकी आधार पर** :- भादवा तालाव (नहर रहित) का निर्माण कार्य, विस्तृत स्कोप ऑफ वर्क के अनुसार परंतु उस तक समिति नहीं।	शाजापुर	247.44

जी-23299/43680/2020 **मुख्य अभियंता (प्रोक्योरमेंट)**

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए महत्वपूर्ण

सामान्य ज्ञान - खेल

1. इस वर्ष एशियन कुश्ती चैम्पियनशिप किस देश में आयोजित की गई?
(अ) भारत
(ब) बांग्लादेश
(स) जापान
(द) किर्गिस्तान

2. नोवाक जोकोविच ने अब तक कितने ग्रैंड स्लैम टाइटल जीते हैं?
(अ) दस
(ब) नौ
(स) आठ
(द) सात

3. आईसीसी अंडर-19 विश्वकप के फाइनल में बांग्लादेश ने किसे हराकर खिताब जीता है?
(अ) पाकिस्तान
(ब) भारत
(स) ऑस्ट्रेलिया
(द) न्यूजीलैंड

4. महिला ट्वेंटी-20 क्रिकेट में किस खिलाड़ी ने लगातार छः अर्धशतक बनाने का रिकॉर्ड बनाया है?
(अ) स्मृति मंधाना
(ब) मेग लेनिंग
(स) अन्या श्रोबसोले
(द) सोफी डिवाइन

5. सिमोन बाइल्स का संबंध किस खेल से है?
(अ) टेनिस
(ब) जिम्नास्टिक
(स) बैडमिंटन
(द) फुटबॉल

6. टाटा ओपन-2020 में पुरुष एकल वर्ग के विजेता हैं ?
(अ) जिरी वेस्ले
(ब) इगोर गेरासिमोव
(स) जोनाथन एरलिक
(द) क्रिस्टोफर रोंगकट

7. वर्ष 2020 में राष्ट्रीय स्नूकर चैम्पियन कौन बने हैं?
(अ) कमल चावला
(ब) पंकज आडवाणी
(स) आदित्य मेहता
(द) इनमें से कोई नहीं

8. वर्ष 2020 में इनमें से किस खिलाड़ी को वर्ल्ड गेम्स एथलीट ऑफ द ईयर चुना गया है?
(अ) रानी रामपाल
(ब) लालरेम सियामी
(स) मारिया चेरनोवा
(द) जेनिफर थॉमसन

9. ऑस्ट्रेलियन ओपन चैम्पियन सोफिया केनिन किस देश की खिलाड़ी हैं?
(अ) ऑस्ट्रेलिया
(ब) अमेरिका
(स) अर्जेंटीना
(द) कनाडा

10. आईसीसी ने इस वर्ष किस खिलाड़ी को बन-डे प्लेयर ऑफ द ईयर चुना है?
(अ) विराट कोहली
(ब) केन विलियम्सन
(स) रोहित शर्मा
(द) बाबर आजम

11. ओलिंपिक खेलों में पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला पहलवान हैं?
(अ) बबीता फोगाट
(ब) विनेश फोगाट
(स) साक्षी मलिक
(द) इनमें से कोई नहीं

12. ऑल इंग्लैंड बैडमिंटन खिताब जीतने वाले पहले भारतीय हैं?
(अ) प्रकाश पादुकोण
(ब) पुलैला गोपीचंद
(स) साइना नेहवाल
(द) किदाम्बी श्रीकांत

13. हाल ही में ऑस्ट्रेलिया के किस गेंदबाज ने ट्वेंटी-20 क्रिकेट में हैट्रिक ली है?
(अ) एडम जम्पा
(ब) मिशेल स्टार्क
(स) पैट कमिंस
(द) एरटन एगर

14. फुटबॉलर एडिंसन कवानी का संबंध किस देश से है?
(अ) उरुग्वे
(ब) जर्मनी
(स) फ्रांस
(द) क्रोएशिया

15. बीसीसीआई की क्रिकेट सलाहकार समिति में इनमें से कौन शामिल नहीं है?
(अ) मदन लाल
(ब) सुलक्षणा नाइक
(स) आर.पी. सिंह
(द) नयन मोंगिया

16. इनमें से किस महिला हॉकी खिलाड़ी ने हॉकी से संन्यास लिया है?
(अ) रानी रामपाल
(ब) सुनीता लाकड़ा
(स) दीप ग्रेस इक्का
(द) इनमें से कोई नहीं

17. कोनेरु हम्पी ने कौन-सा टूर्नामेंट जीता है?
(अ) फिडे ग्रांड प्रिक्स
(ब) एयरोफ्लोट ओपन
(स) केर्न्स कप
(द) इनमें से कोई नहीं

18. इंग्लैंड के लिए सबसे ज्यादा टेस्ट रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं?
(अ) जो रूट
(ब) एलिस्टर कुक
(स) केविन पीटरसन
(द) जोनाथन ट्रॉट

19. हाल ही में इनमें से किस फुटबॉलर ने 1 हजार मैच खेलने का रिकॉर्ड बनाया है?
(अ) क्रिस्टियानो रोनाल्डो
(ब) लियोनेल मेसी
(स) नेमार
(द) इनमें से कोई नहीं

20. वेनेजुएला की यूलिमार ने किस खेल में वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया है?
(अ) ऊंची कूद
(ब) तिहरी कूद
(स) लंबी कूद
(द) बाधा दौड़

21. सबसे ज्यादा बार महिला ट्वेंटी-20 विश्वकप जीतने वाला देश है?
(अ) इंग्लैंड
(ब) वेस्टइंडीज
(स) ऑस्ट्रेलिया
(द) न्यूजीलैंड

22. मनिका बत्रा किस खेल में भारत का प्रतिनिधित्व करती हैं?
(अ) टेनिस
(ब) टेबल टेनिस
(स) कुश्ती
(द) शतरंज

23. इनमें से किसने जनवरी 2020 में आकलैंड क्लासिक टूर्नामेंट में महिला एकल खिताब जीता है?
(अ) सेरेना विलियम्स
(ब) सिमोना हालेप
(स) पेत्रा क्विलोवा
(द) नाओमी ओसाका

24. वर्ष 2024 में ओलिंपिक खेल कहां आयोजित किये जाएंगे?
(अ) एथेंस
(ब) लास एंजिल्स
(स) लिस्बन
(द) पेरिस

25. वर्ष 2021 में विश्व मुक्केबाजी चैम्पियनशिप कहां आयोजित की जाएगी?
(अ) ब्राजील
(ब) भारत
(स) रूस
(द) मैक्सिको

उत्तरमाला

(1) अ (2) स (3) ब (4) द
(5) ब (6) अ (7) स (8) अ
(9) ब (10) स (11) स (12) अ
(13) द (14) अ (15) द (16) ब
(17) स (18) ब (19) अ (20) ब
(21) स (22) ब (23) अ (24) द
(25) ब

- पुष्पेन्द्र कुमार सविता
(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी विषयों पर लेखन करते हैं।)

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिये सामान्य ज्ञान - पर्यावरण

1. वायुमंडलीय नाइट्रोजन को जीव प्रत्यक्ष उपयोग नहीं करते हैं, बल्कि पहले नाइट्रेट में परिवर्तित करते हैं, जिसे पौधे और अन्य प्राणी उपयोग करते हैं। इस प्रक्रिया को कहते हैं?
(अ) नाइट्रीफिकेशन
(ब) डिनाइट्रीफिकेशन
(स) आयनीकरण
(द) इनमें से कोई नहीं

2. वायुमंडल में ऑक्सीजन के बाद कौन सी गैस सबसे अधिक मात्रा में मौजूद रहती है?
(अ) कार्बन डाईऑक्साइड
(ब) हीलियम
(स) हाइड्रोजन
(द) आर्गन

3. यदि वायुमंडल का तापमान बढ़ जाये तो आपेक्षित आद्रता (Relative Humidity)?
(अ) बढ़ जायेगी
(ब) घट जायेगी
(स) कोई परिवर्तन नहीं होगा
(द) घटती-बढ़ती रहेगी

4. वायुमंडल में जलवाष्प या नमी की मात्रा को कहते हैं?
(अ) आद्रता
(ब) वाष्पोत्सर्जन क्रिया
(स) द्रव्यता
(द) इनमें से कोई नहीं

5. एक काल्पनिक रेखा जो पृथ्वी को दो बराबर भागों में बांटती है, उसे कहते हैं?
(अ) अक्षांश
(ब) रेखांश
(स) विषुवत वृत्त
(द) इनमें से कोई नहीं

6. विषुवत वृत्त दर्शाता है?
(अ) 0^0 अक्षांश
(ब) 90^0 अक्षांश
(स) 90^0 दक्षिण अक्षांश
(द) इनमें से कोई नहीं

7. उत्तर ध्रुव को दर्शाता है?
(अ) 360^0 अक्षांश
(ब) 90^0 अक्षांश
(स) 90^0 दक्षिणी अक्षांश
(द) 0^0 अक्षांश

8. विषुवत वृत्त के उत्तर की सभी समानांतर रेखाओं को कहते हैं?
(अ) उत्तरी अक्षांश
(ब) दक्षिणी अक्षांश
(स) उत्तरी दक्षांश
(द) दक्षिणी दक्षांश

9. जैसे-जैसे हम विषुवत वृत्त से दूर जाते हैं, अक्षांशों का आकार?
(अ) बढ़ता है
(ब) घटता है
(स) कोई परिवर्तन नहीं होता है
(द) कभी घटता है, कभी बढ़ता है

10. कर्क रेखा स्थित है?
(अ) उत्तरी गोलार्ध में
(ब) दक्षिणी गोलार्ध में
(स) विषुवत वृत्त में
(द) इनमें से कोई नहीं

11. मकर रेखा स्थित है?
(अ) उत्तरी गोलार्ध में
(ब) दक्षिणी गोलार्ध में
(स) विषुवत वृत्त में
(द) इनमें से कोई नहीं

12. प्रमुख याम्यांतर का मान है?
(अ) 90^0
(ब) 0^0
(स) 60^0
(द) 30^0

13. शीतकटिबंध क्षेत्र किसके नजदीक पाया जाता है?
(अ) ध्रुवों
(ब) विषुवत वृत्त
(स) कर्क रेखा
(द) इनमें से कोई नहीं

14. भारत के मध्य भाग से होकर गुजरने वाली किसी याम्योत्तर के स्थानीय समय को देश का मानक समय माना गया है। भारत का मानक याम्योत्तर माना जाता है?
(अ) $82^030'$ पूर्व
(ब) $82^030'$ पश्चिम
(स) $82^030'$ उत्तर
(द) $82^030'$ दक्षिण

15. कर्क रेखा और मकर रेखा के बीच के सभी अक्षांशों पर सूर्य वर्ष में कितनी बार सिर के ठीक ऊपर होता है?
(अ) 4 बार (ब) 3 बार
(स) 2 बार (द) 1 बार

16. उत्तरी और दक्षिणी ध्रुवों की तरफ सूर्य की किरणों की दिशा कैसी होती है?
(अ) सीधी
(ब) तिरछी
(स) कभी सीधी, कभी तिरछी
(द) इनमें से कोई नहीं

17. कर्क रेखा का अक्षांशीय मान क्या है?
(अ) $23\frac{1^0}{2}$ उत्तर
(ब) $23\frac{1^0}{2}$ दक्षिण
(स) $66\frac{1^0}{2}$ उत्तर
(द) $66\frac{1^0}{2}$ दक्षिण

18. विषुवत वृत्त से ध्रुवों तक स्थित सभी समानांतर काल्पनिक वृत्तों को कहा जाता है?
(अ) कर्क रेखा
(ब) मकर रेखा
(स) अक्षांश
(द) उत्तर ध्रुववृत्त

19. पृथ्वी के उत्तर में स्थित आधे भाग को उत्तरी गोलार्ध तथा दक्षिण वाले आधे भाग को दक्षिण गोलार्ध कहा जाता है। इनका आकार होता है?
(अ) बराबर
(ब) उत्तरी छोटा, दक्षिणी बड़ा
(स) दक्षिणी छोटा, उत्तरी बड़ा
(द) इसका आकलन अभी तक नहीं किया जा सका है

20. पृथ्वी का प्रमुख याम्योत्तर कहां स्थित है?
(अ) नई दिल्ली
(ब) ग्रीनविच
(स) मॉस्को
(द) न्यूयॉर्क

21. पृथ्वी के अपनी धुरी पर चक्कर लगाने की दिशा क्या होती है?
(अ) उत्तर से दक्षिण
(ब) पूर्व से पश्चिम
(स) पश्चिम से पूर्व
(द) आर्ध समय उत्तर से दक्षिण, आर्ध से दक्षिण से उत्तर

22. पृथ्वी में जो स्थान (देश) प्रमुख याम्योत्तर के पूर्व में होते हैं, उनका समय?
(अ) आगे होगा
(ब) पीछे होगा
(स) कोई परिवर्तन नहीं
(द) वर्षभर परिवर्तित होता रहता है, यानि कभी आगे एवं कभी पीछे

23. किसी भी स्थान पर जब सूर्य आकाश में अपने उच्चतम विंदु पर होता है, तब घड़ी में बजते हैं?
(अ) रात के 12 बजे
(ब) दिन के 12 बजे
(स) सुबह के 6 बजे
(द) शाम के 6 बजे

24. समय को मापने का साधन निम्न में कौन हो सकता है?
(अ) पृथ्वी की गति
(ब) चंद्रमा की गति
(स) ग्रहों की गति
(द) इनमें से सभी

25. प्रत्येक चार वर्ष में पड़ने वाले लीप वर्ष में फरवरी माह के दिनों की संख्या होती है?
(अ) 28 (ब) 29
(स) 30 (द) 31

उत्तरमाला

(1) अ (2) द (3) अ (4) अ
(5) स (6) अ (7) ब (8) अ
(9) ब (10) अ (11) ब (12) ब
(13) अ (14) अ (15) द (16) ब
(17) अ (18) स (19) अ (20) ब
(21) स (22) अ (23) ब (24) द
(25) ब

- अनिल कुमार शर्मा
(लेखक, मध्यप्रदेश प्रदूषण निवारण मण्डल के पूर्व मुख्य अभियंता हैं।)

सरोजिनी नायडू पुण्यतिथि | 2 मार्च

स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, कवयित्री और देश की पहली महिला गवर्नर थीं सरोजिनी नायडू

'भारत कोकिला' के नाम से प्रसिद्ध स्वाधीनता संग्राम की एक अप्रतिम योद्धा स्व. सरोजिनी नायडू अपनी सांगठनिक क्षमता, ओजपूर्ण वाणी और देश की आजादी के लिए अपने प्रयासों की वजह से अपने दौर की सर्वाधिक लोकप्रिय महिला रही हैं। वे आजादी से पूर्व देश में कांग्रेस के अध्यक्ष का पद संभालने वाली पहली महिला बनीं और आजादी के तुरंत बाद उत्तरप्रदेश की पहली महिला राज्यपाल (गवर्नर) भी बनीं। कहते हैं कि देश की राजनीति में उनके जैसी खनकती, मधुर और भावपूर्ण आवाज फिर नहीं सुनी गई। वे एक बहुत ही ऊर्जावान महिला थीं। बात चाहे कविताओं के जरिए सामाजिक बुराइयों पर रोशनी डालने और महिलाओं को मताधिकार दिलाने की हो या फिर सविनय अवज्ञा आंदोलन के दौरान सबसे आगे रहकर अंग्रेजों के लाठीचार्ज का सामना करने की हिम्मत रखने की या आजादी या न्याय और सशक्तिकरण के लिए संघर्ष करने की हो, किसी भी मामले में वह पीछे हटने वाली महिला नहीं थीं।

उन्हें नारी मुक्ति आंदोलन की समर्थक के रूप में सदैव याद किया जाता रहेगा। साथ ही उनके व्यक्तित्व का एक दूसरा पहलू भी है, जो उन्हें एक कवयित्री के रूप में पहचान दिलाता है। जब उनके द्वारा लिखी गई कविता 'लेडी ऑफ दी लेक' चर्चित हुई तो उनकी उम्र मात्र 13 वर्ष थी। उनके कविता संग्रह 'बर्ड ऑफ टाइम' तथा 'ब्रोकन विंग' ने उन्हें एक सुप्रसिद्ध कवयित्री बना दिया था। इंग्लैंड में उन्हें 'भारत कोकिला' कहकर सम्मानित किया गया, जो बाद में उनकी पहचान का प्रतीक बन गया। वहीं स्वर्गीय नेहरू जी ने उनके बारे में लिखा है कि- 'सरोजिनी जब कार्य समितियों की बैठकों में पहुंचती थीं, तो वातावरण उसी प्रकार गूंज उठता था, जिस तरह बुलबुल के बोलने से चमन का सन्नाटा दूर हो जाता है।'

उच्च शिक्षित व प्रगतिशील महिला के रूप में बनाई पहचान

सरोजिनी नायडू का जन्म 13 फरवरी, सन् 1879 को हैदराबाद में हुआ था। पिता अघोरनाथ एक साहित्यकार, वैज्ञानिक और शिक्षाशास्त्री थे। जबकि माता वरदा सुन्दरी भी बंगाली भाषा में कविताएं लिखती थीं। अपने कवि भाई हरीन्द्रनाथ चट्टोपाध्याय की तरह सरोजिनी को भी अपने माता-पिता से कविता-सृजन की प्रतिभा प्राप्त हुई थी। बारह साल की छोटी उम्र में उन्होंने मैट्रिक की परीक्षा पास कर ली थी, यही नहीं उन्होंने मद्रास प्रेसीडेंसी में पहला स्थान भी हासिल किया था। उनकी कविताओं से हैदराबाद के निजाम बहुत प्रभावित हुए और उन्होंने सरोजिनी नायडू को विदेश में पढ़ने के लिए छात्रवृत्ति दी। उस जमाने में जबकि महिलाएं कई अंधविश्वासों में जकड़ी थीं और अधिकांश के हिस्से में शिक्षा का उजाला भी नसीब नहीं था, सरोजिनी एक उच्च शिक्षित व प्रगतिशील महिला के रूप में उभरकर सामने आईं और इसका श्रेय उनके माता-पिता को ही जाता है। वे शब्दों की जादूगरनी थीं। शब्दों का रचना संसार उन्हें आकर्षित करता था और उनका मन शब्द जगत में ही रमता था। वे बहुभाषाविद् थीं। वह क्षेत्रानुसार अपना भाषण अंग्रेजी, हिन्दी, बंगाली या गुजराती भाषा में देती थीं। लंदन की सभा में अंग्रेजी में बोलकर उन्होंने वहां उपस्थित सभी श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया था।

पर लो पंछी तो यह उड़ चला..

जब वे उच्च शिक्षा के लिए इंग्लैंड गईं, तब उनकी आयु केवल 16 वर्ष थी। वहां पहले उन्होंने किंग कॉलेज लंदन में दाखिला लिया, उसके बाद कैम्ब्रिज के गिर्टन कॉलेज से शिक्षा हासिल की। वहां वे उस दौर के प्रतिष्ठित कवि अर्थर साइमन और इडमंड गोसे से मिलीं। उनसे मिलने के बाद उन्हें कविताओं को लेकर एक नई दृष्टि मिली, क्योंकि इडमंड ने सरोजिनी को भारतीय विषयों को ध्यान में रखकर लिखने की सलाह दी। वह लगभग बीस वर्ष तक कविताएं और लेखन कार्य करती रहीं। सरोजिनी के प्रथम कविता-संग्रह 'द गोल्डन थ्रेशहोल्ड' (1905) को लंदन में बहुत ही उत्साह के साथ पढ़ा गया। इसके लिए उन्हें एक होनहार और नवोदित कवयित्री के रूप में सम्मानित किया गया। इंग्लैंड के बड़े-बड़े अखबारों 'लंदन-टाइम्स' और 'द मेनचैस्टर गार्डियन' में इस कविता-संग्रह की प्रशंसायुक्त समीक्षाएं लिखी गईं। इसके बाद 'बर्ड ऑफ टाइम' नामक संग्रह सन् 1912 में प्रकाशित हुआ। इसकी एक कविता का भावार्थ है -

समय के पंछी का उड़ने को सीमित विस्तार।
पर लो पंछी तो यह उड़ चला...

इसके बाद सन् 1917 में उनका तीसरा कविता-संग्रह 'द ब्रोकन विंग' निकला। उसमें उन्होंने गाया-

ऊँची उठती हूँ मैं, कि पहुँचू
नियत झरने तक
टूटे ये पंख लिए, मैं चढ़ती हूँ
ऊपर तारों तक।

तारों तक पहुँचने के लिए ऊपर उठने की यह भावना सरोजिनी नायडू के साथ सदैव रही। सन् 1946 में दिल्ली में 'एशियन रिलेशन्स कॉन्फ्रेंस' को सम्बोधित करते हुए उन्होंने इसी भाव को व्यक्त किया। उन्होंने कहा- 'हम आगे, और भी आगे, ऊँचे, और ऊँचे जाएंगे, जब तक हम तारों तक न पहुँच जाएँ। आइए, तारों तक पहुँचने के लिए हम लोग बढ़ें।' उन्होंने कहा 'हम चाँद के लिए चिल्लाते नहीं हैं। हम तो उसे आकाश में से तोड़कर ले आएंगे और एशिया की मुक्ति के ताज में उसे लगा कर पहन लेंगे।' हार कर हताश बैठने का उनका स्वभाव नहीं था। अपने निश्चित उद्देश्य तक पहुँचने के लिए वह केवल आगे बढ़ना चाहती थीं। कविताओं और जीवन, दोनों में ही सरोजिनी नायडू यही करती थीं। सन् 1937 में कई वर्षों बाद सरोजिनी नायडू का आखिरी कविता-संग्रह 'द सेप्टर्ड फ्लूट' उस समय सामने आया, जब वह देश की राजनीति में रची-बसी थीं। राजनीतिक तनावों में यह कविता-संग्रह हवा के ताजे झोंके की एक लहर बनकर सबके सामने आया। उन्होंने स्वयं को केवल 'गीतों की गायिका' बताया।

महिलाओं के मताधिकार के लिए उठाई आवाज

जब सरोजिनी कैम्ब्रिज से पढ़ाई करके वापस भारत लौटीं तो उस समय देश पूरी तरह से आजादी की लड़ाई में तप रहा था। गांधी जी के सानिध्य में आने के बाद उन्होंने खुद को इस आग में झोंक दिया, जिसके बाद जनता के लिए वह तेजी से एक बड़े नेता के रूप में उभरीं। इसके पूर्व सन् 1891 से 1895 के मध्य में सरोजिनी का परिचय गोविंदराजुलु नायडू से हुआ। सन् 1898 में उनके पिता ने डॉ. राजुलु के साथ उनका विवाह कर दिया। विवाह के बाद सरोजिनी चट्टोपाध्याय से सरोजिनी नायडू हो गईं। राष्ट्रीय आंदोलनों में उनकी सक्रियता जारी रही। उन्होंने युवाओं की कई सभाओं में भाषण दिए। अनेक शहरों और गांवों में महिलाओं के बीच जाकर काम किया। सरोजिनी नायडू का स्वास्थ्य अक्सर खराब रहता था, लेकिन उनका मनोबल दृढ़ था इसलिए न केवल युवावस्था में, बल्कि बड़ी उम्र होने पर भी

वह जोश और उत्साह के साथ काम करती रहीं। उनके साथी इस बात से हैरान होते थे कि वे इतनी ऊर्जा कहां से पाती हैं।

आजादी के आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाते हुए देश की महिला नेत्रियों ने महिलाओं के मताधिकार की मान्यता के लिए भी लड़ाई शुरू की। सरोजिनी नायडू ने भी सन् 1918 में बॉम्बे में कांग्रेस की एक बैठक के दौरान महिलाओं के मताधिकार की महत्व की बात कही। सरोजिनी नायडू ने इसे अमल में लाने के लिए तत्कालीन विदेश मंत्री एडविन मोंटेग्यू से मिलने के लिए प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करते हुए इंग्लैंड का दौरा भी किया और वहां पर भी महिलाओं को मताधिकार दिलाने की बात कही। औपनिवेशिक भारत की सीमा के भीतर और बाहर इस देश को और इस देश की महिलाओं की आजादी की लड़ाई में मदद करने के लिए नायडू एक मिशन पर थीं। सरोजिनी नायडू का यह मानना था कि भारतीय नारी कभी भी कृपा की पात्र नहीं थी, वह सदैव से समानता की अधिकारी रही है। उन्होंने अपने इन विचारों के साथ महिलाओं में आत्मविश्वास जाग्रत करने का काम किया।

कांग्रेस की पहली महिला अध्यक्ष के रूप में पाई प्रतिष्ठा

सरोजिनी की राजनीतिक सक्रियता के कारण देश की असंख्य महिलाओं में आत्मविश्वास लौट आया और उन्होंने भी स्वाधीनता आंदोलन के साथ-साथ समाज के अन्य क्षेत्रों में भी सक्रियता से भाग लेना प्रारम्भ कर दिया। राष्ट्रीय कांग्रेस की बहुत सी समितियों में उन्होंने काम किया और देश की राजनीतिक आजादी के बारे में बोलने का एक भी अवसर हाथ से जाने नहीं दिया। ऐसे ही जोश के साथ उन्होंने हिन्दू-मुस्लिम एकता और शिक्षा के प्रचार को भी महत्व दिया। कुछ ही समय में सरोजिनी नायडू एक राष्ट्रीय नेता बन गईं। वह 'भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस' के प्रतिष्ठित नेताओं में से एक मानी जाने लगीं। सन् 1925 में वह भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के कानपुर अधिवेशन की अध्यक्ष चुनी गईं। तब तक वह गांधी जी के साथ दस वर्ष तक काम कर चुकी थीं और गहरा राजनीतिक अनुभव पा चुकी थीं। कांग्रेस का अध्यक्ष होना बहुत बड़ा राष्ट्रीय सम्मान था और वह जब एक महिला को दिया गया तो उसका महत्व और भी बढ़ गया। गांधी जी ने सरोजिनी नायडू का कांग्रेस प्रमुख के रूप में बड़े ही उत्साह भरे शब्दों में स्वागत किया, 'पहली बार एक भारतीय महिला को देश की यह सबसे बड़ी सौगात पाने का सम्मान मिलेगा। अपने अधिकार के कारण ही यह सम्मान उन्हें प्राप्त होगा।'

सरोजिनी ने स्वयं अपने बारे में कहा- 'अपने विशिष्ट सेवकों में मुझे मुख्य स्थान के लिए चुनकर आप लोगों ने कोई नई मिसाल नहीं रखी है। आप तो केवल पुरानी परम्परा की ओर ही लौटे हैं और भारतीय नारी को फिर से उसके उस पुरातन स्थान में ला खड़ा किया है जहाँ वह कभी थी.....।' अपने अध्यक्षीय भाषण में सरोजिनी नायडू ने भारत के सामाजिक, आर्थिक, औद्योगिक और बौद्धिक विकास की आवश्यकता की बात की। अंत में उन्होंने कहा, 'स्वाधीनता संग्राम में भय एक अक्षम्य विश्वासघात है और निराशा एक अक्षम्य पाप है।'

भारत के इतिहास में वे भारतीय स्वाधीनता आंदोलन की प्रमुख नायिका के रूप में जानी गयीं। जब 1932 में महात्मा गांधी जेल गये थे, उस समय आंदोलन को रफ्तार देने और बढ़ाने का दायित्व सरोजिनी नायडू को सौंप कर गये थे। गांधी जी ने कहा था- 'तुम्हारे हाथों में भारत की एकता का काम सौंपता हूं।'

मेरे जीवन की क्षुधा, नहीं मिटेगी ....

जब देश आजाद हो गया तब भी सरोजिनी नायडू ने अपनी सक्रियता में कमी नहीं आने दी। उन्होंने अन्य स्वतंत्रता सेनानियों की तरह ही देश के नवनिर्माण की भूमिका को सहजता से स्वीकार किया। आजादी के ऐतिहासिक संघर्ष में उनके अनंत योगदान को देखते हुए उन्हें तत्कालीन संयुक्त प्रांत (उ.प्र.) की पहली महिला राज्यपाल बनाया गया था। वह लखनऊ में जाकर बस गईं और वहाँ सौजन्य और गौरवपूर्ण व्यवहार के द्वारा अपने कर्तव्यों को निभाया। हालांकि वे इस पद को स्वीकार करते हुए सहज नहीं थीं। बाद में यह पद उनके जीवन का अंतिम सोपान भी साबित हुआ और राज्यपाल रहते ही 2 मार्च 1949 को उनकी मृत्यु हो गयी। अपनी मृत्यु को लेकर भी उनके अपने विचार थे, जिसे वे अपनी एक कविता में व्यक्त कर चुकी थीं। इसमें उन्होंने मृत्यु को कुछ देर के लिए ठहर जाने को कहा था।

मेरे जीवन की क्षुधा,
नहीं मिटेगी जब तक
मत आना हे मृत्यु, कभी तुम मुझ तक।

देश के लिए हमेशा तत्पर रहने वाली सरोजिनी नायडू को देश ने बहुत सम्मान दिया। उनकी मृत्यु के बाद 13 फरवरी, 1964 को भारत सरकार ने उनकी जयंती के अवसर पर उनके सम्मान में 15 नए पैसे का डाक टिकट भी जारी किया।

सरोजिनी नायडू ने खुद को विशेष भले ही ना माना हो पर भारतीय साहित्य में कवयित्री के रूप में उनका स्थान बहुत ही महत्वपूर्ण है। उनके शब्दों में संगीत है। उनकी कविताएं सुन्दर प्रतीकों से भरी हैं। अपनी मातृभूमि को दासता से मुक्त करने का स्वप्न वह सदैव देखती रहीं, उनके मन में समस्त मानव जाति के लिए प्रेम था। उनकी कविताओं ने आधुनिक भारतीय साहित्य पर अपनी विशिष्ट छाप अंकित की है। सच्चे दिल से वह भारत के श्रमिक वर्ग के लिए चिंतित रहा करती थीं।

भारतीय महिला परिषद् के नई दिल्ली स्थित केन्द्रीय दफ़्तर को 'सरोजिनी हाउस' नाम दिया गया है। उन्होंने जो इस देश की महिलाओं के लिए किया है, उसके लिए उन्हें याद किया जाएगा।

- रीता मोदी
(लेखिका, स्वतंत्र पत्रकार हैं)

जीआईएस डाटा के उपयोग का शुल्क निर्धारित करने समिति गठित

भोपाल, राज्य सरकार ने जीआईएस डाटा के उपयोग, शेयरिंग और पब्लिक डोमेन में डाटा उपलब्ध कराये जाने के लिये दर/शुल्क के निर्धारण के लिये अंतर्विभागीय समिति गठित की है। प्रमुख सचिव, उद्यान एवं प्रौद्योगिकी समिति के अध्यक्ष बनाये गये हैं।

इस समिति में मुख्य कार्यपालन अधिकारी मैप आईटी समिति के सदस्य सचिव होंगे। अन्य सदस्यों में सचिव, वित्त, सलाहकार राज्य योजना आयोग, संबंधित विभाग के विभाग प्रमुख तथा सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र के विशेषज्ञ (अशासकीय) शामिल हैं।

उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार द्वारा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी में कार्यरत मैप आईटी संस्था के माध्यम से जीआईएस लेअर्स (वाटर बॉडीज-वेटलैण्ड और रिवर आबादी क्षेत्र एवं सड़क नेटवर्क रोड सेंटर लाइन आदि) का निर्माण किया गया है।

महाविद्यालयों में 465 अतिथि विद्वानों ने कार्यभार ग्रहण किया

भोपाल, उच्च शिक्षा मंत्री श्री जीतू पटवारी ने बताया है कि महाविद्यालयों में अतिथि विद्वानों के 618 पदों के लिए ध्वॉइस फिलिंग के आधार पर लगभग 465 अतिथि विद्वान ने कार्यभार ग्रहण कर लिया हैं। शेष पदों के लिए पुनः ध्वॉइस फिलिंग कराते हुए मेरिट सूची जारी कर कार्यभार ग्रहण कराने की प्रक्रिया निरंतर जारी है।

श्री पटवारी ने बताया कि दिसंबर 2019 में लोक सेवा आयोग से 3148 नियमित नियुक्तियां की गईं, जिनमें लगभग 756 अतिथि विद्वानों का भी चयन हुआ। लोक सेवा आयोग से चयन प्रक्रिया में अतिथि विद्वानों को 20 अंकों का अधिभार एवं आयु सीमा में पूर्ण छूट प्रदान की गई है।

उच्च शिक्षा मंत्री ने बताया कि विभाग में अब 4193 अतिथि विद्वान हैं, जिनमें से 2563 कार्यरत हैं अर्थात अप्रभावित हैं। लगभग 1630 अतिथि विद्वान नियमित नियुक्तियों के फलस्वरूप फॉलन आउट हुए हैं। नियमित नियुक्तियां एवं कार्यभार ग्रहण करने की प्रक्रिया जारी है, अतः फॉलन आउट अतिथि विद्वानों की संख्या 2030 और कार्यरत की संख्या 2163 होने की संभावना है।

श्री पटवारी ने बताया कि नियमित नियुक्तियों के लिए निर्धारित योग्यता रखने वाले अतिथि विद्वानों को मेरिट के अनुसार उनके द्वारा दिए गए विकल्प के आधार पर महाविद्यालय आवंटित किए जाने की प्रक्रिया रही है और प्राचार्य सचिव जनभागीदारी समिति द्वारा आमंत्रण पत्र जारी किया जाता है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2010 तक अतिथि विद्वानों के लिए निर्धारित योग्यता स्नातकोत्तर उपाधि थी। उसके बाद योग्यता स्नातकोत्तर उपाधि के साथ पीएचडी या नेट निर्धारित की गई।

श्री जीतू पटवारी ने बताया कि शैक्षणिक सत्र 2010-11 तक अतिथि विद्वानों के चयन के लिए आवेदन अग्रणी महाविद्यालय (जिला स्तर) पर ऑनलाइन प्राप्त कर मेरिट के आधार पर 10 अथवा 11 माह के लिए आमंत्रण दिया जाता था। वर्ष 2011-12 से इस प्रक्रिया को केंद्रीकृत एवं ऑनलाइन किया गया।

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिये महत्वपूर्ण प्रश्न

मध्यप्रदेश सामान्य ज्ञान

1. मध्यप्रदेश की सबसे ऊंची चोटी (शिखर) कौन-सी है?
(अ) धूपगढ़
(ब) अमरकंटक
(स) गुरु शिखर
(द) उपरोक्त में से कोई नहीं
उत्तर- (अ) धूपगढ़
व्याख्या - यह चोटी सतपुड़ा पहाड़ी क्षेत्र में स्थित है। इसकी ऊंचाई 1352 मीटर है। यह पचमढ़ी में स्थित है।

2. मध्यप्रदेश में मध्यकाल में शुंग साम्राज्य ने शासन किया था। उनकी राजधानी का नाम है?
(अ) उज्जैन (ब) विदिशा
(स) सांची (द) मैहर
उत्तर- (ब) विदिशा
व्याख्या- इस साम्राज्य की स्थापना पुष्यमित्र शुंग ने की थी।

3. सास-बहु का मंदिर मध्यप्रदेश के किस शहर में है?
(अ) ग्वालियर (ब) उज्जैन
(स) धार (द) मांडू
उत्तर- (अ) ग्वालियर

4. रानी लक्ष्मीबाई की समाधि मध्यप्रदेश में किस स्थान पर है?
(अ) ग्वालियर (ब) झांसी
(स) ओरछा (द) दतिया
उत्तर- (अ) ग्वालियर

5. लक्ष्मीबाई नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फिजिकल एजुकेशन प्रदेश में किस स्थान पर है?
(अ) ग्वालियर (ब) भोपाल
(स) इंदौर (द) उज्जैन
उत्तर- (अ) ग्वालियर

6. जनगणना 2011 के अनुसार मध्यप्रदेश में महिलाओं की जनसंख्या का प्रतिशत है?
(अ) 50 (ब) 48.30
(स) 52.80 (द) 49.75
उत्तर- (ब) 48.30

7. 2011 की जनगणना के अनुसार जनसंख्या की दृष्टि से मध्यप्रदेश का सबसे छोटा जिला है?
(अ) रतलाम (ब) हरदा
(स) सागर (द) दमोह
उत्तर- (ब) हरदा
व्याख्या - सर्वाधिक जनसंख्या वाला जिला है इंदौर।

8. न्यूनतम महिला साक्षरता किस जिले में है?
(अ) अलीराजपुर
(ब) हरदा
(स) झाबुआ
(द) बड़वानी
उत्तर- (अ) अलीराजपुर

9. मध्यप्रदेश में लाख बनाने का शासकीय कारखाना किस शहर में है?
(अ) हरदा (ब) उमरिया
(स) झाबुआ (द) बड़वानी
उत्तर- (ब) उमरिया

10. मध्यप्रदेश में शुष्क बंदरगाह किस स्थान पर है?
(अ) पीथमपुर (ब) इंदौर
(स) धार (द) गुना
उत्तर- (अ) पीथमपुर

11. मध्यप्रदेश में पहली सुती कपड़ा मिल किस स्थान पर खोली गई थी?
(अ) खंडवा (ब) खरगोन
(स) बुरहानपुर (द) गुना
उत्तर- (स) बुरहानपुर

12. भगोरिया नृत्य मध्यप्रदेश के किस जिले में होता है?
(अ) खंडवा (ब) झाबुआ
(स) बुरहानपुर (द) धार
उत्तर- (ब) झाबुआ
व्याख्या- यह भील समुदाय का प्रमुख नृत्य है।

13. होलकरों के महल प्रदेश के किस नगर में स्थित हैं?
(अ) खंडवा (ब) इंदौर
(स) भोपाल (द) ग्वालियर
उत्तर- (ब) इंदौर

14. भारत का डेट्रायट चेन्नई को कहा जाता है। मध्यप्रदेश का डेट्रायट कौन-से शहर को कहा जाता है?
(अ) मंडीदीप (ब) पीथमपुर
(स) इंदौर (द) भिंड
उत्तर- (ब) पीथमपुर
व्याख्या - यह धार जिले में है।

15. 'इंदिरा गांधी मानव संग्रहालय' किस शहर में है?
(अ) भोपाल (ब) इंदौर
(स) धार (द) भीमबैठका
उत्तर- (अ) भोपाल

16. निम्न में से किस शहर को पवित्र शहर घोषित किया गया है?
(अ) महेश्वर (ब) मंडला
(स) जबलपुर (द) होशंगाबाद
उत्तर- (अ) महेश्वर
व्याख्या - 2014 में इसे पवित्र शहर घोषित किया गया था। यह खरगोन जिले में है।

17. केंद्रीय रिज़र्व पुलिस फोर्स की स्थापना मध्यप्रदेश के किस स्थान में हुई थी?
(अ) महेश्वर (ब) महू
(स) नीमच (द) इंदौर
उत्तर- (स) नीमच
व्याख्या - 27 जुलाई 1939 को इसकी स्थापना क्राउन रिप्रिजेंटेटिव पुलिस के रूप में हुई थी। स्वतंत्रता के बाद इसका नाम केंद्रीय रिज़र्व पुलिस फोर्स हो गया।

18. मध्यप्रदेश में किस जनजाति की संख्या सर्वाधिक है?
(अ) भील (ब) गोंड
(स) बैगा (द) भिलाला
उत्तर- (अ) भील
व्याख्या - 2011 की जनगणना के अनुसार इस जनजाति का प्रतिशत सर्वाधिक है। भील जनजाति झाबुआ, धार, बड़वानी, खरगोन आदि स्थानों पर मिलती है।

19. सहस्त्रधारा जलप्रपात किस नदी पर है?
(अ) ताप्ती (ब) नर्मदा
(स) चंबल (द) माही
उत्तर- (ब) नर्मदा
व्याख्या - यह जलप्रपात महेश्वर में है।

20. मध्यप्रदेश में सबसे पहला आकाशवाणी का केंद्र किस स्थान पर प्रारंभ हुआ था?
(अ) इंदौर (ब) भोपाल
(स) ग्वालियर (द) उज्जैन
उत्तर- (अ) इंदौर

21. मध्यप्रदेश की सीमा निम्न में से किस राज्य को नहीं छूती है?
(अ) राजस्थान
(ब) उत्तरप्रदेश
(स) उड़ीसा
(द) महाराष्ट्र
उत्तर- (स) उड़ीसा
व्याख्या - प्रदेश की सीमा पांच राज्यों राजस्थान, उत्तरप्रदेश, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़ और गुजरात को छूती है।

22. मध्यप्रदेश में कालिदास सम्मान किस क्षेत्र में योगदान के लिये दिया जाता है?
(अ) साहित्य (ब) कला
(स) चिकित्सा (द) शांति
उत्तर- (ब) कला
व्याख्या - इस सम्मान की स्थापना 1980 में हुई थी। सर्वप्रथम यह सम्मान सुमंगड़ी अय्यर को प्रदान किया गया था। यह सम्मान संस्कृति विभाग द्वारा दिया जाता है।

23. 'घोटुल प्रथा' आदिवासियों की मुख्य प्रथा है। यह किस जनजाति की प्रथा है?
(अ) भील (ब) भिलाला
(स) बैगा (द) मुड़िया
उत्तर- (द) मुड़िया

24. मध्यप्रदेश में केले का सबसे बड़ा उत्पादक जिला कौन-सा है?
(अ) इंदौर
(ब) बुरहानुपर
(स) खंडवा
(द) खरगोन
उत्तर- (ब) बुरहानुपर
व्याख्या- यह ताप्ती नदी के किनारे स्थित है। यह जिला विद्युत करघे का सबसे बड़ा केंद्र भी है।

25. पचमढ़ी को किस नाम से जाना जाता है?
(अ) सतपुड़ा की रानी
(ब) विंध्याचल का राजा
(स) सुन्दरता की मिसाल
(द) उपरोक्त सभी
उत्तर- (अ) सतपुड़ा की रानी
व्याख्या- पचमढ़ी, होशंगाबाद जिले में स्थित है।

26. चचाई जलप्रपात जो मध्यप्रदेश का सबसे ऊंचा जलप्रपात है, किस जिले में है?
(अ) सतना (ब) रीवा
(स) होशंगाबाद (द) खंडवा
उत्तर- (ब) रीवा
व्याख्या - यह जलप्रपात 130 मीटर ऊंचा है।

27. दादा धूनीवाले थर्मल पावर प्लांट तथा श्री सिंगाजी थर्मल पावर प्लांट किस जिले में है?
(अ) खंडवा (ब) खरगोन
(स) उज्जैन (द) रतलाम
उत्तर- (अ) खंडवा

28. प्रसिद्ध जैन तीर्थ बावनगजा (चूलगिरी) किस जिले में स्थित है?
(अ) खंडवा (ब) बड़वानी
(स) बुरहानपुर (द) छतरपुर
उत्तर- (ब) बड़वानी

29. प्रदेश का प्रथम पर्यटन नगर किस स्थान को बनाया गया है?
(अ) खंडवा (ब) शिवपुरी
(स) उज्जैन (द) भोपाल
उत्तर- (ब) शिवपुरी

30. प्रदेश के किस जिले में अनुसूचित जनजातियों की संख्या सर्वाधिक है?
(अ) मंडला (ब) धार
(स) झाबुआ (द) अलीराजपुर
उत्तर- (ब) धार

31. निमाड़ महोत्सव का आयोजन किस शहर में होता है?
(अ) महेश्वर (ब) मंडला
(स) धार (द) खरगोन
उत्तर- (अ) महेश्वर
व्याख्या - यह खरगोन जिले में है।

32. गुरु नानक देव जी की स्मृति में प्रदेश में संग्रहालय और शोध केंद्र किस नगर में बनाया जायेगा?
(अ) भोपाल (ब) जबलपुर
(स) सागर (द) उज्जैन
उत्तर- (ब) जबलपुर
व्याख्या - यह 20 करोड़ रुपये की लागत से बनेगा।

33. वर्ष 2017 का अहिल्या सम्मान किसे दिया गया?
(अ) शांति देवी
(ब) कृष्णा देवी
(स) विभा देवी
(द) उपरोक्त में से कोई नहीं
उत्तर- (ब) कृष्णा देवी
व्याख्या - यह उज्जैन में मांड़ना कलाकार हैं। इसमें सम्मान में 2 लाख रुपये की राशि प्रदान की जाती है।

34. इज्तिमा किस शहर में लगता है?
(अ) भोपाल (ब) इंदौर
(स) बुरहानपुर (द) उज्जैन
उत्तर- (अ) भोपाल
व्याख्या - भोपाल में ईंटखेड़ी (खांसीपुर) में यह प्रतिवर्ष लगता है।

35. 15 नवम्बर 2019 को आदिवासी सम्मेलन का आयोजन कहां किया गया?
(अ) रीवा (ब) सतना
(स) सागर (द) धार
उत्तर- (अ) रीवा

36. मध्यप्रदेश का प्रथम पर्यावरण न्यायालय कहां पर स्थित है?
(अ) उज्जैन
(ब) होशंगाबाद
(स) जबलपुर
(द) भोपाल
उत्तर- (द) भोपाल

37. चीनी यात्री ह्वेनसांग मध्यप्रदेश के किस स्थान पर आया था?
(अ) दशपुर (ब) माहिष्मती
(स) चंदेरी (द) अवंति
उत्तर- (ब) माहिष्मती

38. 'सिटी ऑफ जॉय' मध्यप्रदेश का कौन-सा शहर है?
(अ) धार (ब) भोपाल
(स) इंदौर (द) मांडू
उत्तर- (द) मांडू

39. प्रदेश का वह कौन-सा स्थान है, जहां यह माना जाता है कि भगवान ब्रम्हा, विष्णु और महेश ने बाल अवतार लिया था?
(अ) चित्रकूट
(ब) उज्जैन
(स) ओंकारेश्वर
(द) महेश्वर
उत्तर- (अ) चित्रकूट

40. पातालकोट मध्यप्रदेश के किस जिले में स्थित है?
(अ) उज्जैन (ब) छिंदवाड़ा
(स) धार (द) होशंगाबाद
उत्तर- (ब) छिंदवाड़ा

- डॉ. माया राठी
(लेखिका, शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या महाविद्यालय, भोपाल में अर्थशास्त्र की प्राध्यापक हैं।)

घोषणा
फार्म 4 (नियम 8 देखिए)
साप्ताहिक रोज़गार और निर्माण

1.	प्रकाशन स्थान	:	भोपाल
2.	प्रकाशन अवधि	:	साप्ताहिक
3.	मुद्रक का नाम	:	सांध्य प्रकाश लिमिटेड, एफ-14, औद्योगिक क्षेत्र, गोविन्दपुरा भोपाल, मध्यप्रदेश
	क्या भारत का नागरिक है?	:	हाँ
	(यदि विदेशी है तो मूल देश)	:	xxx
	पता	:	सांध्य प्रकाश लिमिटेड, एफ-14, औद्योगिक क्षेत्र, गोविन्दपुरा भोपाल, मध्यप्रदेश
4.	प्रकाशक का नाम	:	पी. नरहरि
	क्या भारत का नागरिक है?	:	हाँ
	(यदि विदेशी है तो मूल देश)	:	xxx
	पता	:	मध्यप्रदेश माध्यम 40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल, भोपाल (म.प्र.)
5.	संपादक का नाम	:	पुष्पेन्द्र पाल सिंह
	क्या भारत का नागरिक है?	:	हाँ
	(यदि विदेशी है तो मूल देश)	:	xxx
	पता	:	मध्यप्रदेश माध्यम, 40, प्रशासनिक क्षेत्र अरेरा हिल, भोपाल (म.प्र.)
6.	उन व्यक्तियों के नाम व पते जो समाचार-पत्र के स्वामी हों, तथा जो समस्त पूंजी के एक प्रतिशत से अधिक के साझेदार या हिस्सेदार हों	:	मध्यप्रदेश माध्यम 40, प्रशासनिक क्षेत्र अरेरा हिल, भोपाल (म.प्र.)

मैं पी. नरहरि एतद् द्वारा घोषित करता हूँ कि मेरी अधिकतम जानकारी एवं विश्वास के अनुसार ऊपर दिए गए विवरण सत्य हैं।

दिनांक : 02.03.2020
पी. नरहरि
प्रकाशक के हस्ताक्षर

पी.पी.टी. चयन परीक्षा 2020 के लिये महत्वपूर्ण प्रश्न

गणित

1. यदि $a = x^2y^3$ तथा $b = 2xy^2$ हो, तो इनका महत्तम समापवर्तक होगा -
(A) xy
(B) x^2y
(C) xy^2
(D) $2xy$
उत्तर- (C) xy^2 है।

2. $10x^2 + 3x - 1 = 0$ के शून्यक हैं -
(A) $-\frac{1}{5}, -\frac{1}{2}$
(B) $-, -$
(C) $\frac{1}{5}, \frac{1}{2}$
(D) 5, -2
उत्तर- (B) $-, -$ है।
यहाँ $(2x+1)(5x-1) = 0$ है।

3. बहुलक $4x^2 + 3x + 1$ के शून्यक m तथा n हैं, तो $\left(\frac{1}{m} + \frac{1}{n}\right)$ का मान होगा -
(A) -3 (B) -4
(C) $\frac{1}{4}$ (D) $\frac{3}{4}$
उत्तर- (A) -3 है।
यहां $m+n = -\frac{b}{a} = -\frac{3}{4}$ तथा
$mn = \frac{c}{a} = \frac{1}{4}$ हैं। अतः
$\frac{1}{m} + \frac{1}{n} = \frac{m+n}{mn} = -\frac{3}{4} \times \frac{4}{1} = -3$
होगा।

4. यदि बहुलक $2x^2 - 5x + k$ का एक शून्यक दूसरे का प्रतिलोम हो, तो k का मान होगा -
(A) 3 (B) 1
(C) $\frac{1}{2}$ (D) 2
उत्तर- (D) 2 है।
यहां $\alpha\beta = 1$ से $\frac{k}{2} = 1$ है।

5. यदि समीकरणों $3x - (a+1)y = 2b - 1$ तथा $5x + 1(1 - 2a)y = 3b$ के अनन्त हल हों, तो a तथा b के मान होंगे -
(A) a = 5, b = 8
(B) a = 3, b = 5
(C) a = 8, b = 5
(D) a = 8, b = 3
उत्तर- (C) a = 8, b = 5 है। अनन्त हल के लिए $\frac{a_1}{a_2} = \frac{b_1}{b_2} = \frac{c_1}{c_2}$ से
$\frac{3}{5} = \frac{-(a+1)}{1-2a} = \frac{2b-1}{3b}$ होगा।

6. दो संख्याओं का योग 15 है। इनके व्युत्क्रमों का योग $\frac{3}{10}$ हो, तो संख्याएं होंगी -
(A) 5 तथा 10
(B) 4 तथा 11
(C) 3 तथा 12
(D) 6 तथा 9
उत्तर- (A) 5 तथा 10 है। यहां a + b = 15 तथा $\frac{1}{a} + \frac{1}{b} = \frac{3}{10}$ है।

7. एक आयत की लंबाई इसकी चौड़ाई से 8 सेमी अधिक है। यदि आयत का क्षेत्रफल 240 वर्ग सेमी हो, तो लंबाई *l* तथा चौड़ाई b के मान होंगे -
(A) l = 16 सेमी, b = 8 सेमी
(B) l = 20 सेमी, b = 12 सेमी
(C) l = 10 सेमी, b = 2 सेमी
(D) l = 12 सेमी, b = 4 सेमी
उत्तर- (B) l = 20 सेमी, b = 12 सेमी है। यहां $l = b + 8$ तथा $lb = 240$ सेमी है।

8. एक चक्रीय चतुर्भुज के कोण $\angle A = (2x+y)^0$, $\angle B = (2x+2y)^0$, $\angle C = (3x+2y)^0$ तथा $\angle D = (4x-2y)^0$ हो, तो x तथा y के मान होंगे -
(A) x = 30, y = 10
(B) x = 10, y = 30
(C) x = 20, y = 15
(D) x = 15, y = 20
उत्तर- (A) x = 30, y = 10 है। यहां $\angle A + \angle C = 2x + y + 3x + 2y = 180$ तथा $\angle B + \angle D = 2x + 2y + 4x - 2y = 180$ है।

9. व्यंजक $\frac{4x^2+9x+2}{x^2-4}$ का मान है -
(A) $\frac{4x+1}{x-2}$
(B) $\frac{x+}{x-}$
(C) $\frac{4x+1}{x+2}$
(D) $\frac{2x+3}{x+2}$
उत्तर- (A) $\frac{4x+1}{x-2}$ है।
व्यंजक $= \frac{(4x+1)(x+2)}{(x-2)(x+2)}$ है।

10. यदि ab = 20, bc = 10, ca = 8 हो, abc का मान होगा -
(A) ± 60
(B) ± 20
(C) ± 30
(D) ± 40
उत्तर- (D) ± 40 है।
यहां $a^2b^2c^2 = 20 \times 10 \times 8$ है।

11. व्यंजकों (m^2-n^2) तथा $(m^2+2mn+n^2)$ का लघुत्तम समापवर्तक होगा -
(A) m^2+n^2
(B) $(m+n)^2$
(C) $(m-n)(m+n)^2$
(D) $(m+n)(m-n)^2$
उत्तर- (C) $(m-n)(m+n)^2$ है।
यहां a x b = HCF x LCM से
LCM $= \frac{\cdots^2 - \cdots^2 \cdots^2 + \cdots + \cdots^2}{\cdots + \cdots}$
$= (m-n) \times (m+n)^2$ होगा।

12. यदि $2\tan\theta = 1$ हो, तो $\frac{3\cos\theta + 2\sin\theta}{2\cos\theta - \sin\theta}$ का मान होगा -
(A) $\frac{3}{8}$ (B) $\frac{8}{3}$
(C) $\frac{3}{5}$ (D) $\frac{5}{3}$
उत्तर- (B) $\frac{8}{3}$ है। व्यंजक
$= \frac{3 + 2\tan\theta}{2 - \tan\theta} = \frac{3+1}{2-\frac{1}{2}} = \frac{8}{3}$ है।

13. यदि $\text{cosec}A = \frac{13}{12}$ हो, तो $\frac{2\sin A - 3\cos A}{4\sin A - 9\cos A}$ का मान होगा -
(A) 2 (B) 5
(C) 3 (D) 7
उत्तर- (C) 3 है। यहां $\text{cosec}A = \frac{13}{12}$ है,
तो $\sin A = \frac{12}{13}$ तथा $\cos A = \frac{5}{13}$
होगा। व्यंजक $= \frac{24-15}{48-45} = \frac{9}{3} = 3$
है।

14. यदि $x = \tan30^\circ \text{cosec}60^\circ + \tan60^\circ \sec30^\circ$ हो, तो x का मान होगा -
(A) $\frac{8}{3}$ (B) $\frac{11}{3}$
(C) $\frac{7}{3}$ (D) 3
उत्तर- (A) $\frac{8}{3}$ है। यहां
$x = \frac{1}{\sqrt{3}} \times \frac{2}{\sqrt{3}} + \sqrt{3} \times \frac{2}{\sqrt{3}} = \frac{2}{3} + 2$
है।

15. $\tan15^\circ$ का मान होगा -
(A) $\sqrt{3}+1$
(B) $\sqrt{3}-1$
(C) $2-\sqrt{3}$
(D) $2+\sqrt{3}$
उत्तर- (C) $2-\sqrt{3}$ है।
$\tan15^\circ = \tan(45^\circ - 30^\circ) =$
$\frac{\cdots^\circ - \cdots^\circ}{+ \cdots^\circ \cdots^\circ} = \frac{- \sqrt{}}{+ \times \sqrt{}}$
$= \frac{\sqrt{3}-1}{\sqrt{3}+1} = 2-\sqrt{3}$ है।

16. व्यंजक $\frac{1-\tan^2 A}{1+\tan^2 A}$ का मान होगा -
(A) sin 2A
(B) tan 2A
(C) cot 2A
(D) cos 2A
उत्तर- (D) cos 2A है। यहां व्यंजक
$= \frac{1 - \frac{\sin^2 A}{\cos^2 A}}{1 + \frac{\sin^2 A}{\cos^2 A}} = \frac{\cos^2 A - \sin^2 A}{\cos^2 A + \sin^2 A}$
$= \cos 2A$ है।

17. यदि $x = \tan5^\circ \tan25^\circ \tan30^\circ \tan65^\circ \tan85^\circ$ हो तो x का मान होगा -
(A) $\sqrt{3}$ (B) $\sqrt{}$
(C) 1 (D) $\frac{\sqrt{3}}{2}$
उत्तर- (B) $\sqrt{}$ है। यहां
$x = \tan5^\circ \tan25^\circ \tan30^\circ \tan(90-25)^\circ \times \tan(90-5)^\circ = \tan5^\circ \times \tan25^\circ \times \tan30^\circ \times \cot65^\circ \times \cot5^\circ = \tan30^\circ = \sqrt{}$ है।

18. व्यंजक $\sin1^\circ \sin2^\circ \sin3^\circ \ldots\ldots \sin180^\circ$ का मान है -
(A) 1 (B) 2
(C) $\sqrt{3}$ (D) शून्य
उत्तर- (D) शून्य है। यहां $\sin180^\circ = 0$ है।

19. समान्तर श्रेणी $\frac{1}{3}, \frac{1-3b}{3}, \frac{1-6b}{3}$ का सार्व अंतर है -
(A) b
(B) $\frac{1}{b}$
(C) -b
(D) $-\frac{1}{3}$
उत्तर- (C) -b है। यहां $d = \frac{1-3b}{3} - \frac{1}{3} = -\frac{3b}{3} = -b$ है।

20. समान्तर श्रेणी 6, 13, 20 .....216 का माध्य पद है -
(A) 120
(B) 111
(C) 118
(D) 104
उत्तर- (B) 111 है।
यहां $Tn = a + (n-1)d$ से $216 = 6 + (n-1)7$ होगा। अतः n = 31 है तथा माध्य पद $T_{16} = 6 + (16-1) \times 7 = 111$ है।

21. समान्तर श्रेणी 25, 28, 31, ...100 का योग होगा -
(A) 1625
(B) 825
(C) 1250
(D) 1400
उत्तर- (A) 1625 है। यहां $Tn = a + (n-1)d$ से $100 = 25 + (n-1) \times 3$ है। अतः n = 26 होगा तथा
$S_n = \frac{n(a+l)}{2} = \frac{26 \times (25+100)}{2}$
= 1625 है।

22. एक समान्तर श्रेणी के प्रथम n पदों का योग $\frac{3n^2+7n}{2}$ है। इसके 20वें पद का मान होगा -
(A) 62 (B) 42
(C) 50 (D) 55
उत्तर- (A) 62 है। यहां $S_n = \frac{3n^2+7n}{2}$
तथा $S_{n-1} = \frac{1}{2} \times [3(n-1)^2 + 7(n-1)] = \frac{3n^2+n-4}{2}$ है।
अतः $T_n = S_n - S_{n-1} = 3_{n+2}$
होगा। अब $T_{20} = 62$ है।

23. एक समान्तर श्रेणी के प्रथम p पदों का योग $(ap^2 + bp)$ है। इसका सार्व अंतर होगा -
(A) 3a (B) 2a
(C) 2b (D) 3ab
उत्तर- (B) 2a है। यहां $S_p = ap^2 + bp$ से $S_1 = a + b$ तथा $S_2 = 4a + 2b$ हैं। अतः $T_1 = S_1 = a + b$ तथा $T_2 = S_2 - S_1 = 4a + 2b - a - b = 3a + b$ हैं। अतः सार्व अंतर $= T_2 - T_1 = 3a + b - a - b = 2a$ होगा।

24. यदि प्रेक्षणों $x_1, x_2, x_3, \ldots\ldots, x_n$ का माध्य $\bar{x}$ हो, तो प्रत्येक पद में a जोड़ने पर नया माध्य होगा -
(A) $a\bar{x}$
(B) $\frac{\bar{x}}{}$
(C) $\bar{x}+a$
(D) $\frac{\bar{x}+a}{2}$
उत्तर- (C) $\bar{x}+a$ है।

25. यदि प्रेक्षणों का बहुलक = 30, माध्य = 60 हो, तो मध्यिका का मान होगा -
(A) 40 (B) 30
(C) 20 (D) 50
उत्तर- (D) 50 है। यहां Z = 3M - 2A से 30 = 3M - 120 होगा।

26. बिन्दुओं P (a+b, a-b) तथा Q (a-b, a+b) के बीच की दूरी x है, तो x^2 का मान होगा -
(A) $8a^2$
(B) $8b^2$
(C) $2\sqrt{2}b$
(D) 2a
उत्तर- (B) $8b^2$ है। यहां $x^2 = (x_2-x_1)^2 + (y_2-y_1)^2 = 8b^2$ होगा।

27. ΔABC के शीर्ष A (-3, -5), B (5, 2) तथा C (-9, -3) हैं। इसका क्षेत्रफल होगा -
(A) 22 वर्ग इकाई
(B) 12 वर्ग इकाई
(C) 29 वर्ग इकाई
(D) 25 वर्ग इकाई
उत्तर- (C) 29 वर्ग इकाई है।
क्षेत्रफल $= \frac{1}{2} \times [x_1(y_2-y_3)] + x_2(y_3-y_1) + x_3(y_1-y_2) = 29$ है।

28. बिन्दु A (-5, 1), B (5, 5) तथा C (k, 7) समरेखीय हैं। अतः k का मान होगा -
(A) 7 (B) 3
(C) 4 (D) 10
उत्तर- (D) 10 है। यहां क्षेत्रफल = 0 है।

29. ΔABC के शीर्ष A (p, o), B (o, o) तथा C (o, q) हैं। इसका क्षेत्रफल होगा -
(A) $\frac{pq}{2}$
(B) 2pq
(C) pq
(D) $\sqrt{pq}$
उत्तर- (A) $\frac{pq}{2}$ है।
क्षेत्रफल $= \frac{AB \times BC}{2} = \frac{p \times q}{2}$ है।

- डॉ. एस.एस. पालीवाल
(लेखक, भौतिकी के अवकाश प्राप्त प्राध्यापक हैं)

इंडियन ऑयल, विपणन प्रभाग पश्चिम क्षेत्र (महाराष्ट्र, गुजरात, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, गोवा, दादरा एवं नगर हवेली)

पद का नाम - लेखाकार/तकनीशियन/गैर तकनीकी व्यवसाय प्रशिक्षु लेखाकार/गैर तकनीकी व्यापार प्रशिक्षु, डाटा एंट्री ऑपरेटर (गैर अनुभवी प्रशिक्षु)/गैर-तकनीकी व्यापार प्रशिक्षु डाटा एंट्री ऑपरेटर (कौशल प्रमाण-पत्र धारक)।
पदों की संख्या - कुल पद 500, (17 विकलांगजन के लिये आरक्षित)
योग्यता - पदानुसार अलग-अलग
अंतिम तिथि - 20 मार्च 2020
www.iocl.com/

मेकन लिमिटेड, राँची

पद का नाम - मुख्य महाप्रबंधक (वित्त), अधिशासी निदेशक (वित्त)
पदों की संख्या - 01, 01
योग्यता - पदानुसार अलग-अलग
अंतिम तिथि - 20 मार्च 2020
www.meconlimited.co.in/career

महानिदेशक सशस्त्र सीमा बल, आर.के. पुरम, नई दिल्ली

पद का नाम - सहायक कमांडेंट (संचार)
पदों की संख्या - 10
योग्यता - दूरसंचार इंजीनियरी या इलेक्ट्रिकल संचार इंजीनियरी या इलेक्ट्रॉनिक्स में मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय अथवा संस्थान से डिग्री प्राप्त की हो या इंस्टीट्यूशन ऑफ इलेक्ट्रॉनिक्स एंड टेलीकम्यूनिकेशन इंजीनियरी का असोशिएट सदस्य हो अथवा इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स का असोशिएट सदस्य हो अथवा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद द्वारा मान्यता प्राप्त संस्थान से इलेक्ट्रॉनिक्स या दूरसंचार या सूचना प्रौद्योगिकी या कम्प्यूटर विज्ञान में एम.एससी. या समकक्ष योग्यता प्राप्त की हो।
वांछनीय :- एनसीसी का 'बी' अथवा 'सी' सर्टिफिकेट प्राप्त किया हो।
अंतिम तिथि - 24 मार्च 2020, दूरवर्ती क्षेत्रों के लिए 31 मार्च 2020
www.ssbrectt.gov.in/

संघ लोक सेवा आयोग, नई दिल्ली

पद का नाम - कनिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी, गृह अर्थशास्त्री, वैज्ञानिक 'बी' (सिविल इंजीनियरिंग), वैज्ञानिक 'बी' (सिविल इंजीनियरिंग, पुणे), वैज्ञानिक 'बी' (विद्युत इंजीनियरिंग), वैज्ञानिक 'बी' (पर्यावरण इंजीनियरिंग), वैज्ञानिक 'बी' (यांत्रिक इंजीनियरिंग), वैज्ञानिक 'बी' (भू-भौतिकी)
पदों की संख्या - 2, 1, 7, 24, 2, 2, 2, 1
योग्यता - पदानुसार अलग-अलग
अंतिम तिथि - 12 मार्च 2020
http://www.upsconline.nic.in

गांधी स्मृति एवं दर्शन समिति, नई दिल्ली

पद का नाम - पुस्तकालयाध्यक्ष, गाइड, चालक, कारपेन्टर, सफाई सेवक
पदों की संख्या - 01, 02, 01, 01, 02
योग्यता - **पुस्तकालयाध्यक्ष** - स्नातक या समकक्ष, मान्यता प्राप्त संस्थान से पुस्तकालय विज्ञान में स्नातक उपाधि, केंद्र सरकार/स्वायत्त संस्थान में पुस्तकालय में 5 वर्ष का अनुभव।
गाइड - एक विषय के रूप में भारतीय इतिहास के साथ कला स्नातक, गांधी दर्शन का गहन ज्ञान, डिग्री संस्था/संग्रहालय/आर्ट गैलरी में दो वर्ष का अनुभव।
चालक - आठवीं कक्षा उत्तीर्ण, मोटर ड्राइविंग का परमानेंट लाइसेंस, वाहन चलाने का 3 वर्ष का अनुभव, छोटी रिपेयरिंग की क्षमता।
कारपेन्टर - आठवीं कक्षा उत्तीर्ण, दक्ष कारपेन्टर के तौर पर कार्यानुभव।
सफाई सेवक - पांचवीं कक्षा उत्तीर्ण।
अंतिम तिथि - 23 मार्च 2020
http://www.gandhismriti.gov.in/

दयाल सिंह कॉलेज (सांध्य), नई दिल्ली

पद नाम - सहायक प्रोफेसर - कॉमर्स, कम्प्यूटर एप्लीकेशंस, अर्थशास्त्र, अंग्रेजी, हिन्दी, इतिहास, राजनीति विज्ञान, संस्कृत, तमिल, ईवीएस।
पदों की संख्या - 17, 03, 06, 13, 08, 06, 08, 01, 01, 01
योग्यता - पदानुसार
अंतिम तिथि - 07 मार्च 2020
http://www.dsce.du.ac.in/

इंडो डेनिश टूलरूम, जमशेदपुर

पद का नाम - सीनियर मैनेजर (प्रोडक्शन), सीनियर मैनेजर (मार्केटिंग एंड कंसलटेन्सी), मैनेजर (प्रशासन और लेखा), सीनियर इंजीनियर (डिजाइन), सीनियर इंजीनियर (ट्रेनिंग), सीनियर इंजीनियर (प्रोडक्शन), इंजीनियर (ट्रेनिंग), पर्सनल असिस्टेंट ग्रेड-II, टेक्नीशियन ग्रेड-II
पदों की संख्या - 01, 01, 01, 01, 01, 01, 01, 01 , 04
योग्यता - पदानुसार
अंतिम तिथि - 08 अप्रैल 2020
www.idtr.gov.in/

रुक्मणी देवी कॉलेज ऑफ फाइन ऑर्ट्स, कला क्षेत्र फाउंडेशन, चेन्नई

पद का नाम - अनुशिक्षक (संगीत)
पदों की संख्या - 01
योग्यता - दसवीं कक्षा उत्तीर्ण होने के साथ किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से संगीत में डिप्लोमा या डिग्री धारक
अंतिम तिथि - 23 मार्च 2020
www.kalakshetra.in/Links>Others>Vacancies

सेन्ट्रल रेनफेड अपलेंड राइस रिसर्च स्टेशन, ओडिशा

पद का नाम - यंग प्रोफेशनल - II
पदों की संख्या - 02
योग्यता - आवश्यक कृषि/संबद्ध विज्ञान में स्नातकोत्तर वांछित - किसानों की भागीदारी अनुसंधान में अनुभव, डेटा-रिकॉर्डिंग और विश्लेषण कम्प्यूटर संचालन में ज्ञान।
साक्षात्कार तिथि - 18 मार्च 2020 कार्यालय परिसर (राँची-पटना हाइवे पर हजारीबाग शहर से राँची की ओर 5 किलोमीटर स्थित है।)
https://crri.icar.gov.in/

नॉर्दन कोलफील्ड्स लिमिटेड (सिंगरौली एवं सोनभद्र)

पद का नाम - स्टॉफ नर्स (प्रशिक्षु) टी एंड एस ग्रेड-सी, फार्मासिस्ट (प्रशिक्षु) टी एंड एस ग्रेड-सी, तकनीशियन (पैथालॉजिकल), प्रशिक्षु टी एंड एस ग्रेड-सी, तकनीशियन (रेडियोग्राफर), प्रशिक्षु टी एंड एस ग्रेड-सी, तकनीशियन (आहार विशेषज्ञ) (प्रशिक्षु) टी एंड एस ग्रेड-सी, जूनियर तकनीशियन (ईसीजी)(प्रशिक्षु) टी एंड एस ग्रेड-डी, जूनियर तकनीशियन (ईईजी) (प्रशिक्षु), टी एंड एस ग्रेड-डी, तकनीशियन दंत (प्रशिक्षु), टी एंड एस ग्रेड-डी, ऑडियोमेट्री तकनीशियन (प्रशिक्षु) टी एंड एस ग्रेड-डी।
पदों की संख्या - 14, 6, 10, 7, 01, 01, 07, 01, 02, 03
योग्यता - पदानुसार
अंतिम तिथि - 10 मार्च 2020
www.nclcil.in/

निरमा यूनिवर्सिटी गुजरात

पाठ्यक्रम का नाम - पी.एचडी. इन टेक्नोलॉजी एंड इंजीनियरिंग फॉर्मेसी, मैनेजमेंट, साइंस एंड लॉ (फुलटाइम एवं पार्ट टाइम), आर्किटेक्चर एंड प्लानिंग और पीडीएफ
योग्यता - पाठ्यक्रमानुसार
अंतिम तिथि - 9 अप्रैल 2020
http://nirmauni.ac.in/admissions

इंटरनेशनल मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, नई दिल्ली

पाठ्यक्रम का नाम - एफपीएम/ई-एफपीएम
योग्यता - स्नातक के साथ पोस्ट ग्रेजुएट (संबंधित विषय से), कैट/जीमैट/आईएमआई/ का वैलिड स्कोर कार्ड
अंतिम तिथि - 30 मार्च 2020
https://www.imi.edu/delhi/fpm

इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, काशीपुर

पाठ्यक्रम का नाम - एमबीए (एनालिटिक्स) (दो वर्षीय)
योग्यता - स्नातक के साथ कैट-2019, जीमैट/जीआरई का वैलिड स्कोर कार्ड
अंतिम तिथि - 30 अप्रैल 2020
www.iimkashipur.ac.in/academics/mba-analutics

वनस्थली यूनिवर्सिटी जयपुर, राजस्थान

पाठ्यक्रम का नाम - विभिन्न विषयों में यूजी/पीजी कोर्स - 2020
योग्यता - पाठ्यक्रमानुसार अलग-अलग
अंतिम तिथि - 30 अप्रैल 2020
www.banasthali.org/

कारुण्य यूनिवर्सिटी, कोयंबटूर, तमिलनाडु

पाठ्यक्रम का नाम - एम.टेक, एमबीए, एमएससी और एमए जैसे कई अन्य विषयों में पीजी
योग्यता - पाठ्यक्रमानुसार
अंतिम तिथि - 30 जून 2020
www.karunya.edu

इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस, बेंगलुरु

पाठ्यक्रम का नाम - रिसर्च प्रोग्राम - पीएचडी/एमटेक (रिसर्च), कोर्स प्रोग्राम (एमटेक/एमडेक) एम. मेनेज, इंटीग्रेटेड पीएचडी प्रोग्राम, पीएचडी अंडर एक्सटरनल रजिस्ट्रेशन प्रोग्राम
योग्यता - पाठ्यक्रमानुसार
अंतिम तिथि - 23 मार्च 2020
www.iisc.ac.in/admissions

वीआईटी, वेल्लोर

पाठ्यक्रम का नाम - एमबीए एडमिशन 2020 प्रोग्राम्स
योग्यता - पाठ्यक्रमानुसार
अंतिम तिथि - 22 मार्च 2020
https://admissions.vit.ac.in/pgapplication

श्री बालाजी यूनिवर्सिटी, पुणे

पाठ्यक्रम का नाम - एमबीए डिग्री प्रोग्राम (इन बीआईएमएम, बीआईआईबी, बीआईटीएम, बीआईएमएचआरडी), पी.एचडी
योग्यता - स्नातक के साथ कैट/मैट/जैट/सीमैट/एमएम-सीईटी का वैलिड स्कोर कार्ड, पी.एचडी के लिए संबंधित विषय में स्नातकोत्तर, कार्यानुभव
अंतिम तिथि - प्रवेश प्रारंभ है
www.sribalajiuniversity.org

चंद्रगुप्त प्रबंध संस्थान, पटना

पाठ्यक्रम का नाम - पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन मैनेजमेंट (पीजीडीएम), फैलो प्रोग्राम इन मैनेजमेंट (एफपीएम) - 2020
योग्यता - स्नातक के साथ कैट 2019, जैट 2020, सीमैट 2020 का वैलिड स्कोर कार्ड, फैलो प्रोग्राम के लिए मास्टर्स के साथ कैट/जीमैट/जीआई/नेट का स्कोर कार्ड।
अंतिम तिथि - 10 मार्च 2020
पीजीडीएम के लिए, फैलो प्रोग्राम के लिए - 31 मार्च 2020
http://www.cimp.ac.in/

भारतीय सांख्यिकी संस्थान, कोलकाता, पश्चिम बंगाल

पाठ्यक्रम का नाम - ग्रेजुएट/पोस्ट ग्रेजुएट/डिप्लोमा/फैलोशिप/जेआरएस
योग्यता - पाठ्यक्रमानुसार अलग-अलग
अंतिम तिथि - 6 मार्च 2020
www.isical.ac.in./

भारतीय विद्यापीठ यूनिवर्सिटी पुणे, महाराष्ट्र

पाठ्यक्रम का नाम - सोलापुर, पुणे, नई दिल्ली, सांगली, कोल्हापुर और कराड कैंपस से बीबीए और बीसीए पाठ्यक्रम।
योग्यता - विद्यार्थी 10 + 2 पद्धति से किसी भी विषय में 12वीं पास होना जरूरी है।
अंतिम तिथि - 31 मई 2020
www.bvuniversity.edu.in/

स्कॉलरशिप और इन्टर्नशिप अलर्ट

ग्लोबल स्कॉलरशिप टू स्टडी ऑनलाइन एट यूनिकैफ यूनिवर्सिटी

संस्था का नाम - यूनिकैफ यूनिवर्सिटी
किसके लिए - ई-लर्निंग प्रोग्राम के तहत उन विद्यार्थियों को स्कॉलरशिप दी जाती है जो क्लासरूम एजुकेशन के बजाय ऑनलाइन एजुकेशन में रुचि रखते हैं। इसके तहत मैनेजमेंट, फाइनेंस, हेल्थकेयर, कम्प्यूटर, लॉ और साइकोलॉजी के विभिन्न पाठ्यक्रमों के छात्रों के लिए आर्थिक सहायता प्रदान करने हेतु आवेदन-पत्र आमंत्रित हैं।
योग्यता - ग्रेजुएशन से लेकर पोस्ट ग्रेजुएशन करने के इच्छुक छात्र इस स्कॉलरशिप के लिए आवेदन कर सकते हैं।
अंतिम तिथि - इस स्कॉलरशिप के लिए साल भर आवेदन प्रक्रिया जारी रहती है। कोई अंतिम तिथि नहीं है।
www.unicaf.org.in

यूनिवर्सिटी ऑफ सेंट्रल अर्कानास इंटरनेशनल स्टूडेंड मेरिट स्कॉलरशिप

संस्था का नाम - यूनिवर्सिटी ऑफ सेंट्रल अर्कानास, यूनाइटेड स्टेट्स
किसके लिए - जो इस यूनिवर्सिटी से स्कॉलरशिप प्राप्त कर ग्रेजुएशन करना चाहते हैं उन्हें 250 शब्दों में एस्से और लेटर ऑफ रिकमंडेशन संस्थान को भेजना होगा। (विस्तृत जानकारी ऑफिशियल वेबसाइट से लें)
योग्यता - संस्था में आवेदन करने के साथ ही फॉरेन एजुकेशन के लिए आवेदन करने वाले विद्यार्थी आवेदन के पात्र हैं। साथ ही फॉरेन एजुकेशन के लिए कराई जाने वाली सैट परीक्षा 160 स्कोर से उत्तीर्ण होना चाहिए।
अंतिम तिथि - 31 मार्च 2020
www.uca.edu

न्यूटन इंटरनेशनल फेलोशिप्स

संस्था का नाम - ब्रिटिश एकेडमी, द एकेडमी ऑफ मेडिकल साइंसेस और द रॉयल सोसायटी, यूके।
किसके लिए - बायोलॉजीकल रिसर्च, केमिस्ट्री, इंजीनियरिंग, मैथमेटिक्स और फिजिक्स आदि के लिए नॉन-यूके साइंटिस्ट आवेदन कर सकते हैं।
योग्यता - वे स्टूडेंट्स जिन्होंने पी.एचडी की पढ़ाई पूरी कर ली है वे इस फेलोशिप के लिए आवेदन के पात्र हैं। पी.एचडी अंतिम वर्ष के छात्र भी आवेदन कर सकते हैं।
फेलोशिप शुरू होने से पूर्व स्टूडेंट्स की पी.एचडी पूरी हो जानी चाहिए। इसके साथ ही काम करते हुए भी सात वर्ष से ज्यादा का समय न हुआ हो।
अंतिम तिथि - 26 मार्च 2020
https://royalsociety.org/media/grants/schemes

विद्युत वितरण व्यवस्था में सुधार के लिए कठोर परिश्रम करें अधिकारी

ग्वालियर, मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक श्री मनीष सिंह ने कहा है कि बिजली वितरण व्यवस्था में सुधार की असीम संभावनाएं हैं। उपभोक्ताओं के विश्वास में वृद्धि तथा बेहतर सेवाएं देकर व्यवस्था में वांछित सुधार किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि अधिकारी-कर्मचारी कठोर परिश्रम करें। सुबह साढ़े आठ बजे से देर शाम तक उपभोक्ता सेवा के लिए समय देना होगा। श्री मनीष सिंह ग्वालियर रीजन में विद्युत आपूर्ति, उपभोक्ता सुविधाओं का विस्तार और राजस्व संग्रह की समीक्षा कर रहे थे।

प्रबंध संचालक ने निर्देश दिये कि फीडर राजस्व प्रबंधन को मजबूत बनाएं। लाइन स्टाफ से निरंतर संवाद रखें। उन्होंने कहा कि राजस्व संग्रहण एवं वसूली के लिए जनप्रतिनिधियों एवं समाज के ओपिनियन लीडर्स से सतत् संपर्क रखें। श्री सिंह ने कहा कि उपभोक्ताओं से अच्छा व्यवहार करें। उन्होंने निर्देशित किया कि राजस्व वसूली के लिए पीडीसी कनेक्शन से वसूली में भू-राजस्व संहिता के अंतर्गत कार्यवाही की जाए।

श्री मनीष सिंह ने कहा कि राजस्व वसूली के लिए वितरण केन्द्रवार उत्कृष्ट कार्य करने वाले लाइन स्टाफ को पुरस्कृत किया जाए। यदि कोई आउटसोर्स कार्मिक अच्छा कार्य कर रहा है, तो उसे भी सराहना पत्र दिया जाये।

प्रबंध संचालक ने सिटी सेंटर ग्वालियर का निरीक्षण करते हुए उपभोक्ता सुविधाओं के विस्तार एवं राजस्व वसूली के लिए सघन कार्यवाही के निर्देश दिए। इस अवसर पर श्री सिंह ने लाइन स्टाफ से उनकी समस्याओं पर चर्चा की और उन्हें सुरक्षा जोन बनाकर लाइनों का कार्य करने तथा सुरक्षा उपकरणों का उपयोग अनिवार्य रूप से करने के लिए निर्देशित किया। प्रबंध संचालक ने लाइन स्टाफ को राजस्व वसूली के टिप्स भी दिये।

(स्रोत : समाचार जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार।)

खेलचर्चा

प्रज्ञान ओझा ने क्रिकेट से लिया संन्यास

मुंबई, भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व स्पिनर प्रज्ञान ओझा ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लेने का फैसला लिया है। प्रज्ञान ने ट्विटर पर इसका ऐलान किया है। प्रज्ञान ने भारत के लिये 24 टेस्ट मैचों में 113, 18 वन-डे मैचों में 21 तथा 6 ट्वेंटी-20 मैचों में 10 विकेट लिये हैं। प्रज्ञान ने अपना आखिरी मुकाबला 14 नवंबर को वेस्टइंडीज के खिलाफ मुंबई में खेला था। यह सचिन के कॅरियर का भी आखिरी मुकाबला था। इस टेस्ट मैच में प्रज्ञान ने दोनों पारियों में कुल 10 विकेट लिये थे और मैन ऑफ द मैच रहे थे।

आईसीसी बना रहा है नये वैश्विक टूर्नामेंट की रूपरेखा

दुबई, अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद् (आईसीसी) वर्ष 2023 से 2031 के बीच प्रत्येक वर्ष एक बड़ा टूर्नामेंट आयोजित कराने की रूपरेखा तैयार कर रही है। आईसीसी के प्रस्ताव के अनुसार, पुरुष एवं महिला दोनों वर्गों में ट्वेंटी-20 चैंपियंस कप और वन-डे चैंपियंस कप आयोजित किये जायेंगे। प्रस्ताव के अनुसार, वर्ष 2024 और 2028 में पुरुष ट्वेंटी-20 चैंपियंस कप तथा वर्ष 2025 और 2029 में पुरुष वन-डे चैंपियंस कप आयोजित कराये जाने हैं। जबकि वर्ष 2026 और 2030 में पुरुष ट्वेंटी-20 विश्वकप तथा वर्ष 2027 और 2031 में पुरुष वन-डे विश्वकप पहले की तरह ही आयोजित होंगे। पुरुष वन-डे चैंपियंस कप को आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी की तरह आयोजित करेगी, जिसमें 6 टीमों के बीच 16 मुकाबले खेले जायेंगे। वहीं पुरुष ट्वेंटी-20 चैंपियंस कप में 10 टीमों के बीच 48 मैच आयोजित किये जाने का प्रस्ताव है। आईसीसी के इस प्रस्ताव पर मार्च के आखिरी सप्ताह में आयोजित होने वाली बैठक में निर्णय लिया जा सकता है।

टाइसन फ्यूरी ने जीता वर्ल्ड हैवीवेट खिताब

लास वेगास, ब्रिटिश बॉक्सर टाइसन फ्यूरी ने डब्ल्यूबीसी वर्ल्ड हैवीवेट खिताब अपने नाम किया है। इस खिताब के लिये हुये मुकाबले में टाइसन ने अमेरिका के डियोंटे विल्डर को सात राउंड में हराया। इन दोनों मुक्केबाजों के बीच यह दूसरा मुकाबला है। इससे पहले दिसंबर 2018 में ये दोनों मुक्केबाज भिड़े थे, तब मुकाबले के दौरान विल्डर के मुंह और कान से खून निकलने लगा था जिसके बाद रेफरी ने फाइट रोक दी थी।

नाडा ने अमित दहिया पर लगाया चार वर्ष का प्रतिबंध

नई दिल्ली, राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) के अनुशासनात्मक पैनल ने भाला फेंक खिलाड़ी अमित दहिया पर 4 वर्ष का प्रतिबंध लगाया है। नाडा ने कहा कि अमित ने पिछले वर्ष आयोजित राष्ट्रीय भाला फेंक ओपन चैंपियनशिप के दौरान डोप टेस्ट के नमूने के लिये अपनी जगह किसी अन्य व्यक्ति को भेजा था। इस प्रतियोगिता में अमित ने 68.21 मीटर दूर भाला फेंक कर कांस्य पदक हासिल किया था। इस प्रतियोगिता के दौरान अमित को डोप टेस्ट के लिये कहा गया। सत्यापन प्रक्रिया के दौरान नाडा के अधिकारियों को पता चला कि डोप टेस्ट देने वाला व्यक्ति कांस्य पदक विजेता नहीं है।

एशियन कुश्ती चैंपियनशिप

भारत ने 5 स्वर्ण सहित 20 पदक जीतकर हासिल किया तीसरा स्थान

नई दिल्ली, भारतीय पहलवानों ने नई दिल्ली में आयोजित एशियन कुश्ती चैंपियनशिप में बेहतर प्रदर्शन करते हुये 20 पदक जीते हैं। इनमें 5 स्वर्ण, 6 रजत और 9 कांस्य पदक शामिल हैं। भारत ने इस चैंपियनशिप में तीसरा स्थान हासिल किया है।

महिला वर्ग में मिले 3 स्वर्ण पदक

चैंपियनशिप में भारत की महिला पहलवानों का प्रदर्शन शानदार रहा। महिला फ्रीस्टाइल वर्ग में भारत को 3 स्वर्ण, 2 रजत और 3 कांस्य पदक मिले। 55 किलोग्राम भारवर्ग में भारत की पिंकी ने स्वर्ण पदक जीता। पिंकी ने फाइनल मुकाबले में मंगोलिया की बोलोर्मेगिन डोल्गुन को हराया। 59 किलोग्राम भारवर्ग में सरिता मोर ने भारत को स्वर्ण पदक दिलाया। सरिता ने खितावी मुकाबले में मंगोलिया की एल्टान सेत्सेजिन को आसानी से हराया। भारत को तीसरा स्वर्ण पदक दिव्या काकरान ने 68 किलोग्राम भारवर्ग में दिलाया। दिव्या ने फाइनल मुकाबले में जापानी महिला पहलवान नरूहा मत्सुयुकी को हराया।

इनके अलावा निर्मला देवी ने 50 किलोग्राम भारवर्ग तथा साक्षी मलिक ने 65 किलोग्राम भारवर्ग में रजत पदक हासिल किये। भारत की स्टार पहलवान विनेश फोगाट से 53 किलोग्राम भारवर्ग में स्वर्ण पदक की उम्मीद थी, लेकिन वे कांस्य पदक ही जीत पाईं। इनके अलावा 57 किलोग्राम

सरिता मोर

रवि कुमार दहिया

भारवर्ग में अंशु मलिक तथा 72 किलोग्राम भारवर्ग में गुरशरन प्रीत कौर ने भी कांस्य पदक हासिल किये।

पुरुष पहलवानों ने किया निराश

एशियन कुश्ती चैंपियनशिप के पुरुष फ्रीस्टाइल वर्ग में भारतीय पहलवान उम्मीदों के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर सके। भारत के पांच पहलवानों ने फ्रीस्टाइल वर्ग के फाइनल में जगह बनाई थी, लेकिन रवि कुमार दहिया को छोड़कर कोई भी स्वर्ण पदक नहीं जीत सका। रवि ने 57 किलोग्राम भारवर्ग में ताजिकिस्तान के हिकमातुल्लो बोहिदोव को हराकर स्वर्ण पदक हासिल किया।

भारत के दिग्गज पहलवान बजरंग पूनिया 65 किलोग्राम भारवर्ग में स्वर्ण पदक के प्रबल दावेदार थे। बजरंग ने पूरे टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन किया, लेकिन फाइनल में जापान के ताकुतो ओट्टुगुरो ने बजरंग को हराकर उलटफेर कर दिया। ओट्टुगुरो वर्ष 2018 में विश्व कुश्ती चैंपियनशिप के फाइनल में भी बजरंग पूनिया को हरा चुके हैं।

बजरंग के अलावा जीतेन्द्र कुमार (74 किलोग्राम), गौरव बालियान (79 किलोग्राम) और सत्यव्रत कादियान (97 किलोग्राम) भी अपने पदक को स्वर्ण पदक में तब्दील करने में असफल रहे। इनके अलावा भारत के प्रतिभाशाली युवा पहलवान दीपक पूनिया (86 किलोग्राम) और राहुल अवारे (61 किलोग्राम) कांस्य पदक ही जीत पाये। ये दोनों पहलवान विश्व कुश्ती चैंपियनशिप-2019 में पदक जीतने में सफल रहे थे।

शरथ और साथियान की जोड़ी ने जीता रजत पदक

बुडापेस्ट, अचंत शरथ कमल और गनासेकरन साथियान की जोड़ी ने आईटीटीएफ वर्ल्ड टूर हंगरी ओपन टेबल टेनिस टूर्नामेंट में रजत पदक हासिल किया है। टूर्नामेंट के खितावी मुकाबले में शरथ और साथियान की जोड़ी को जर्मनी के बेनेडिक्ट डुडा और पेट्रिक फ्रांसिस्का के हाथों 5-11, 9-11, 11-8, 9-11 से हार का सामना करना पड़ा। इस टूर्नामेंट में शरथ और मणिका बत्रा की जोड़ी ने मिश्रित युगल वर्ग में कांस्य पदक भी जीता है।

ओपेलका ने जीता डेलरे बीच ओपन टूर्नामेंट

फ्लोरिडा, अमेरिका के टेनिस खिलाड़ी रेली ओपेलका ने डेलरे बीच ओपन टेनिस टूर्नामेंट का खिताब जीत लिया है। टूर्नामेंट के फाइनल में ओपेलका ने जापान की निशिओका योशिहितो को 7-5, 6-7, 6-2 से हराया। यह ओपेलका के टेनिस कॅरियर का दूसरा एटीपी खिताब है। टूर्नामेंट में पुरुष युगल वर्ग का खिताब माइक ब्रायन और बॉब ब्रायन की जोड़ी ने जीता।

पीसीबी ने उमर अकमल को किया निलंबित

लाहौर, पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने विकेट कीपर उमर अकमल को पीसीबी के एंटी करप्शन कोड के अनुच्छेद 4.7.1 के तहत निलंबित कर दिया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, पीसीबी ने अकमल के फोन टेप किये थे, जिसमें उनके सट्टेबाजों से संबंधों का पता चला है। हालांकि पीसीबी ने औपचारिक तौर पर निलंबन की वजह नहीं बताई।

एफआईएच प्रो लीग

भारतीय हॉकी टीम ने ऑस्ट्रेलिया को 4 साल बाद हराया

भुवनेश्वर, भारतीय हॉकी टीम ने एफआईएच प्रो लीग में शानदार प्रदर्शन करते हुये डिफेंडिंग चैंपियन ऑस्ट्रेलिया को हराया है। भारत ने ऑस्ट्रेलिया को दूसरे मैच में पेनाल्टी शूट आउट में 3-1 से हराया। यह पिछले 4 सालों में ऑस्ट्रेलियाई टीम के खिलाफ पहली जीत है।

मैच के पहले क्वार्टर में दोनों टीमें गोल करने में असफल रहीं। दूसरे क्वार्टर के 23वें मिनट में ट्रेंट मिट्टन ने गोल कर ऑस्ट्रेलिया को बढ़त दिलाई। भारत के रूपिंदर ने इस बढ़त को ज्यादा देर टिकने नहीं दिया और 25वें मिनट में पेनाल्टी कॉर्नर के जरिये गोल किया। इसके दो मिनट बाद हरमनप्रीत सिंह ने भी गोल दागा। ऑस्ट्रेलिया के लिये अरान जेलेवस्की ने गोल कर स्कोर 2-2 कर दिया।

निर्धारित समय तक मैच 2-2 की

बराबरी पर रहने के बाद मुकाबला पेनाल्टी शूट आउट में गया। शूट आउट में भारत ने 3-1 से जीत हासिल की। शूट आउट में भारत के लिये हरमनप्रीत सिंह, विवेक सागर प्रसाद और ललित उपाध्याय ने गोल दागे, वहीं ऑस्ट्रेलिया के लिये डेनियल वील ही गोल कर पाये।

उल्लेखनीय है कि इससे पहले खेले गये मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 4-3 से हराया था। भारत एफआईएच प्रो लीग में 6 मैचों में 10 अंक हासिल कर चौथे पायदान पर है।

आईसीसी महिला ट्वेंटी-20 विश्वकप

भारत ने चौथी बार सेमीफाइनल में बनाई जगह

केनबरा, भारतीय महिला क्रिकेट टीम का ट्वेंटी-20 विश्वकप में शानदार प्रदर्शन जारी है। भारतीय टीम ने टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। भारतीय टीम ने तीसरे लीग मैच में न्यूजीलैंड को 3 रन से हराया।

मैच में न्यूजीलैंड ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। शेफाली वर्मा (46) ने भारत को तेज शुरुआत दिलाई, लेकिन उनकी जोड़ीदार स्मृति मंधाना (11) अपनी पारी को लंबा नहीं खींच पाईं। इसके बाद तानिया भाटिया (23) ने शेफाली का बखूबी साथ निभाया। इन दोनों बल्लेबाजों के आउट होने के बाद भारतीय पारी लड़खड़ा गई। भारतीय टीम निर्धारित 20 ओवरों में 8 विकेट पर 133 रन ही बना सकी।

जीत के लिये मिले 134 रनों के लक्ष्य के जवाब में न्यूजीलैंड की टीम 6 विकेट पर

130 रन ही बना सकी। न्यूजीलैंड के लिये एमिलिया केर ने 34, केटी मार्टिन ने 25 तथा मेडी ग्रीन ने 24 रन की पारी खेली। केर ने अंतिम ओवरों में तेज-तर्रार पारी खेली, लेकिन वे टीम को जीत दिलाने में असफल रहीं। मैच में तेज-तर्रार पारी खेलने वाली शेफाली वर्मा को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

उल्लेखनीय है कि भारत ने ग्रुप-ए में ऑस्ट्रेलिया को 17 रन से तथा दूसरे मैच में बांग्लादेश को 18 रन से हराया है।

भारत-न्यूजीलैंड टेस्ट सीरीज

न्यूजीलैंड ने 10 विकेट से जीता पहला टेस्ट

वेलिंग्टन, वन-डे सीरीज में हार के बाद अब टेस्ट सीरीज के पहले मैच में भी भारतीय टीम को हार का सामना करना पड़ा है। वेलिंग्टन में खेले गये पहले मुकाबले में न्यूजीलैंड ने भारत को 10 विकेट से करारी शिकस्त दी।

न्यूजीलैंड ने टॉस जीत कर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। न्यूजीलैंड के गेंदबाजों ने उछाल भरी पिच पर भारतीय बल्लेबाजों को जमकर परेशान किया। भारत के युवा सलामी बल्लेबाज पृथ्वी शॉ, चेतेश्वर पुजारा और विराट कोहली के जल्द आउट होने के बाद मयंक अग्रवाल (34) और अजिंक्य रहाणे (46) ने भारतीय पारी को संभाला। इन दोनों बल्लेबाजों के आउट होने के बाद भारतीय टीम बड़ा स्कोर बनाने में विफल रही। भारतीय टीम ने पहली पारी में महज 165 रन बनाये।

इसके जवाब में न्यूजीलैंड के बल्लेबाजों ने संभलकर बल्लेबाजी की। केन विलियम्सन (89), रॉस टेलर (44), कोलिन डि ग्रैंडहोम (43) और काइल जेमिसन (44) की शानदार बल्लेबाजी के दम पर न्यूजीलैंड ने पहली पारी में 348 रन बनाये और 183 रनों की बढ़त हासिल की।

दूसरी पारी में भी भारतीय बल्लेबाज तेज और स्विंग गेंदबाजी के सामने संघर्ष करते नजर आये। मयंक अग्रवाल ने 58 रनों की पारी खेल भारत को पारी की हार से बचाया। न्यूजीलैंड को दूसरी पारी में जीत के लिये 9 रन की जरूरत थी, जो उसने बिना विकेट गवाएं बना लिये।

- **टेस्ट क्रिकेट में 100 मैच जीतने वाला सातवां देश बना न्यूजीलैंड।**
- **न्यूजीलैंड ने 441 मैचों में जीते हैं 100 मैच।**
- **वेलिंग्टन टेस्ट में खराब प्रदर्शन के कारण विराट कोहली टेस्ट रैंकिंग में शीर्ष स्थान से फिसले।**

एशिया इलेवन में विराट सहित छह भारतीय शामिल

ढाका, बांग्लादेश के संस्थापक शेख मुजीबुर रहमान की 100वीं वर्षगांठ पर बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) द्वारा आयोजित की जा रही दो मैचों की ट्वेंटी-20 सीरीज के लिये बीसीबी ने 15 सदस्यीय एशिया इलेवन टीम की घोषणा की है। एशिया इलेवन में विराट कोहली सहित 6 भारतीय खिलाड़ियों को जगह मिली है। यह मुकाबले एशिया इलेवन और विश्व इलेवन के बीच 18 और 21 मार्च को खेले जायेंगे। एशिया इलेवन में विराट कोहली, के.एल. राहुल, शिखर धवन, तमीम इकबाल, लिटन दास, ऋषभ पंत, मुशफिकुर रहीम, तिसारा परेरा, राशिद खान, मुस्ताफिजुर रहमान, लसिथ मलिंगा, मोहम्मद शमी, मुजीब उर रहमान, कुलदीप यादव और संदीप लामिछाने शामिल हैं।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गुगल से साभार)

पाठकों के लिए 'हमसे पूछिये' स्तम्भ का प्रकाशन किया जा रहा है। इस स्तम्भ के लिये 'रोज़गार और निर्माण' के पाठकों से कॅरियर संबंधी सवाल आमंत्रित किये जाते हैं।

इन सवालों के जवाब प्रोफेसर जयंतीलाल भंडारी देते हैं। पाठक अपने सवाल नीचे दिये गये पते पर भेजकर कॅरियर संबंधी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। पाठक पत्र लिखते समय पोस्टकार्ड या लिफाफे के ऊपर 'हमसे पूछिये' कॉलम जरूर लिखें।

रोज़गार और निर्माण
(हमसे पूछिये)
40 प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल, मध्यप्रदेश
पिनकोड - 462 011

❍ कृपया मुझे सीटीईटी परीक्षा के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान करें।

- सुनीता दुबे, छतरपुर

● यकीनन शिक्षक नई पीढ़ी का पथ प्रदर्शक और राष्ट्र निर्माता होता है।

इसमें कोई दो मत नहीं है कि बड़ी संख्या में युवाओं का लक्ष्य शिक्षक बनना होता है। केंद्रीय विद्यालयों, नवोदय विद्यालयों, सर्वोदय विद्यालयों, केंद्रीय तिब्बत स्कूलों आदि में शिक्षक बनने के लिए सेन्ट्रल बोर्ड ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन (सीबीएसई) केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा अर्थात सीटीईटी आयोजित करता है। सीटीईटी परीक्षा को क्वालीफाई करने के उपरांत उम्मीदवार इन स्कूलों में पहली कक्षा से 8वीं कक्षा तक के शिक्षक बनने की पात्रता हासिल कर लेता है। यदि उम्मीदवार सीटीईटी परीक्षा में न्यूनतम 60 प्रतिशत अंक प्राप्त कर लेता है तो सीटीईटी क्वालीफाई माना जाता है। सीटीईटी हेतु न्यूनतम आयु 17 वर्ष निर्धारित है। उच्चतम आयु सीमा का कोई बंधन नहीं है। गौरतलब है कि कक्षा पहली से पांचवीं तक के शिक्षक बनने यानी प्रायमरी टीचर के लिए न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों से 12वीं तथा प्रारंभिक शिक्षा (एलिमेंट्री एजुकेशन) में दो वर्षीय डिप्लोमा अथवा समकक्ष योग्यता आवश्यक है। कक्षा 6 से 8वीं तक के शिक्षक बनने यानी मिडिल स्कूल टीचर बनने के लिए संबंधित विषय समूह से न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों से स्नातक तथा बी.एड. या समकक्ष डिग्री आवश्यक है। गौरतलब है कि पहली से 5वीं कक्षा के शिक्षक बनने की पात्रता के लिए सीटीईटी का फर्स्ट पेपर देना होता है और कक्षा 6 से 8वीं तक के शिक्षक बनने की पात्रता प्राप्त करने के लिए सीटीईटी का सेकेंड पेपर क्वालीफाई करना होता है। सीटीईटी का फर्स्ट पेपर 150 अंकों का होता है जिसमें 150 प्रश्न ढाई घंटे में हल करने होते हैं। 30 प्रश्न बाल विकास एवं शिक्षाशास्त्र से, 30 प्रश्न लैंग्वेज वन, 30 प्रश्न लैंग्वेज टू, 30 प्रश्न मैथ्स के तथा 30 प्रश्न एन्वायरमेंटल स्टडीज (ईवीएस) के पूछे जाते हैं। सीटीईटी का सेकेंड पेपर भी 150 अंकों का होता है जिसमें 150 प्रश्नों को ढाई घंटे में हल करना होता है। 30 प्रश्न बाल विकास एवं शिक्षाशास्त्र, 30 प्रश्न लैंग्वेज वन, 30 प्रश्न लैंग्वेज टू तथा 60 प्रश्न मैथ्स साइंस अथवा सोशल साइंस विषय से पूछे जाते हैं। जो उम्मीदवार विज्ञान और गणित के शिक्षक बनना चाहते हैं उन्हें मैथ्स साइंस खंड के प्रश्न हल करने होते हैं। सामाजिक विज्ञान के प्रश्नों को सामाजिक विज्ञान के शिक्षक बनने वाले छात्र हल करते हैं। दोनों ही प्रश्न पत्र में कोई नेगेटिव मार्किंग नहीं होती है। आप सीटीईटी परीक्षा में शामिल होने से पहले अच्छे से समझ लें कि इस परीक्षा का सिलेबस क्या है और इसमें किस-किस आधार पर सवाल पूछे जाते हैं। पिछले 10 वर्षों के पेपर्स सॉल्व करके परीक्षा पैटर्न को अच्छे से समझ लें। जब आप सीटीईटी परीक्षा की तैयारी करती हैं तो उसके नोट्स बनाती जाएं, जिससे आपको चीजें अच्छे से याद होंगी और रिवीजन के वक्त बहुत आसानी होगी। नोट्स बनाते समय टॉपिक्स को पॉइंट वाइज लिखती जाएं। शिक्षाशास्त्र तथा बाल विकासखंड की तैयारी के लिए डी.एड. अथवा बी.एड. में पढ़ी गई पुस्तकों का उपयोग करते हुए इस खंड पर अपनी पकड़ बनाएं। सीटीईटी परीक्षा में सफलता के लिए एनसीईआरटी की संबंधित विषय की पुस्तकें, सीटीईटी परीक्षा के प्रथम प्रश्न पत्र की तैयारी हेतु मैथ्स खंड पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। सीटीईटी के लैंग्वेज खंड का उद्देश्य भाषा ज्ञान की परीक्षा करना है। विज्ञान के प्रश्नों का प्रयोजन आपके विज्ञान के ज्ञान की परीक्षा करना है। विज्ञान के प्रश्नों की तैयारी हेतु आप कक्षा 6 से कक्षा 12वीं तक की विज्ञान की एनसीईआरटी की पुस्तकें, अपने अध्ययन संदर्भों में अवश्य सम्मिलित करें। सामाजिक विज्ञान खंड में इतिहास, भूगोल, राजनीति शास्त्र तथा अर्थशास्त्र से संबंधित प्रश्न पूछे जाते हैं। सामाजिक विज्ञान खंड का विस्तार से गहन अध्ययन बहुत लाभप्रद होता है। राजव्यवस्था की तैयारी में संविधान संशोधन के महत्वपूर्ण तथ्यों एवं उच्चतम न्यायालय द्वारा दिए महत्वपूर्ण निर्णयों का अध्ययन लाभप्रद होता है। भूगोल खंड में अधिकांश प्रश्न भारत के भूगोल से संबंधित होते हैं। भूगोल की तैयारी के संबंध में एक विशेष बात है मानचित्र की जानकारी। मोटे तौर पर परीक्षार्थियों को मानचित्र पर विभिन्न महत्वपूर्ण स्थानों, पर्वतों, नदियों, झीलों की स्थिति के बारे में जानकारी होनी चाहिए। अर्थव्यवस्था खंड की तैयारी हेतु भारतीय व विश्व अर्थव्यवस्था में हुई पहल व विकास का समीक्षात्मक विश्लेषण करना चाहिए। यदि आप अच्छे अध्ययन संदर्भों के साथ समर्पण से सीटीईटी परीक्षा की तैयारी करेंगी तो आप इसमें अवश्य सफलता प्राप्त करेंगी।

❍ क्या आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में अच्छा कॅरियर बनाया जा सकता है?

- अक्षय पाटीदार, धामनोद

● यकीनन आपदा प्रबंधन (डिजास्टर मैनेजमेंट) के क्षेत्र में सुनहरा कॅरियर बनाया जा सकता है। गौरतलब है कि आपदा प्रबंधन के पाठ्यक्रम के अंतर्गत, आपदाओं से निपटने के तौर-तरीकों, पुनर्वास, प्राकृतिक आपदाओं की सूचना देने वाले संवेदी उपकरणों आदि की जानकारी प्रदान की जाती है। आपदा प्रबंधन पाठ्यक्रमों का एक महत्वपूर्ण अंग प्रभावित क्षेत्रों में जाकर काम करने का मिलने वाला अवसर है। जो युवा आपदा प्रबंधन में सर्टिफिकेट कोर्स/डिप्लोमा करना चाहते हैं उनके लिए बारहवीं परीक्षा 60 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण होना आवश्यक है। कुछ विश्वविद्यालय आपदा प्रबंधन से संबंधित कोर्सों में प्रवेश हेतु प्रवेश परीक्षा का भी आयोजन करते हैं। आपदा प्रबंधन में डिप्लोमा-डिग्रीधारी छात्र सरकारी अथवा गैर सरकारी क्षेत्र में रोज़गार पा सकते हैं। सरकारी एवं गैर सरकारी क्षेत्र में चलने वाली आपदा परियोजनाओं में आप बतौर कार्यक्रम सहायक काम कर सकते हैं। इसके अलावा नीति विश्लेषण, कार्यक्रम मूल्यांकनकर्ता, अनुसंधान निदेशक, कार्य विश्लेषक, मानव संसाधन अधिकारी आदि के रूप में काम करने के अवसर मौजूद हैं। आपदा प्रबंधन का पाठ्यक्रम कराने वाले प्रमुख संस्थान इस प्रकार हैं-

- नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डिजास्टर मैनेजमेंट, नई दिल्ली।
- इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्व-विद्यालय, नई दिल्ली।
- ऑल इंडिया डिजास्टर मिटिगेशन इंस्टीट्यूट, अहमदाबाद।
- एन्वायरमेंटल प्रोटेक्शन ट्रेनिंग एंड रिसर्च संस्थान, हैदराबाद।

❍ साइंस जर्नलिज्म का कोर्स करने के बाद रोज़गार के क्या अवसर हैं? यह कोर्स मध्यप्रदेश में कहाँ से किया जा सकता है?

- रमेश धावई, देवास

● वर्तमान समय में प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया काफी तेजी से बढ़ रहा है। इस क्षेत्र में भविष्य संवारने के लिए साइंस जर्नलिज्म (विज्ञान पत्रकारिता)

बेहतरीन कॅरियर विकल्प है। सरकारी व निजी चैनलों, न्यूज चैनलों, डिस्कवरी व नेशनल ज्योग्राफिक चैनलों पर विज्ञान पृष्ठभूमि से जुड़े कई कार्यक्रमों का प्रसारण किया जाता है। प्रिंट मीडिया में भी विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विषयों पर पर्याप्त सामग्री प्रकाशित की जाती है। प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में साइंस जर्नलिज्म का कोर्स करने के उपरांत रोज़गार के अच्छे अवसर हैं। विज्ञान पृष्ठभूमि के छात्र साइंस जर्नलिज्म में बैचलर डिग्री, पीजी डिप्लोमा तथा डिप्लोमा पाठ्यक्रम का कोर्स एक वर्ष से तीन वर्ष के बीच कर सकते हैं। इस हेतु आप स्कूल ऑफ फ्यूचर स्टडीज, देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इंदौर से संपर्क करें।

❍ मैं फिटनेस ट्रेनर अथवा जिम ट्रेनर बनना चाहता हूँ। कृपया मार्गदर्शन प्रदान करें?

- महेंद्र सिंह पटेल, भोपाल

● तेज रफ्तार जीवन शैली में स्वयं को स्वस्थ रखना काफी कठिन हो गया है इसलिए अच्छे स्वास्थ्य और शारीरिक सुंदरता को बनाए रखने के लिए लोग फिटनेस ट्रेनिंग सेंटर और जिम का सहारा ले रहे हैं। उन्हें वहाँ उचित मार्गदर्शन फिटनेस ट्रेनर/जिम ट्रेनर देता है। पहले फिटनेस सेंटर और जिम का प्रयोग केवल खिलाड़ी या पहलवान ही किया करते थे, लेकिन बदलते वक्त के साथ-साथ फिटनेस सेंटर और जिम का विस्तार होता गया। अब इनका प्रयोग सामान्य व्यक्ति भी करते हैं। यही वजह है कि इस क्षेत्र में रोज़गार की अपार

संभावनाएँ बन गई हैं। आजकल बहुत से लोग अपना पर्सनल फिटनेस ट्रेनर रखते हैं तो कई कंपनियाँ अपने कार्यस्थल में स्वास्थ्य जागरूकता के लिए फिटनेस ट्रेनर नियुक्त करती हैं। इसके अलावा बड़े-बड़े होटल, हेल्थ सेंटर, क्रूज शिप्स, टूरिस्ट रिसॉर्ट में या फिर स्वतंत्र रूप से भी अपना फिटनेस ट्रेनिंग सेंटर चलाया जा सकता है। एक फिटनेस ट्रेनर/जिम ट्रेनर विभिन्न ट्रेनिंग सेंटर में पार्ट टाइम काम करके भी कॅरियर बना सकता है। एक फिटनेस ट्रेनर/जिम ट्रेनर शिक्षक के रूप में तरह-तरह की एक्सरसाइज तो सिखाता ही है साथ ही साथ वह प्रेरक, कोच और संभवतः एक दोस्त के रूप में भी काम करता है। वह अपने प्रशिक्षणार्थियों को स्वास्थ्य, खान-पान, आवश्यकता हो तो जीवन शैली में बदलाव जैसे कई महत्वपूर्ण आधारभूत प्रशिक्षण देता है। फिटनेस ट्रेनर/जिम ट्रेनर का कोर्स कराने वाले प्रमुख संस्थान इस प्रकार हैं-

- लक्ष्मीबाई नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फिजिकल एजुकेशन, ग्वालियर।
- इंदिरा गाँधी इंस्टीट्यूट ऑफ फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स साइंसेज, नई दिल्ली।
- नेताजी सुभाष साउदर्न सेंटर, बेंगलुरु।

❍ मैं जड़ी-बूटियों की खेती करना चाहता हूँ। इस बारे में प्रशिक्षण एवं जानकारी कहाँ से प्राप्त की जा सकती है?

- रामकिशन खाती, सेवड़ा (दतिया)

● उद्यमिता विकास केंद्र द्वारा समय-समय पर मध्यप्रदेश के विभिन्न जिलों में जड़ी-बूटियों की खेती एवं व्यवसाय से संबंधित प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। उद्यमिता विकास केंद्र के मुख्यालय भोपाल में प्रतिमाह लगातार प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। जिनकी सूचना भी प्रकाशित की जाती है। आप सुविधानुसार प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु पत्र व समाचार पत्रिकाओं का अध्ययन करते रहें अथवा उद्यमिता विकास केंद्र, 16ए जेल रोड, अरेरा हिल्स, भोपाल से संपर्क करें। प्रशिक्षण के दौरान उत्पादन एवं विपणन से संबंधित जानकारी के साथ-साथ कहाँ से वित्तीय सहायता प्राप्त की जा सकती है आदि से संबंधित विस्तृत जानकारी भी आपको उपलब्ध कराई जाती है।

❍ मैं जलवायु विज्ञान के क्षेत्र में रोज़गारोन्मुखी पाठ्यक्रम करना चाहती हूँ। कृपया मार्गदर्शन प्रदान करें?

- जान्हवी शर्मा, ग्वालियर

● जलवायु विज्ञान (क्लाइमेटोलॉजी) में डिप्लोमा- स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम करने हेतु आपके पास भौतिक एवं गणित विषयों के साथ स्नातक डिग्री होना जरूरी है। जलवायु विज्ञान पाठ्यक्रम में उम्मीदवारों का चयन प्रवेश परीक्षा के द्वारा होता है। यह प्रवेश परीक्षा अखिल भारतीय स्तर की होती है, जिसमें मेरिट के आधार पर विद्यार्थियों को विभिन्न राज्यों के कॉलेजों-यूनिवर्सिटी में प्रवेश दिया जाता है। गौरतलब है कि भारतीय मौसम विज्ञान में इस क्षेत्र के विशेषज्ञों को सबसे ज्यादा नौकरी के अवसर मिलते हैं। इसके अलावा लोक निर्माण विभाग, विद्युत व रेलवे जैसे कुछ सार्वजनिक उपक्रमों में भी जलवायु वैज्ञानिकों की नियुक्ति की जाती है साथ ही सशस्त्र सेना, नौ सेना व वायु सेना में भी मौसम संबंधित जानकारी के लिए जलवायु वैज्ञानिकों की जरूरत होती है। जलवायु विज्ञान से संबंधित पाठ्यक्रम निम्न संस्थानों में उपलब्ध हैं- सेंटर फॉर एटमॉस्फेरिक एंड ओशोनिक साइंस, आईआईएम, बेंगलुरु, कोचीन यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, कोचीन, केरल, पंजाब विश्वविद्यालय, शिवाजी विश्वविद्यालय, आईआईटी, दिल्ली आदि।

❍ कृपया मुझे बताएं कि फर्नीचर डिजाइनिंग के क्षेत्र में कॅरियर के क्या अवसर हैं?

- सुमित देशमुख, सागर

● आने वाले पांच वर्षों में बाजार में फर्नीचर डिजाइनरों की काफी

आवश्यकता होगी। गौरतलब है कि दिनों-दिन बढ़ती मांग और स्वर्णिम भविष्य की कल्पनाओं के कारण फर्नीचर डिजाइनिंग कॅरियर के रूप में आज युवाओं में काफी लोकप्रिय हो रहा है। इस व्यवसाय में धनोपार्जन के साथ-साथ अपनी कलात्मकता को अभिव्यक्त करने का मौका और सृजन की संतुष्टि का अहसास भी मिलता है। किसी प्रतिष्ठित संस्थान से फर्नीचर डिजाइनिंग का कोर्स करने के बाद किसी भी डिजाइनर के साथ काम किया जा सकता है। फर्नीचर डिजाइनिंग का कोर्स करने के बाद अपना व्यवसाय भी शुरू किया जा सकता है या इस क्षेत्र में काम कर रही प्रतिष्ठित कंपनियों से जुड़कर काम कर सकते हैं। भारत में फर्नीचर निर्माण के क्षेत्र में कई विदेशी कंपनियाँ भी आ चुकी हैं। इस क्षेत्र में कॅरियर की असीम संभावनाओं को देखते हुए अनेक संस्थानों ने फर्नीचर डिजाइनिंग के कोर्स शुरू किए हैं। आमतौर पर पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए शैक्षणिक योग्यता 10वीं पास है, पर कुछ संस्थानों में नामांकन के लिए आवेदन करते समय 12वीं पास होना आवश्यक है। फर्नीचर डिजाइनिंग का कोर्स कराने वाले प्रमुख संस्थान इस प्रकार हैं- इंडियन प्लाइवुड इंडस्ट्रीज रिसर्च इंस्टीट्यूट, बेंगलुरु गवर्नमेंट पॉलीटेक्निक फॉर वूमन, चंडीगढ़, कलमकारी वोकेशन ओरिएंटेड वूमंस पॉलीटेक्निक, गांधीनगर, नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डिजाइनिंग, अहमदाबाद आदि।

- डॉ. जयंतीलाल भंडारी
(स्तंभकार देश के सीनियर कॅरियर काउंसलर हैं)

स्वामी "मध्यप्रदेश माध्यम" की ओर से प्रकाशक, मुद्रक पी. नरहरि, मध्यप्रदेश माध्यम 40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल, भोपाल-462011 (म.प्र.) से प्रकाशित एवं सांध्य प्रकाश लिमिटेड, एफ-14, गोविन्दपुरा, औद्योगिक क्षेत्र, भोपाल से मुद्रित। सम्पादक - पुष्पेन्द्र पाल सिंह।